राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

खबरों की बुलंद आवाज

# उज्जवल दुनिया

रांची, दिल्ली और यूपी से एक साथ प्रकाशित




**आज का दिन**

देश-दुनिया के इतिहास में 28 अप्रैल की तारीख तमाम अहम वजह से दर्ज है। इस तारीख को ही एक तानाशाह का जन्म हुआ था, जबकि दूसरे की मौत हुई थी। 28 अप्रैल 1937 को सद्दाम हुसैन का जन्म हुआ था और 28 अप्रैल, 1945 मुसोलिनी की हत्या हुई थी। इराक के तानाशाह राष्ट्रपति से एक समय अमेरिका खौफ खाता था। सद्दाम की छवि ऐसी थी कि कुछ लोगों के लिए वह मसीहा तो दुनिया की बड़ी आबादी के लिए वह बर्बर तानाशाह था। सद्दाम अपने दुश्मनों को कभी माफ नहीं करता था।


वर्ष, 09 | पृष्ठ 12 | अंक 297 | रांची, रविवार, 28 अप्रैल 2024 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwalduniyapress@ gmail.com







## लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने से नाराज

# रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी का कांग्रेस से इस्तीफा

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**रांची।** रांची लोकसभा सीट से टिकट नहीं मिलने से नाराज चल रहे पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने शनिवार को कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने शनिवार को रांची प्रेस क्लब में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में रांची लोकसभा सीट से टिकट नहीं दिए जाने पर नाराजगी जताई। साथ ही कहा कि वे झंडा लेकर समर्थन करने नहीं आए थे।



इसलिए पार्टी छोड़ने का निर्णय किया है। चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में शामिल कराने के लिए सभी प्रक्रिया पूरी की गयी थी। कांग्रेस की ओर बायोडाटा मांगा गया। इसके बाद झारखंड के प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने उन्हें कांग्रेस में शामिल कराया। गुलाम अहमद मीर ने कहा था कि राहुल गांधी का कहना है कि जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी। आप सभी मामलों में फिट बैठते हैं। आपको रांची लोकसभा सीट से टिकट दिया जाएगा। इसके बाद उम्मीदवार की घोषणा के लिए भी लंबा समय लिया। जब टिकट की घोषणा हुई तो वो सबके सामने है। चौधरी ने कहा कि पिछले पांच सालों में भाजपा का दरवाजा नहीं खटखटाया है। उन्होंने फिलहाल निर्दलीय या किसी अन्य पार्टी से चुनाव लड़ने से इनकार किया। साथ ही कहा कि करीबियों से विचार-विमर्श के बाद आगे की रणनीति तय करेंगे।

उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने उन्हें ऑफर दिया था। उस समय वह भी आईएनडीआईए में थे। रांची से सीट देने की भी बात भी कही थी। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जब भाजपा से जीता था तो पार्टी को केवल दिया। उससे कुछ लिया नहीं। उल्लेखनीय है कि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी 28 मार्च को कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए थे।

## गढ़वा में फंदे से लटकता मिला बीडीओ का शव

**पलामू।** गढ़वा जिले के विशुनपुरा के प्रखंड विकास पदाधिकारी हीरक मन्नान केरकेटा का शव शनिवार की दोपहर उनके आवास पर फंदे से झूलता मिला। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह से ही उनके आवास का दरवाजा बंद था। जब ब्लॉक स्टाफ दोपहर तीन बजे किसी कागजात पर उनसे हस्ताक्षर कराने गए तो दरवाजा बंद था। कर्मियों ने इसकी सूचना विशुनपुरा थाने को दी। पुलिस ने खिड़की से झांक कर देखा तो उनका शव रस्सी के फंदे से झूल रहा था।

## लोकसभा चुनाव के लिए राज्य के चार संसदीय क्षेत्रों में वोटर इनफार्मेशन स्लिप का वितरण शुरू : रवि कुमार

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि चौथे चरण के चुनाव के लिए लोहरदगा, खूंटी, पलामू और सिंहभूम लोकसभा क्षेत्रों में वोटर इनफार्मेशन स्लिप का वितरण शुरू हो चुका है। बीएलओ घर-घर जाकर यह कार्य कर रहे हैं। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी चाहें तो वह बीएलओ के साथ वोटर स्लिप वितरण देखने के लिए साथ जा सकते हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शनिवार को निर्वाचन सदन, रांची, धुर्वा में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कुमार ने बताया कि वोटर इनफार्मेशन स्लिप में मतदाता का नाम, बूथ संख्या और स्थान, मतदाता को मतदान के दौरान क्या करना है और क्या नहीं करना है तथा गूगल मैप के साथ बूथ का लोकेशन भी रहेगा। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग वोटर इनफार्मेशन स्लिप वितरण के दौरान यह भी सर्वे करेगा कि कितने लोगों के पास

**चौथे चरण के चुनाव के लिए वोटर इनफार्मेशन स्लिप का वितरण शुरू**




मतदाता पहचान पत्र नहीं है। मतदाता को मतदान के लिए इस स्लिप के साथ वोटर आइडी कार्ड ले जाना होगा। मतदाता पहचान पत्र नहीं रहने की स्थिति में आयोग द्वारा मान्य 12 तरह के पहचान पत्र मतदान के लिए ले जाना होगा। वोटर इनफार्मेशन स्लिप वितरण की निगरानी भी की जाएगी ताकि शत-प्रतिशत वोटर तक यह सुविधा पहुंचे। इसके लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारी भी संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में जाएंगे और सुनिश्चित करेंगे कि वोटर स्लिप का वितरण सुचारू ढंग से हो। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि पारदर्शी मतदान के लिए एएसडी (ऐबसेंट, शिफ्ट, डेथ) की भी सूची बनाई गई है ताकि अनुपस्थित, दूसरी जगह जा चुके या जिनका निधन हो चुका है, उनके नाम पर बोगस मतदान की आशंका नहीं रहे। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान बीएलओ भी मतदान केंद्र पर रहेंगे ताकि स्थानीय होने के कारण मतदाता की सही पहचान सुनिश्चित हो सके।

## हेमंत सोरेन को नहीं मिली अंतरिम जमानत



रांची। ईडी की अदालत ने शनिवार को जमीन घोटाला मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी। सोरेन ने चाचा के अंतिम संस्कार और क्रिया-कर्म में शामिल होने के लिए यह याचिका दाखिल की थी, जिस पर सुनवाई के बाद ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने अंतरिम जमानत नहीं दी। याचिका में उन्होंने कोर्ट से यह आग्रह किया था कि उन्हें चाचा के अंतिम संस्कार में शामिल होने की अनुमति दी जाये। इसके साथ उन्होंने कोर्ट से 13 दिनों की अंतरिम जमानत मांगी थी लेकिन अदालत ने सुनवाई के बाद उन्हें अंतरिम जमानत नहीं दी।

**राहुल गांधी की खूंटी और लोहरदगा में रैली तीन मई को**

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने राहुल गांधी की जनसभा स्थल का किया निरीक्षण

**रांची।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी तीन मई को खूंटी और लोहरदगा में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। राहुल गांधी की प्रस्तावित रैली को लेकर शनिवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने खूंटी और गुमला में जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही सभी कार्यकर्ताओं को होमवर्क में जुट जाने का निर्देश दिया। पत्रकारों से बातचीत में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड में लोकसभा चुनाव के लिए बेहतर माहौल तैयार किया



जा रहा है। रैली से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा। युवाओं, किसानों, महिलाओं और आदिवासियों के बीच राहुल गांधी की प्रस्तावित रैली को लेकर काफी उत्साह है। जनता को भरोसा है।

## उत्तराखंड में अग्नि का तांडव, कहीं राख है तो कहीं धुआं-धुआं, बेकाबू आग बुझाने में जुटी वायु सेना

**देहरादून।** गर्मी शुरू होते ही उत्तराखंड के जंगल धधकने लगे हैं। उत्तराखंड के जंगलों में फैली आग का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। अब तक लगभग 689.89 हेक्टेयर जंगल प्रभावित हो चुका है। वन विभाग व दमकल के प्रयास के बाद भी जंगल की बेकाबू आग पर काबू पाने के लिए अब वायु सेना को लगाया गया है। कुमाऊं से लेकर गढ़वाल तक आग ही आग है। आग से पहाड़ धुआं-धुआं हो रहे हैं। तेज हवाओं के कारण आग पर काबू पाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। जंगलों को आग से बचाने की तैयारी में जुटे वन विभाग की तैयारियां धरी की धरी रह गई है। पिछले 24 घंटों में गढ़वाल मंडल में कोई भी

**धरी रह गई वन विभाग की जंगलों को आग से बचाने की तैयारी, धधकते रहे जंगल और पहाड़**



घटना नहीं हुआ है। जबकि कुमाऊं में वनाग्नि की 26 तो वन्यजीव में पांच घटनाएं हुई हैं और 33.34 हेक्टेयर वन प्रभावित हुए हैं। आगजनी में 39 हजार 440 रुपये की आर्थिक क्षति के साथ दो लोग घायल हो गए हैं। कुमाऊं से लेकर गढ़वाल तक आग ही आग- अपर प्रमुख वन संरक्षक निशांत वर्मा की ओर से जारी रिपोर्ट के मुताबिक, एक नवंबर 2023 से अब तक जंगल में आग की 575 घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे 689.89 हेक्टेयर वन प्रभावित हो चुके हैं। गढ़वाल में 211 व कुमाऊं में 313 तो वन्यजीव में 51 घटनाएं अब तक हुई हैं।


सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता PR NO. 324145(Election)23-24 D

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड का कार्यालय,**
**निर्वाचन सदन, सेक्टर-2, धुर्वा, राँची-834004**
E-mail : ceocomputercell1@gmail.com

**आम सूचना**

'लोक सभा निर्वाचन-2024' के सफल संचालन के उद्देश्य से राज्यस्तरीय नियंत्रण कक्ष 24x7 कार्यरत है। चुनाव से संबंधित किसी भी शिकायत एवं जानकारी हेतु राज्य मुख्यालय, राँची में अवस्थित नियंत्रण कक्ष (Control Room) के टॉलफ्री नं॰ - **1800-331-1950** एवं Voter Helpline Number - **1950** पर आवश्यकतानुसार संपर्क किया जा सकता है।

**जिलास्तरीय नियंत्रण कक्ष**

| क्रम सं0 | जिला | | सम्पर्क दूरभाष |
|---|---|---|---|
| 1. | साहेबगंज | - | 06436-356485, 06436-222101 |
| 2. | पाकुड़ | - | 06435-222064, 9262216191 |
| 3. | दुमका | - | 06434-295042 |
| 4. | जामताड़ा | - | 06433-222004, 06433-222006, 06433-222007 |
| 5. | देवघर | - | 06432-275733, 1800-345-0733 |
| 6. | गोड्डा | - | 06422-222002 |
| 7. | कोडरमा | - | 06534-252219 |
| 8. | हजारीबाग | - | 06546-265233 |
| 9. | रामगढ़ | - | 06553-261417, 06553-261427 |
| 10. | चतरा | - | 06541-253219 |
| 11. | गिरिडीह | - | 06532-228829, 9693143157 |
| 12. | बोकारो | - | 06542-242402, 06542-221125 |
| 13. | धनबाद | - | 03262-222045 |
| 14. | पूर्वी सिंहभूम | - | 06572-440111, 0657-2221718, 0657-2221717 |
| 15. | सरायकेला खरसावां | - | 1800-345-6485, 1800-345-6484, 1800-345-6483 |
| 16. | पश्चिमी सिंहभूम | - | 06582-296128 |
| 17. | रांची | - | 8987790664, 9798300836 |
| 18. | खूंटी | - | 06528-221755, 9262998530 |
| 19. | गुमला | - | 06524-223686 |
| 20. | सिमडेगा | - | 06525-299908 |
| 21. | लोहरदगा | - | 06526-224014 |
| 22. | लातेहार | - | 06565-247981 |
| 23. | पलामू | - | 06562-230003, 06562-222295, 06562-230002 |
| 24. | गढ़वा | - | 06201-261084 |

आदर्श आचार संहिता/निर्वाचन व्यय संबंधी उल्लंघन की घटना तथा अन्य शिकायत एवं जानकारी हेतु उपरोक्त दूरभाष नम्बरों का भी आवश्यकतानुसार उपयोग किया जा सकता है।

बेहतर सुविधा और अधिक जानकारी के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मोबाइल एप्प को डाउनलोड करें

Voter Helpline | cVIGIL | Saksham-ECI | KYC-ECI

(के0 रवि कुमार)
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव।

# इस बार दिन भर मतदान

## रामगढ जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में चलाया गया सघन वाहन जांच अभियान



**रामगढ।** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त,रामगढ़ श्री चंदन कुमार के निर्देशानुसार शुक्रवार की रात्री को जिला परिवहन पदाधिकारी श्रीमती मनीषा वत्स के नेतृत्व में विभिन्न चौक चौराहे पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया।जांच के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा माल वाहक वाहनों व अन्य वाहनों का आर0सी0 बुक, फिटनेस, प्रदूषण एवं ड्राइविंग लाइसेंस, ओवरलोडिंग, आदि के साथ साथ वाहनों पर लगाए जाने वाले रिफ्लेक्टिव टेप की भी जांच की गई।वहीं जांच के दौरान कुल 11 वाहनों के कागजात अधूरे पाए गए उन सभी वाहनों के वाहन चालकों से नियम संगत जुर्माना की वसूली की गई जिसमे कुल 254000 रुपया जुर्माना वसूल किया गया।मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी रामगढ़ श्रीमती मनीषा वत्स ने सभी वाहन चालकों से अपील किया की सभी वाहन चालक अपने-अपने वाहन के पीछे रिफ्लेक्टिंग टैप का प्रयोग जरूर करें ताकि आए दिन हो रही दुर्घटनाओं की संभावनाओं को काम किया जा सके।मौके पर मुख्य रूप से जांच के दौरान श्री विक्की आनंद, पुलिस बल के जवान सहित अन्य उपस्थित थे।..

# उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामगढ द्वारा 2 कुख्यात अपराधियों को किया गया जिला बदर

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रामगढ।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामगढ़ श्री चंदन कुमार के न्यायालय द्वारा झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 के तहत विधि व्यवस्था व लोक शांति बनाए रखने तथा अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कुख्यात अपराधी प्रदीप पासवान (भुरकुंडा, पतरातू) एवं कुख्यात अपराधी दीपक धोबी उर्फ दीपक रजक( जयनगर, पतरातू ) के विरुद्ध निम्न आदेश जारी किए गए हैं। दोनो अभियुक्तों को 3 महीने अथवा आदर्श आचार संहिता की अवधि समाप्त होने तक जो भी पहले हो को रामगढ़ जिला क्षेत्राधिकार से निष्कासित (जिला बदर) किया




गया है। अभियुक्तों को आदेश पारित होने के 24 घंटे के अंदर जिले की सीमा को छोड़ना होगा एवं अगले छह माह तक जिले की सीमा में बगैर लिखित पूर्वानुमति के प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी।दोनो अभियुक्तों को 3 महीने अथवा आदर्श आचार संहिता की अवधि समाप्त होने तक जो भी पहले हो को रामगढ़ जिला क्षेत्राधिकार से निष्कासित (जिला बदर) किया गया है। यदि कोई अनुज्ञप्ति लाइसेंस आधारित शस्त्र है तो अविलंब उसे स्थानीय थाने में जमा कराएंगे एवं इस अवधि में किसी भी स्थिति में शस्त्रधारित नहीं करेंगे।उक्त सभी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू है एवं आदेश की अवमानना अथवा उलंघन झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 की धारा 25 तथा भारतीय दंड संहिता, इत्यादि के अन्य सुसंगत धाराओं के अंतर्गत दंडनीय होगा।.

## सौंदा डी पंचायत के उच्च विद्यालय में मतदाता जागरूकता को लेकर बैठक का आयोजन




उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ)।** सरकारी दिशा-निर्देशानुसार सौंदा डी पंचायत अंतर्गत उच्च विद्यालय में मतदाता जागरूकता को लेकर शनिवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बुथ संख्या 300, 301, 302, 303, 304 में बीएलओ ने सरकारी दिशा-निर्देश से समिति को अवगत कराया। बताया गया कि सौंदा डी में 4871 मतदाता हैं। मध्य विद्यालय में 3 बूथ एवं उच्च बिधालय में 2 बूथ होंगे। मौके पर मुखिया उपेंद्र शर्मा ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए 18 प्लस के सभी मतदाताओ को अपना मतदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने पहले मतदान फिर जलपान का नारा बुलंद करते हुए कहा कि खुद तो मतदान करें ही इसके लिए दूसरे को भी प्रेरित करें। ताकि अधिक से अधिक मतदान हो सके।.

## सिमडेगा की टीम ने पाकुड को 57 रन से किया पराजित

**रामगढ।** झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर- 16 का आज ग्राउंड 1. में छावनी क्रिकेट ग्राउंड में सिमडेगा बनाम पाकुड़ के बीच क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया पाकुड़ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया,

सिमडेगा पहले बल्लेबाज़ी करते हुए निर्धारित 50-50 ओवर के मैच में 41.3 ओवर मे 196 /10 विकेट खोकर रन बनाया। जिसमें अधर्व कुमार के 62 रन एवं अंकित राज 34 रन, एवम फैजान खान 22 रन किया। पाकुड़ की ओर से गेंदबाज जफर अहमद 7.3 ओवर में 44/5 विकेट एवं जय रजक 10 ओवर में 49/2 विकेट, सुमीत सिंह 10 ओवर 30/2 विकेट मिला,। लक्ष्य की पीछा करने उतरी पाकुड़ ने 43.2 ओवर में 139/10 बनाकर ऑल आउट हो गया उनके मुख्य बल्लेबाज अर्जुन गोश्वामी 37 रन दिबांकर कुमार 28 रन, चिंटू सिंह 22 रन जय रजक 16 रन ही बना पाए और आज के क्वार्टर फाइनल विजेता बना सिमडेगा 57 रन से आज की मैच का विजेता बना। सिमडेगा की ओर से गेंदबाज फैजान खान 6.2 ओवर 12/4 दर्श जुरेल 9 ओवर में 22/2 विकेट, सूर्योत्तम कुमार 3 ओवर 9/2 विकेट अपने खाते मै डाले, सिमडेगा 57 रन से जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। मैच के अंपायर उमेश पाठक तथा अजित कुमार थे जबकि स्कोरिंग दीपक कुमार ने किया । मैच ऑब्जर्बर सुब्रोतो घोष तथा रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र साहू सचिव अरुण कुमार राय, कोषाध्यक्ष सूरज प्रसाद ,सयुक्त सचिव वीरेंद्र प्रसाद पासवान, रोहित कुमार एवम सहसचिव उपेंद्र प्रसाद सिंह, पवन कुमार साहु महेंद्र राणा उपस्थि थे, ।

## खुद तो मतदान करें ही दूसरें को भी करे प्रेरित : डॉ. महेन्द्र पांडेय




**भुरकुंडा (रामगढ)।** रिभर साईड भुरकुंडा स्थित जुबिली कॉलेज में भारत सरकार के सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) के तहत शनिवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओ को लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ. महेन्द्र पांडेय ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए 18 प्लस के सभी मतदाताओ को अपना मतदान अवश्य करना चाहिए। यह हमारा अधिकार और कर्तव्य दोनो है। उन्होंने पहले मतदान फिर जलपान का नारा बुलंद करते हुए कहा कि खुद तो मतदान करें ही इसके लिए दूसरे को भी प्रेरित करें।

ताकि अधिक से अधिक मतदान हो सके। मौके पर डॉ. अरूण कुमार सिंह झा, प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा, प्रो. मनोज कुमार, डॉ. बी रविदास सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद थें।..

## कार और बाइक की सीधी टक्कर में बाइक सवार की मौत



**गुमला** - गुमला ( टोटो ) सदर थाना स्थित दसई टोली निवासी चन्द्र कच्छप अपने निजी कार्य से टोटो ग्राम आया हुआ था ,इसी क्रम में छोटा लोरो ग्राम,टोटो पेट्रोल पंप के समक्ष एक खड़े ट्रक के बगल से निकलते वक्त एक कार और बाइक में सीधी और जोरदार टक्कर होने से फलस्वरूप बाइक चालक चंद्र कच्छप के शरीर में अंदरुनी और शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोट लगने के कारण , बाइक चालक को गंभीर स्थिति में और कार चालक लोहरदगा निवासी रामाशीष शर्मा को इलाज के लिये, गुमला सदर थाना पुलिस ने , गुमला सदर अस्पताल पहुंचाया गया , जहां इलाज के क्रम में शादीशुदा एक 4 वर्षीय बच्चे के पिता चंद्र कच्छप की मौत हो गयी, परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है , वहीं कार चालक को प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया और बाद गुमला सदर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें उक्त शव को, पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया और पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं, पुलिस मामले की छानबीन में जुटी।..

# अधिवक्ता परिषद् की गुमला जिला इकाई का पुनर्गठन

**गुमला।** आज दिनांक 27 अप्रैल 2027 को अधिवक्ता परिषद् , झारखण्ड की गुमला जिला इकाई के पुनर्गठन की घोषणा, प्रदेश अध्यक्ष श्री राजेन्द्र कुमार मिश्र ने सत्र 2024 - 2027 के लिए निम्नवत् किया ।

1) संरक्षक :- सर्वश्री अशोक कुमार पाण्डेय मुकुल व सुधीर कुमार पाण्डेय. 2) अध्यक्ष :- श्री शशिरंजन अखौरी,3) उपाध्यक्ष :- सर्वश्री विष्णु मिस्त्री व हेमन्त कुमार राय ,4) महासचिव :- श्री दिनेश महतो,5) सचिव :- सर्वश्री आदित्य कुमार , अखौरी आकाश रंजन व अमिताभ पंकज .,6) कोषाध्यक्ष :- श्री राकेश किरण राजू,7) न्यायप्रवाह प्रमुख :- श्री कौशिक राम ,8) न्यायकेन्द्र प्रमुख :- श्री प्रकाश चन्द्र गोप ,9) कार्यसमिति सदस्य :- सर्वश्री सच्चिदानंद गोप ,संदीप




स्वरूप,मुकेश कुमार पाठक ,दिलीप कुमार पाण्डेय,शैलेन्द्र कुमार,सुरेन्द्र ओहदार,अजय साहू,परमेश्वर साहू व राजनारायण नाग । प्रदेश अध्यक्ष ने गुमला - लोहरदगा - सिमडेगा जिलों के समन्वयक के लिए श्री बलदेव प्रसाद शर्मा के नाम की भी घोषणा की । सम्मेलन में परिषद के प्रदेश अध्यक्ष सह क्षेत्रीय संगठन आयाम प्रभारी श्री राजेन्द्र कुमार मिश्र ने परिषद् की स्थापना से संबंधित विस्तृत जानकारी देते हुए इसके उद्देश्यों पर सविस्तार प्रकाश डालते हुए न्यायकेन्द्र व न्याय शिविर लगाने की बातें बताई साथ ही परिषद् के कार्यकलापों का वर्णन किया ।

उपस्थित लोगों से वर्तमान में होने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने का आह्वान करते हुए जन जागरण हेतु घर - घर जाकर सम्पर्क करने के कार्य को अपना कर्तव्य बताया और नोटा के प्रयोग से दूर रहने की बातें भी कहीं । इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य सह प्रान्तीय संगठन आयाम टोली के सदस्य श्री हराधन प्रमाणिक व लीना मुखर्जी ने भी संगठन की उपलब्धियों पर अपने अपने विचार ब्यक्त किए । इस जिला सम्मेलन का संचालन श्री बलदेव प्रसाद शर्मा ने व अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष श्री सुधीर कुमार पाण्डेय ने की ।

**प्रारम्भ में विगत सत्र का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया ।**

सम्मेलन में उपस्थित अन्य प्रमुख अधिवक्ताओं में सर्वश्री राकेश किरण , सुरेश प्रसाद श्रीवास्तव ,लखन सिंह, धनेश साहू,,विष्णु मिस्त्री राणा रविकांत,जगदीश प्रसाद,भूपति प्रसाद प्रजापति,बलदेव प्रसाद शर्मा , राधेश्याम साहू, मुकेश कुमार साहू,विनोद नाथ तिवारी व अशोक कुमार पाण्डेय राजनारायण नाग , शशिरंजन अखौरी, संदीप स्वरूप, परमेश्वर साहु, कौशिक राम, ।

# फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष किशोर मंत्री एवं टीम का गुमला आगमन

**गुमला :** चेम्बर ऑफ कॉमर्स, गुमला के नये कार्यालय का उदघाटन बस स्टैंड रोड स्थित सिद्धि विनायक होटल में फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष किशोर मंत्री जी, गुमला चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दामोदर कसेरा जी एवं छेत्रीय उपाध्यक्ष अमित माहेश्वरी जी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

उद्घघाटन के पश्चात गुमला चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दामोदर कसेरा की अध्यक्षता में फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चेम्बर ऑ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं गुमला चेम्बर ऑ कॉमर्स की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में के अध्यक्ष किशोर मंत्री जी का गुमला चेम्बर के अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने गुमला की धरती पर पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत और अभिनन्दन किया। पूर्व अध्यक्ष मनोज नरेडी जी का स्वागत छेत्रीय उपाध्यक्ष अमित माहेश्वरी ने किया एवं की पूरी टीम का स्वागत गुमला चेम्बर के पदाधिकारियों ने एकल पुष्प देकर किया। स्वागत भाषण में गुमला चेम्बर अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने सभी का स्वागत करते हुए कहा की आज बहुत ही सौभाग्य की बात है की गुमला के धरती पुत्र व्यापार के छेत्र में यहाँ से निकल कर झारखण्ड की राजधानी राँची में अपना परचम लहराते हुए फेडरेशन ऑ झारखण्ड चेम्बर ऑ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का दो बार अध्यक्ष बने। यह हम सभी गुमला के व्यापारियों के लिए गर्व की बात है। इनके नेतृत्व में झारखण्ड चेम्बर व्यापारी के हित में अच्छे काम कर रही है। और आशा करते है की इसका लाभ झारखण्ड




के सभी छोटे बडे व्यापारियों को मिलेगा।

छेत्रीय उपाध्यक्ष अमित माहेश्वरी ने कहा गुमला शहर के बीचो बीच गुमला चेम्बर का कार्यालय खोला गया है, जिसमें गुमला के सभी व्यापारी बंधु अपनी समस्याओ को लेकर कार्यालय में आ सकते है, समस्या के निदान का पुरा प्रयास किया जायेगा। और व्यापारी एकता मजबूत होगी।

सचिव बबलू वर्मा ने कहा गुमला चेम्बर पर शहर के व्यापारीयों का विश्वास बडा है। हमारा प्रयास रहा है की गुमला के व्यापारी और शहरवाशी को कोई समस्या हो तो तुरंत उसका समाधान कराया जाये।

के अध्यक्ष किशोर मंत्री जी ने अपने शंबोधन में कहा की गुमला के इस संयुक्त बैठक में काफी सुखद अनुभूति हो रही है की गुमला चेम्बर आज छोटे से पौधे के रूप में जिसका निर्माण हुआ था वह आज वट वृछ का रूप ले ली है और इस मुकाम पर है। जिस तरह आज से चौसठ (64) वर्ष पूर्व फेडरेशन ऑ झारखण्ड चेम्बर ऑ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का गठन हुआ था। ठीक उसी तरह सन 1994 में गुमला चेम्बर ऑ कॉमर्स का गठन हुआ था। आज 30 वर्ष पुरे हो गये। यह गुमला के व्यापारियों के लिए ब?ी उपलब्धि है। गुमला चेम्बर के द्वारा गुमला में रेलवे रिजर्वेशन काउंटर खोलने की मांग की गयी थी। जिस पर हमने राँची के डीआरएम से इस विषय पर प्रमुखता से बातों को रखते हुए मांग किया, जिसपर उन्होने सकारात्मक पहल करते हुए कहा की दो महीनों के अंदर गुमला में रिजर्वेशन काउंटर हेतु टेंडर किया जायेगा, और गुमला की जनता को इसका लाभ मिलेगा। गुमला चेम्बर के द्वारा इस प्रचंड गर्मी में बिजली की समस्याओ को लेकर कुछ मांगे रखी गयी थी, जिसपर हमने राँची मे उच्च अधिकारियो से इस पर सार्थक पहल करने की बात हुई है। कृषि से संबंधित मुद्दे पर बंदी करते हुए सरकार तक अपनी बातों को रखा। इसपर झारखण्ड सरकार ने रोक लगायी। हमने सरकार को अवगत कराया की अभी हमारी ह?ताल खतम नहीं हुई है, इसे हमने स्थगित किया है, अगर जरुरत प?ी तो हम सभी पुरे झारखण्ड में चक्का जाम कर देंगे।

## एक-नजर

### मतदाता जागरूकता अभियान के निमित्त बूथ अवेयरनेस कि बैठक संपन्न

**भुरकुंडा।** रिवर साइड बुध बाजार दोतल्ला पंचायत के राजकीय कन्या मध्य विद्यालय में मतदान केंद्र संख्या 373, 374,375, 376, 377 एवं 378 का मतदाता जागरूकता अभियान 2024 के निमित्त बूथ अवेयरनेस ग्रुप की चौथी बैठक स्थानीय मुखिया श्रीमती सत्यवंती देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी 20 मई को होने वाली आम चुनाव में 18 वर्ष सहित सभी मतदाता को शत प्रतिशत मतदान कराने हेतु विचार विमर्श कर रूप रेखा तैयार की गई। बैठक में मतदाता के घर-घर जाकर मतदान करने हेतु प्रेरित करने के साथ-साथ ही मतदान केंद्रों पर मतदाता के लिए पेयजल,शौचालय ,व्हीलचेयर सहित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने का सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से बी एल ओ किरण सिंह, रंजू सिंह, प्रेमी सलोमि तिर्की, एलिजाबेथ डोडराय,सोफिया कुजूर, रानी शर्मा, पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो, प्रधानाध्यापक रवीश कुमार, शिक्षिका अनीता तिवारी, सीमा देवी,रेखा देवी, सईदा खातून,एवं तिलोत्मा तिवारी, शकुंतला देवी, राजो देवी सहित दर्जनो गैर राजनीतिक दल के लोग उपस्थित थे।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सिरका में दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह आयोजित

**गिद्दी।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान के द्वारा दादा-दादी, नाना नानी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में अरगड्डा एरिया के विभिन्न क्षेत्रों से भैया बहनों के दादा-दादी, नाना नानी शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप में टोगी पंचायत की मुखिया रिंकी देवी, विद्यालय प्रबंधन कार्यकारणी के सचिव एवं कोषाध्यक्ष भी उपस्थित हुए। मुखिया रिंकी देवी एवं विद्यालय के सचिव सतीश श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरुआत की। वक्ताओ ने भारतीय संस्कृति को बचाए रखने पर प्रकाश डाला गया, विद्यालय की शिक्षिका सीमा सिंह ने बच्चों के द्वारा नाटक प्रस्तुत, गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया। अतिथियों का परिचय एवं भूमिका प्राचार्य शंभू कुमार सिंह के द्वारा विस्तार से बताया गया। कुंजलाल जी द्वारा दादा दादी, नाना नानी कार्यक्रम पर प्रकाश डाला गया, प्रभारी प्राचार्य विनोद कुमार श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद दिया। अवसर पर दादा दादी, नाना नानी, आचार्यविंद एवं विद्यालय कर्मचारी उपस्थित थे।.

### रिवर साइड फल दुकान में लगी आग, दुकान सहित हजारों रुपए के फल जलकर राख

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिवर साइड मेन रोड गुरुद्वारा के समीप बीती रात्रि लगभग साढ़े ग्यारह बजे असामाजिक तत्वों ने झोपड़ीनुमा फल दुकान में आग लगा दी। जिससे दुकान सहित दुकान में रखे हजारों रुपए लागत के फल जलकर खाक हो गया। दुकान में आग लगाए जाने को लेकर दुकान के संचालक मो. इबरार ने भुरकुंडा ओपी में आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। भुक्तभोगी ने बताया कि वह रोज दुकान में सोता था शुक्रवार की रात भी लगभग 11 बजे वह दुकान बंद कर अपने घर खाना खाने चला गया। लगभग साढ़े ग्यारह बजे दुकान के आसपास के लोगों ने फोन करके दुकान में आग लगने की जानकारी दी। दुकान पहुंचने पर देखा कि पूरा दुकान आग की लपटों में घिरी हुई है। इसके बाद घटना की सूचना भुरकुंडा पुलिस और दमकल विभाग को दिया गया। सूचना के बाद दमकल की टीम पहुंची और आग पर काबू पाया गया।

मो. इबरार ने बताया कि दुकान जलकर पूरी तरह से नष्ट हो गया है। जिससे लगभग ढाई से तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ है। उसने बताया कि लगभग दो वर्ष पहले भी दुकान में अज्ञात लोगों ने आग लगाई थी। इधर पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

### चुन्दरी गांव में सरहुल पूर्व संध्या महोत्सव का हुआ आयोजन, सीआरपीएफ डीआईजी हुए शामिल

**घाघरा** प्रखंड के चुंदरी गांव में सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को शाम चार बजे किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीआरपीएफ डीआईजी रविंद्र भगत,प्रोफेसर अवध मनी पाठक शामिल हुए।वही चुंदरी पंचायत के कई गांव से आए खोड़हा दल द्वारा नृत्य गीत प्रस्तुत किए गए।वही बच्चियों द्वारा गीत नृत्य किया गया।

मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सीआरपीएफ डीआईजी रविंद्र भगत ने कहा कि सरहुल पर्व प्राकृतिक पर्व है। हमें अपने संस्कृति सभ्यता और परंपरा को संजोय के रखने की जरूरत है। पूर्वजों के धरोहर को आगे बढ़ाने की जरूरत है। आज के परिवेश में युवाओं का भटकाव नशापन किया और हो रहा है उससे बचने की जरूरत है। प्रोफेसर अवध मनी पाठक ने कहा कि प्राकृतिक पर्व सरहुल हमें प्राकृतिक के जल जंगल जमीन जीव जंतु से प्यार करना सिखाता है।हमें सबका संरक्षण करने की जरूरत है। इसके पूर्व अतिथियों को अंग वस्त्र और बैच बनाकर स्वागत किया गया। वही गांव से आए सभी खुदा दलों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों में पूर्व प्रमुख कृष्ण कुमार लोहरा, मुखिया विनीता कुमारी,अंगनि उराव, पूर्व मुखिया आदित्य भगत, उपमुखिया अजीत मनी पाठक,सुरेंद्र साहू,राम कुमार भगत,झरी उरांव, दिलबहार अंसारी,शहजाद खान,संजय ठाकुर,सौरव भगत,संदीप जयसवाल,कैलाश महतो,मुनेश्वर उरांव,सुरेंद्र यादव,अनुज महतो, संजेश उरांव, इलाही राय सहित कई लोग उपस्थित थे।

### घाघरा बीडीओ ने प्रखंड के कई मतदान केंद्रो का किया निरीक्षण, दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश

**घाघरा** बीडीओ दिनेश कुमार ने प्रखंड के कई मतदान केन्द्रों का शनिवार को दिन निरीक्षण किया। इस क्रम में बीडीओ दिनेश कुमार ने महुगांव, इचा, बुरजू, हपामुनी, सांसों,सरजामा,कोटामाटी,लेहा,माइल, जमगाई, लफसर, रन्हे विद्यालयों में बने मतदान केंद्र का निरीक्षण किया।

वहीं उपस्थित शिक्षकों से मूलभूत सुविधा पेयजल शौचालय बिजली फर्नीचर से संबंधित जानकारी ली। वही कई आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित कर्मी और शिक्षकों को दिया। उसके साथ ही मूलभूत सुविधाओं को बेहतर रखना का निर्देश भी दिया। ताकि मतदान कर्मियों और मतदाताओं को किसी भी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही दिव्यांग मतदाताओं और बुजुर्ग मतदाताओं को मतदाता बूथ केंद्र में मिलने वाली सुविधा की जानकारी ली।

इसके साथी मतदाताओं को मिलने वाली पर्ची वितरण से संबंधित भी जानकारी लिया।मौके पर कनीय अभियंता सतीश कुमार बंसल, शिक्षक विजय कुमार साहू, सहित कई लोग उपस्थित थे।

### घाघरा पुलिस ने गुटवा ग्राम में एक बुजुर्ग व्यक्ति का तालाब रूपी जलजमाव से किया शव बरामद

**घाघरा** पुलिस ने गुटवा गांव में गुटवा ग्राम निवासी बुजुर्ग शिवलाल पहान का शव तालाब रूपी जलजमाव स्थल से बरामद कर घाघरा थाना लाया। वही पुलिस शव को पोस्टमार्टम हेतु शनिवार को दिन के 9:00 गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। इस संबंध में मृतक की पत्नी कौशल्या देवी ने बताया कि उसके पति शिवलाल पहान विगत बुधवार को रात 8:00 बजे शौचालय करने की बात कह कर घर से निकला था।

इसके बाद वह घर नहीं लौटा।गांव के अगल-बगल में शादी का प्रयोजन था ।जहां लगा कि वह चला गया होगा। लेकिन उसके दूसरे दिन भी नहीं लौटने पर काफी खोजबीन की गई। फिर भी उसका कोई पता नहीं चल सका। वही शुक्रवार की शाम 6:30 बजे गांव स्थित पत्थर फोड़ कर बने तालाब रूपी जलजमाव में एक व्यक्ति का शव की सूचना मिली। जिसके बाद उक्त स्थल जाने के बाद देखा तो उसकी पहचान शिवलाल पहान के रूप में हुई। जिसके बाद इसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा घाघरा थाना को दी गई।वही पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# बाबूलाल मरांडी ने समीर उरांव को भारी बहुमत से विजय बनाने की अपील की



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को मांडर स्थित सोसई आश्रम में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 10 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के विकास के लिए काम कर रहे हैं। मोदी ने सभी वर्गों के लिए काम किया है। किसी भी वर्ग को नहीं छोड़ा। सबके विकास के लिए काम किया। प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं, सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास। यह सिर्फ नारा नहीं है। उन्होंने ऐसा करके दिखाया है।

मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री का मकसद भारत को विकसित और समृद्ध भारत बनाना है। जब वह विकसित और समृद्ध भारत की बात करते हैं तो सभी लोगों को न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध करने की बात करते हैं। प्रधानमंत्री बनते ही उन्होंने इस दिशा में काम शुरू किया। पहले लोगों के लिए घरों में शौचालय उपलब्ध कराया। गैस कनेक्शन की सुविधा दी। घर-घर में बिजली पहुंचाई। अब लोगों को 5 किलो मुफ्त अनाज दिया जा रहा है।

मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गरीबों को आवास भी उपलब्ध कराया। पिछले 10 वर्षों में देश में चार करोड़ से अधिक प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराए गए। प्रधानमंत्री ने कहा है कि तीसरी बार पीएम बनने पर वे तीन करोड़ से अधिक प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराएंगे। प्रधानमंत्री मोदी किसानों के खाते में भी सालाना 6000 भेज रहे हैं। प्रधानमंत्री कहते हैं कि हर घर में नल से जल पहुंचे। झारखंड की इंडी गठबंधन की सरकार ने इस योजना को भी भ्रष्टाचार में खत्म कर दिया है।

मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री लोगों के घर की चिंता करते हैं। उनकी इज्जत की चिंता करते हैं। उनकी भोजन की चिंता करते हैं। उनके पीने के पानी की चिंता करती हैं। गांव-गांव में सड़क और पुल पुलिया बनाने का काम कर रहे हैं। इस बार के चुनाव में जो हमारी चिंता करते हैं, हमें उनकी चिंता करनी चाहिए और 24 में फिर से नरेन्द्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाना है।

मरांडी ने कहा कि झारखंड में झामुमो, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल की सरकार है। ये सभी दल झारखंड विरोधी हैं। विकास विरोधी हैं। देश आजाद होने के बाद से ही झारखंड अलग राज्य की लड़ाई चल रही थी। यदि कांग्रेस चाहती तो बहुत पहले झारखंड अलग राज्य बन गया होता है। झारखंड अलग राज्य बना है तो यह एनडीए की देन है। अटल बिहारी वाजपेयी के सत्ता में आने के बाद झारखंड अलग राज्य बना।मरांडी ने कहा कि कांग्रेस के राज में झारखंड के सबसे अधिक लोग विस्थापित हुए। कांग्रेस के कार्यकाल में झारखंड में बड़े-बड़े कल कारखाने लगे। बड़ी-बड़ी खदान खुली। इसके कारण लोग भी विस्थापित हुए। इसका जवाब कांग्रेस को देना चाहिए। मोदी सरकार के दस साल के कार्यकाल में कितने लोग विस्थापित हुए, यह सबको पता है। आज देश में जिनकी राजनीतिक दुकान बंद हो रही हैं, वे लोग दुष्प्रचार कर रहे हैं। इसका जवाब 13 मई को कमल छाप पर बटन दबाकर देना है। समीर उरांव को भारी बहुमत से विजय बनाना है।

## बूथ लेवल एजेंट की सूची जल्द से जल्द उपलब्ध करायें राजनीतिक दलः जिला निवार्ची पदाधिकारी



**खूंटी,।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार को निर्वाचन व्यय से संबंधित दर निर्धारण के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाजार से प्राप्त कोटेशन, होटल बिल, टेंट का बिल, प्रचार सामग्री, न्यूनतम मजदूरी दर आदि के आधार पर विभिन्न आइटम्स का दर निर्धारण से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बूथ लेवल एजेंट की सूची जल्द से जल्द उपलब्ध कराने के निर्देश दिया।

उन्होंने बताया कि मतदाता सूचना पर्ची (वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप) का वितरण नाम निर्देशन की अंतिम तिथि से प्रारंभ किया जाना है तथा मतदान की तिथि से कम से कम पांच दिन पूर्व वितरण का कार्य संपन्न किया जाना है। उन्होंने बताया कि बीएलओ के माध्यम से वितरण के लिए तैयार किये गये शेड्यूल की प्रति राजनीतिक दलों, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट निर्वाचन लड़नेवाले अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही मतदाता सूचना पर्ची के वितरण के पश्चात बीएलओ द्वारा एएसडी लिस्ट, अनुपस्थित स्थानांतरित और मृत सूची अल्फाबेटिकली तैयार की जाएगी।

## बूथों पर स्वच्छ शौचालय और पेयजल पर विशेष ध्यान दें अधिकारीः दोरजे चेरिंग नेगी




**खूंटी।** सामान्य प्रेक्षक दोरजे चेरिंग नेगी (भाप्रसे) की अध्यक्षता में शनिवार को प्रखंड सभागार कर्रा में लोकसभा आम चुनाव, 2024 को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। नेगी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी, कर्रा एवं सेक्टर पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधा उपलब्ध कराने की पूर्ण समीक्षा कर लें। समीक्षा के क्रम में क्लस्टर प्रभारी एवं स्ट्रांग रूम प्रभारी के कार्यों को लेकर भी उन्होंने निर्देश दिए।

साथ ही क्लस्टर मानचित्र और अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा सभी क्षेत्रों के लिए चिकित्सा व्यवस्था की जानकारी प्रेक्षक ने ली। सामान्य प्रेक्षक द्वारा कर्रा प्रखंड के बूथ संख्या 59, 60, $2 उच्च विद्यालय कर्रा, बूथ संख्या 28, उत्क्रमित उच्च विद्यालय तिलमी एवं बूथ संख्या 39 राजकीय मध्य विद्यालय डहकेला, बूथ संख्या 8, 9, 10, राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय जरियागढ़ के महिला बूथ का निरीक्षण किया गया। मतदाता जागरूकता समूह की बैठक करने, मतदान केन्द्रों पर स्वच्छ शौचालय एवं पेयजल पर विशेष ध्यान देने का निर्देश उन्होंने दिया।

प्रेक्षक ने आपसी समन्वय से कार्य योजना तैयार कर समयबद्धता के साथ निर्वाचन कार्य सुनिश्चित कराने को कहा। लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण, स्वच्छ, निष्पक्ष और भयमुक्त संपन्न कराने के लिए सभी अधिकारी और कर्मचारी सक्रियता और सजगता से कार्य करें।

## द्रोणाचार्य स्कूल लीगह्ल का फाइनल मैच में ऑक्सब्रिज स्कूल की शानदार जीत के साथ समापन समारोह संपन्न



**रांची।**एच.ई.सी. टाउनशिप, सेक्टर -2 , धुर्वा राँची स्थित कैरलि स्कूल में चल रहे ह्यद्रोणाचार्य स्कूल लीगह्ल का फाइनल मैच के साथ समापन समारोह आज दिनांक 27 अप्रैल को संपन्न हुओ समापन समारोह के आरम्भ में कैरलि स्कूल के प्राचार्य श्री राजेश पिल्लई ने समारोह में उपस्थित सभी खिलाड़ियों, विभिन्न स्कूल के शिक्षकों,प्राचार्यों एवं दर्शक दीर्घा का हार्दिक अभिनन्दन कियो विद्यालय क्वायर ने अभिनन्दन गीत की प्रस्तुति की इसके साथ ही फाइनल मैच डी.पी.एस.,रांची एवं ऑक्सब्रिज स्कूल, मान्डर के बीच हुओ टॉस डी.पी.एस.,रांची ने जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लियो ऑक्सब्रिज स्कूल,मान्डर को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित कियो ऑक्सब्रिज स्कूल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर में 180 रनों का स्कोर किया एवं डी.पी.एस. को जीत के लिए 181 रनों का लक्ष्य दियो इस रोमांचक मैच में डी.पी.एस. ने 16 ओवर में 172 रन ही स्कोर कर मैच को गँवा दिया और ऑक्सब्रिज स्कूल ने अंतिम ओवर में 8 रनों से फाइनल मैच जीत लियो इसके उपरान्त विद्यालय के बच्चों ने शानदार विजय नृत्य प्रस्तुत कियो

मलयाली एसोसिएशन, रांची के प्रेसिडेंट श्री एस.एच.नाथन ने रनर टीम डी.पी.एस. को एवं विनर टीम चैम्पियनशिप ट्रॉफी ऑक्सब्रिज स्कूल को प्रदान कियो मैन ऑफ द मैच का खिताब शिक्षक खिलाड़ी श्री हिन्दुस्तान को मिलो विद्यालय प्रबंधन समिति के महासचिव श्री प्रदीप कुमार उन्नीथान ने ह्यमैन ऑफ द सीरीजह्ल का खिताब टीम ऑक्सब्रिज स्कूल के मो. सैफ को प्रदान कियो मलयाली एसोसिएशन, रांची के सदस्यों ने सम्मिलित रूप से सभी खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया जिसमें प्रमुख रूप से श्री के.जी.सजीव, जी.एस.पिल्लई, सुनील कुमार, अनु पी.जॉन, विद्यालय प्रबंधन समिति के श्री एम.एम.थॉमस थे विद्यालय प्राचार्य श्री राजेश पिल्लई ने सभी अम्पायरों को स्मृति चिह्न प्रदान कियो उपप्राचार्या श्रीमती सुजा पिल्लई एवं श्रीमती के. आर. स्मृति ने दोनों कमेंट्रेटर श्रीमती शिवा सक्सेना एवं श्री प्रणव आनंद को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित कियो अंत में श्री एस.एच.नाथन ने ह्यद्रोणाचार्य स्कूल लीगह्ल के समापन की घोषणा की कार्यक्रम में डी.ए.वी. कपिलदेव के प्राचार्य श्री एम.के. सिन्हा, ऑक्सब्रिज स्कूल के निदेशक तौफीक आलम एवं प्राचार्या श्रीमती इवेंजेलिन एक्का,जे.वी.श्यामली के प्राचार्य श्री समरजीत जेना एवं अन्य विद्यालयों के प्राचार्य और शिक्षक सहित विद्यार्थिगण उपस्थित थे

### रांची एसएसपी ने जारी किया वीडियो संदेश, युवाओं से नशे के जाल से बचने की अपील की

**रांची, ।** नशे के जाल से युवाओं को बचाने में समुदाय के सहयोग को रेखांकित करते हुए और समाज की सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए उन्हें प्रेरित करते हुए एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शनिवार को एक वीडियो संदेश रिलीज किया है। वीडियो के माध्यम से उन्होंने नशे के विरुद्ध युद्ध में समाज को सजग भूमिका निभाने और जड़ से इस समस्या का समाधान करने के लिए प्रेरित करते हुए तकनीक का उपयोग करने का अनुरोध किया है।




एसएसपी ने व्हाट्सएप के माध्यम इस तरह की गतिविधियों की सूचना रांची पुलिस को व्हाट्सएप नंबर 9153886238 पर देने की अपील की। इसके साथ बताया कि यदि किसी को ऐसी गतिविधियों के अड्डे या स्थान का पता है तो उस स्थान पर जाकर उसका करेंट लोकेशन उपरोक्त नंबर पर भेज कर पुलिस की मदद कर सकते हैं। एसएसपी ने हिदायत दी कि लोकेशन भेजने के लिए उस स्थान पर तब जाएं जब वहां इस तरह की असामाजिक गतिविधियां न हो रही हों। यदि किसी नशे के सौदागर का फोटो, नाम, पता किसी के पास उपलब्ध है तो उसे भी शेयर करने की अपील की। उन्होंने आश्वस्त किया कि सूचना देने वाले की गोपनीयता का पूरा ख्याल रखा जाएगा। इस वीडियो के माध्यम से उन्होंने नशे के हानिकारक प्रभावों को दशार्या है और युवाओं को इस खतरे से बचाने के लिए समाज के हर वर्ग को समर्थन देने का आग्रह किया है।

एसएसपी ने बताया कि बीते दिनों रांची पुलिस के विशेष अभियान में 50 से भी अधिक नशा कारोबारी जेल की सलाखों के पीछे भेजे जा चुके हैं। लगभग 15 करोड़ मूल्य की नशीली सामग्री जब्त की जा चुकी है। इसे और धार देने की आवश्यकता है।

## रांची में बर्ड फ्लू संक्रमित दो चिकित्सकों सहित छह को किया गया क्वारंटाइन

**रांची, ।** राजधानी रांची के होटवार इलाके में बर्ड फ्लू (एच5एन1) फैला हुआ है। प्रशासन ने इससे निपटने की पूरी तैयारी कर ली है। प्रभावित इलाका क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र होटवार में है। एहतियात के तौर पर वहां के दो चिकित्सकों समेत छह लोगों को क्वारंटाइन किया गया है। कुक्कुट प्रक्षेत्र के आसपास के इलाके को कंटोनमेंट जोन घोषित कर दिया गया है।

इस बाबत प्रक्षेत्र के डॉ. गणेश ने बताया कि प्रतिबंधित जोन के एक किमी के रेडियस में मुर्गी, बत्तख और अंडों को जब्त कर नष्ट करने का काम किया जा रहा है। साथ ही लोगों को अलर्ट किया गया है। उन्होंने बताया कि बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद दिल्ली से विशेषज्ञों की टीम रांची आयी थी। टीम ने बर्ड फ्लू के नमूने एकत्रित किए हैं, जिसकी जांच की जायेगी।

जानकारी के मुताबिक, संक्रमण शहर के दूसरे इलाकों में ना फैले इसके लिए जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं। दिल्ली से आयी केंद्रीय जांच टीम के प्रमुख डॉ. रजनीश गुप्ता ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि होटवार के एक किमी के इलाके में अंडे, मुर्गी और बत्तख की बिक्री पर रोक लगा दिया गया है। यह रोक तब तक जारी रहेगी जब तक कि स्पष्ट नहीं हो जाता कि बर्ड फ्लू के वायरस खत्म हो गए हैं।

डॉ रजनीश गुप्ता ने लोगों से आग्रह किया है कि बर्ड फ्लू की वजह से ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है। बस सावधानी बरतने की जरूरत है, जिन लोगों के घरों आसपास मुर्गी पालन किया जाता है, उन्हें अलर्ट रहने की जरूरत है। यदि उन्हें तेज बुखार, गले में खराश, सर्दी-जुकाम, बदन दर्द, भूख में कमी जैसे लक्षण होते हैं, तो तुरंत डॉक्टर से मिलना चाहिए।

## उपायुक्त ने बर्ड फ्लू की रोकथाम के लिए केन्द्रीय टीम के साथ की बैठक

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को बर्ड फ्लू की रोकथाम के लिए केन्द्रीय टीम के साथ बैठक की। होटवार स्थित क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र के कुक्कुटों के जांच किये गये नमूनों में एच5एन1 एवियन इंफ्लुएंजा की पुष्टि के बाद प्रभावित क्षेत्र के एक से दस किलोमीटर के दायरे में शेष बचे कुक्कुटों की कलिंग, वैज्ञानिक विधि से निस्तारण एवं संक्रमित क्षेत्र का वैज्ञानिक विधि से संपूर्ण डिसइन्फेक्शन का कार्य को लेकर विचार-विमर्श किया गया।उपायुक्त ने बताया कि जिला प्रशासन के जरिये बर्ड फ्लू के प्रसार के रोकथाम एक्शन प्लान के तहत कार्य के लिए बनाए गए रैपिड रिस्पांस टीम की ओर से संक्रमित क्षेत्र के एक से दस किलोमीटर के दायरे में कुक्कुट की कलिंग वैज्ञानिक विधि से निस्तारण और संक्रमित क्षेत्र का क्लीजिंग एंड डिसइन्फेक्शन का कार्य किया जा रहा है। साथ ही संक्रमित क्षेत्र के एक किलोमीटर के दायरे में टीम की ओर से चिकन, ऐग शॉप और आसपास के क्षेत्र में मुर्गियों, अंडे आदि की उपलब्धता की जांच की जा रही है। बर्ड फ्लू के प्रसार के रोकथाम के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। साथ ही लोगों को विभिन्न माध्यमों से जागरुक भी किया जा रहा है।केन्द्रीय टीम द्वाकी ओर से बर्ड फ्लू के रोकथाम के लिए किये जा रहे कार्यों पर संतोष व्यक्त किया गया। उल्लेखनीय है कि रांची के होटवार स्थित क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र के कुक्कुटों के जांच के क्रम में एच5एन1 एवियन इंफ्लुएंजा की पुष्टि हुई है। इसके बाद से ही एहतियात के तौर पर क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, से एक किलोमीटर की परिधि में किसी भी जिंदा,मृत कुक्कुटों और कुक्कुट उत्पाद एवं अण्डा की खरीद-बिक्री एवं परिवहन पर अगले आदेश तक रोक है।

## सीआईडी ने दो साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार

**रांची, ।** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने शनिवार को दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार साइबर अपराधियों में दुमका जिला के रहने वाले साजिद अंसारी और देवघर जिला के रहने वाले जमालुद्दीन अंसारी शामिल है। इनके पास से पांच मोबाइल, छह सिम कार्ड, तीन पासबुक, एक चेकबुक, एक एटीएम और एक पेनकार्ड बरामद किया गया है।

साइबर क्राइम थाना की डीएसपी नेहा बाला ने बताया कि मीशो एप का कस्टमर केयर एग्जिक्यूटिव बनकर ठगी करने वाले दो साइबर अपराधियों को सीआईडी ने गिरफ्तार किया है। सीआईडी की साइबर सेल की टीम ने यह कार्रवाई की है।

### अकाउंटेंट हत्याकांड के मुख्य आरोपित डब्लू कुजूर की पत्नी ने दाखिल की जमानत याचिका

**रांची।** अपर न्यायायुक्त एमसी झा की कोर्ट में बिल्डर सह जमीन कारोबारी कमल भूषण के अकाउंटेंट संजय कुमार की हत्याकांड के मुख्य आरोपित डब्लू कुजूर की पत्नी सुशीला कुजूर ने शनिवार को जमानत याचिका दाखिल की। अदालत ने मामले में सुनवाई की तिथि 29 अप्रैल निर्धारित की है।

## सार-संक्षेप

### पोस्टल बैलेट, सुविधा केंद्र और होम विजिट मतदान कर्मियों को मिला प्रशिक्षण

**खूंटी।** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशिक्षण कोषांग की ओर से बिरसा कॉलेज खूंटी परिसर में शनिवार को पोस्टल बैलेट, सुविधा केंद्र और होम विजिट मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। परियोजना निदेशक, आइटीडीए सह प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी आलोक शिकारी कच्छप की निगरानी में संचालित प्रशिक्षण में झारखंड में चयनित 12 विभागों के वैसे कर्मी, जो मतदान के दिन चुनाव कार्य की वजह से अपने मताधिकार का प्रयोग से वंचित रह जाते हैं, उनके लिए चयनित टीम द्वारा पोस्टल बैलेट से वोटिंग कराई जाएगी। उन सभी मतदान कर्मियों को उनके कार्य एवं दायित्वों से प्रशिक्षण के माध्यम से अवगत कराया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ने कर्मियों को कैसे वोट कराया जाना है, इसकी विस्तार से जानकारी दी। मास्टर ट्रेनरों द्वारा विभिन्न प्रपत्रों के माध्यम से होम वोटिंग एवं पोस्टल वोटिंग की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

### निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें अधिकारी : लोकेश मिश्रा

**खूंटी।** सामान्य प्रेक्षक दोरजे चेरिंग नेगी और जिला निर्वाचन पदाधिकारी लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में लोकसभा आम निर्वाचन के लिए गठित विभिन्न कोषांग के कार्यों समीक्षा की गई। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विभिन्न कोषांगों के कार्यों की जानकारी ली और प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने कर्तव्यों का जिम्मेवारीपूर्वक निर्वहन करें। निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

समीक्षा के क्रम में सी विजिल कोषांग, ट्रेनिंग कोषांग, लॉ एंड ऑर्डर, इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल, आईटी सेल, पोस्टल बैलट, मेटेरियल डिस्ट्रीब्यूशन सेल, कंट्रोल रूम व हेल्पलाइन सेल, ऑब्जर्वर सेल, ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सेल, स्ट्रांग रूम, स्वीप कोषांग आदि कोषांगों के संबंधित नोडल ऑफिसर से किए जा रह कार्यों की जानकारी ली। उपायुक्त ने सभी कोषांग के कार्यों की समीक्षा की, इनमें कार्मिक कोषांग एवं गठित मेडिकल बोर्ड को आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा प्रशिक्षण कोषांग को जिला स्तरीय पदाधिकारियों, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी को ईवीएम की हैंडस ऑन ट्रेनिंग उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही वाहन कोषांग को डिस्पैच संबंधी पूर्ण तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### लोक आदलत में 3250 लंबित मामलों का निष्पादन

**रांची।** राज्य में चेक बाउंस और बिजली से सम्बंधित मामलों के सम्बन्ध में विशेष लोक अदालत का आयोजन शनिवार को किया गया। इसमें कुल 24727 प्री लिटिगेशन एवं कुल 3250 लंबित मामलों का निष्पादन किया गया। साथ ही कुल 270528545 रुपये का निष्पादन किया गया। झालसा की ओर से इस विशेष लोक अदालत के आयोजन की तैयारी एक माह से की जा रही थी।

झालसा की सदस्य सचिव कुमारी रंजना अस्थाना की ओर से भी 22 अप्रैल को सभी जिलों के सम्बंधित न्यायिक पदाधिकारियों एवं विभागों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी थी। झालसा की ओर से सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकारों को पत्र के माध्यम से उक्त विशेष लोक अदालत आयोजित करने का निर्देश दिया गया था।

इसके अलावा एसओपी भी जारी किया गया था जिसके बाद छह अप्रैल को सम्बंधित डालसा अध्यक्ष की ओर से न्यायिक पदाधिकारियों एवं विभागों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गयी । पक्षकारों को नोटिस जारी किये गये थे। उल्लेखनीय है कि झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष, झारखंड हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा निर्देश पर झालसा की ओर से इस विशेष लोक अदालत का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

### जिला निवार्ची पदाधिकारी ने किया वज्रगृह और डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण

**खूंटी।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने शनिवार को वज्रगृह, डिस्पैच एवं चुनाव के लिए चिह्नित स्थलों में चल रही तैयारियों का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने क्रमवार डिस्पैच सेंटर के लिए जानकारी प्राप्त की। साथ ही लोयला कॉलेज एवं बिरसा कॉलेज में प्रशिक्षण के लिए चयनित कमरों का निरीक्षण यिा और अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वहां बूथवार मार्किंग, रौशनी, सीसीटीवी, सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पार्किंग, सिटिंग अरेंजमेंट, साफ-सफाई, अग्नि सुरक्षा समेत अन्य बिंदुओं का जायजा लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों से चर्चा की। पोलिंग पार्टी, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस ऑफिसर के बैठने और मेडिकल टीम के लिए स्थान चिह्नित किया गया।

### जल, जंगल जमीन और संविधान बचाने के लिए है यह चुनावः दयामनी बारला

**खूंटी।** कांग्रेस नेत्री दयामनी बारला ने लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण मुंडा के पक्ष मे शनिवार को कर्रा प्रखंड के जबड़ा गांव सहित कई अन्य गांवों में ग्रामीणों के साथ बैठक कर इंडी गठबंधन के कांग्रेस के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह चुनाव जल, जंगल जमीन के साथ ही संविधान बचाने के लिए है।

दयामनी बारला ने कहा कि केंद्र की निरंकुश सरकार पुनः अगर केंद्र की सत्त में आती है तो यूसीसी कानून लागू करेगा। इससे आदिवासी समाज का अधिकार, पहचान, भाषा, संस्कृति, सीएनटी एक्ट सभी खत्म हो जाएंगे, इसी लिए भाजपा को रोकना होगा। मौके पर सुगनगी के मुखिया विनोद भेंगरा, पंचायत समिति सदस्य बसंत धान, सुनील होरो, रीता तिडू सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### वादों के तेजी से निष्पादन में मध्यस्थता की भूमिका अहमः प्रधान जिला जज




**खूंटी।** डालसा के सभागार में शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेस कुमार की अध्यक्षता में सभी न्यायिक पदाधिकारियों एवं मेडिएटर के लिए मध्यस्थता विषय पर विशेष कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेस कुमार ने कहा कि वादों का तेजी से निष्पादन में मध्यस्थता की भूमिका अहम होती है।डालसा सचिव राजश्री अपर्ना कुजूर ने कहा कि सभी सुलहनीय एवं दीवानी मामले को न्यायालय मध्यस्थता के माध्यम से सुलह कराता है। कार्यक्रम में जिला जज प्रथम संजय कुमार, जिला जज द्वितीय राकेश कुमार मिश्रा, जिला जज तृतीय प्राची मिश्रा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार, एसडीजेएम दिनेश बाउरी, न्याययिक दंडाधिकारी तुषार आनंद सहित सभी मध्यस्थ धनिक गुड़िया, आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### एसडीओ शैलेश कुमार ने राजाबागी चेकनाका का किया निरीक्षण

**बड़कागांव।** लोकसभा चुनाव संबंधित कार्यों को लेकर बड़कागांव से टंडवा जाने वाली सड़क मार्ग स्थित राजाबागी के पास प्रशासन के द्वारा चेक नाका लगाया गया है। ताकि सभी वाहनों का तथा आवागमन कर रहे लोगों का जांच पड़ताल किया जा सके। जिसे लेकर सदर अनुमंडल पदाधिकारी शैलेश कुमार ने शनिवार को राजाबागी पहुंचकर चेकनाका का निरीक्षण किया, एवं उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से अंचलाधिकारी बालेश्वर राम के अलावा अंचल के कई लोग उपस्थित थे।

### केरेडारी के जोरदाग गांव में श्री-श्री 1008 नौ दिवसीय रुद्र महा यज्ञ को लेकर कलश यात्रा



केरेडारी। प्रखंड के जोरदाग गांव में श्री श्री 1008 नौ दिवसीय रुद्र महायज्ञ कलश यात्रा को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है! 28 अप्रैल को सुबह 3 बजे भव्य कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाला जाएगा! जिसमें जनप्रतिनिधियों से लेकर 2 हजार से अधिक श्रद्धालु भक्त को कलश यात्रा में शामिल होने की संभावना है! कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ जोरदाग शिव मंदिर से प्रारंभ होकर जोरदाग समूचा गांव बुकरु होते हुए। टंडवा गेरुवा नदी से जल उठाकर, पून: बुकरु होते हुए जोरदाग मंदिर प्रांगण पहुंचेंगे! जिसकी तैयारी को लेकर यज्ञ समिति के सदस्यों पुरजोर तरीके से तैयारी में जुटे हैं!

### पूर्व मुखिया बाढो पांडेय का निधन, शोकसभा का आयोजन

**हजारीबाग।** जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत चंदवार पंचायत के पूर्व मुखिया सह समाजसेवी बाढों पांडेय अब इस दुनिया में नही रहे। 90 वर्ष के उम्र मे शुक्रवार को उनका निधन हो गया। वे गुरुवार की रात्रि अपने पोता अविनाश कुमार पांडेय के बारात में बोकारो गए थे। शुक्रवार को सुबह पोत्र वधु के घर आने के बाद वह नित्य दिन की तरह स्नान कर भगवान का पुजा अर्चना किया ।जिसके बाद वह और दिनों की तरह नास्ता कर बेड पर सो गए। इसके बाद उनकी मृत्यु हो गई ।पूर्व मुखिया बाढ़ो पांडेय वर्ष 1960 से 1978 तक चंदवार पंचायत के मुखिया रहे।
उनके तीन पुत्र और छह पुत्री है, सभी शादीशुदा है और भरा पुरा परिवार है ।इनके निधन पर शोकसभा आयोजित कर मृत आत्मा के शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई । शोकसभा में अभय पांडेय, संजय पांडेय, अजय पांडेय, मिथिलेश चौबे, अवध पांडेय, विजय पांडेय, अनिल ओझा, संदीप पांडेय, सुधीर तिवारी, कमला कांत पांडेय, रवि पांडेय, शैलेन्द्र तिवारी , श्रीकांत पांडेय आदि लोग मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

**बरही।** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत चार माइल सड़क दुर्घटना में रेखा देवी 40 वर्ष पति दीपक रविदास की मौत हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला अपने पति दीपक रविदास के साथ मोटरसाइकिल से शादी से लौट रहे थे। इसी दरम्यान अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर करियातपुर मुखिया मनोज कुमार बरही थाना पहुंचकर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और हर सम्भव मदद का भरोसा दिया।

# भारत निर्वाचन आयोग के प्रतिनियुक्त केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक ने व्यय कोषांग के पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक (व्यय) ने 14 हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में चुनाव संबंधी व्यय कोषांग के क्रियाकलापों का जायजा लेने के लिए व्यय प्रेक्षक राजेश विठ्ठलराव शेल्के (आईआरएस), तंगीराला मुरलीधर (आईआरएस) ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, एआरओ संतोष कुमार सिंह मौजुद थे। 27 अप्रैल (शनिवार) को समाहरणालय सभागार में व्यय कोषांग के नोडल अधिकारियों को चुनाव के दौरान व्यय निगरानी सेल के साथ समन्वय और तालमेल बनाकर काम करने और केंद्रीय टीम के साथ सभी बरामदगी के बारे में तुरंत जानकारी देने का निर्देश दिया।




व्यय प्रेक्षक ने बैंक प्रतिनिधियों को 10 लाख से अधिक के किसी भी संदिग्ध लेन देन पर विशेष निगरानी रखने को कहा साथ ही अभ्यथीयों के भी बैंक खातों से 10 लाख रु से अधिक के वित्तीय लेन देन पर अपनी पैनी नजर रखने को कहा तथा इसकी सूचना भी साझा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा चुनाव अवधि के दौरान अवैध शराब की आवाजाही की निगरानी बहुत महत्वपूर्ण है इसलिए सभी प्रमुख चौकियों पर अतिरिक्त चौकसी बरतने की आवश्यकता है। व्यय प्रेक्षक के द्वारा आदर्श आचार संहिता विधि व्यवस्था कोषांग के नोडल पदाधिकारी को निर्देशित किया कि आदर्श आचार संहिता संबंधी शिकायतों पर उड़न दस्ता दल की दैनिक व्यय क्रिया-कलाप संबंधी प्रतिवेदन संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक व्यय प्रेक्षक को उपलब्ध करायेंगे।सभी पुलिस के नोडल पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि दैनिक नगदी /अन्य मदों संबंधित शिकायतों पर उड़न दस्तों (ऋरळ) द्वारा दैनिक क्रियाकलाप का रिपोर्ट प्राप्त कर एवं स्थैतिक निगरानी टीम (ररळ) द्वारा जब्त अन्य मदों से संबंधित शिकायतों पर दैनिक गतिविधि रिपोर्ट प्राप्त कर संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक व्यय प्रेक्षक को उपलब्ध करायेंगे। व्यय नोडल पदाधिकारी व उत्पाद विभाग के सभी नोडल पदाधिकारी को संबंधित रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आपसी समन्वय के साथ कार्यों का निष्पादन करने के साथ साथ निर्वाचन कार्यों का सफलता पूर्वक संचालन करने की बात कही।

### मतदान की तैयारी को लेकर समीक्षतामक बैठक!!



**केरेडारी।** 27 अप्रैल 2024 को लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित मतदान दिवस की तैयारी से संबंधित समीक्षात्मक बैठक किया गया! बैठक सहायक निवार्ची पदाधिकारी 14 हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र 22 बड़का गांव विधानसभा क्षेत्र सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता रामगढ़ की अध्यक्षता में प्रखंड सभागार केरेडारी में किया गया! बैठक में बीएलओ/ बीएलओ सुपरवाइजर को विस्तार पूर्वक से निर्वाचन से संबंधित जानकारी प्रदान किया गया!

## दहेज मुक्त आदर्श विवाह कर प्रेरणा श्रोत बने दीपक पांडे और उनकी पत्नी रुचि पांडे



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**केरेडारी।** अक्सर खबरों में अदालतों में पुलिस थानों में दहेज प्रथा महिला उत्पीडन समेत अन्य कई तरह के मामले महिलाओं से जुड़े देखे व सुने जाते हैं! जो समाज क्षेत्र देश दुनिया में चर्चा का विषय बना रहता है! जिसमें महिलाओं को दहेज उत्पीड़न शारीरिक आर्थिक मानसिक शोषण से जुड़े मामले होते हैं! जो समाज को प्रेरणा देने के बजाय समाज को घृणित कार्य से चर्चा का विषय बना देती है! लेकिन केरेडारी प्रखंड मुख्यालय गांव निवासी कामेश्वर पांडे के पुत्र दीपक पांडे जो बहु चर्चित उभरता हुआ कलाकार हैं जिन्होंने अपने जीवन के प्रमुख पड़ाव पर एक ऐसा सार्थक पहल किया है जो समाज क्षेत्र और देश दुनिया के लिए प्रेरणा के पात्र बने है! उन्होंने अपने जीवन में बेलतू गांव निवासी स्व प्रमोद पांडे के पुत्री रुचि पांडे से दहेज मुक्त आदर्श विवाह कर प्रेरणा से ओत प्रोत कार्य किए हैं!

**क्या कहते हैं दीपक पांडे ::** दहेज मुक्त आदर्श विवाह करने पर उन्होंने कहा कि जो मां अपनी बेटी को नौ माह अपने गर्भ में रख कर बालिग अवस्था होने तक पाल कर अपने जीवन के टुकड़े को सौप देती है उससे बड़ा कोई धन दौलत हो हीं नहीं सकता!आज समाज क्षेत्र देश दुनिया में दहेज प्रथा हावी है! दहेज प्रथा के कारण कई बहन बेटियां बलि की बेदी पर चढ़ चुकी है! और कई ऐसे मामले हैं जो थाना कोर्ट कचहरी में चल रहे हैं! पर समाज क्षेत्र देश दुनिया को दिशा देने वाली कदम बिरले हीं देखने सुनने को मिलती है! हम दोनों परिवार के लोग समाज देश दुनिया को सार्थक संदेश देना चाहते हैं जिससे समाज में जागरूकता आए और महिला उत्पीडन दहेज प्रथा पर पूर्ण विराम लगे!

**क्या कहते हैं रुचि पांडे ::** बकौल रुचि पांडे ने कहा कि हम दोनों दंपति स्नातक उत्तीर्ण शिक्षित है! हम अपने जीवन में महिला उत्पीडन दहेज प्रथा से सबंधित मामले देखे सुने हैं इसपर हम दोनों दंपति ने निश्चय किया कि कुछ ऐसा किया जाय जो समाज को सकारात्मक ऊर्जा से प्रेरित संदेश दे! इसी का परिणाम है दहेज मुक्त आदर्श विवाह! दोनो नव दंपति ने सभी नव ययुवकों नव युवतीयों से अपील करते हुए कहे कि बंद हो दहेज प्रथा बंद हो महिला उत्पीडन!

## बालू ले जा रहा ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त, घटनास्थल पर चालक की मौत

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत चेपाकला पंचायत के हुदवा में शुक्रवार रात्रि लगभग 9:00 बजे सिकरी के पारपैन से बालू ले जा रहे ट्रैक्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से ट्रैक्टर चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि सिकरी निवासी सिद्धेश्वर महतो के पुत्र दशरथ कुमार उम्र लगभग 16 वर्ष ट्रैक्टर से बालू लेकर हजारीबाग के आसपास के क्षेत्रों में बिक्री के लिए ले जा रहा था, लेकिन बीच रास्ते में ही ट्रैक्टर के पलटने से ट्रैक्टर ड्राइवर दशरथ कुमार इंजन के नीचे दब गया जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। बताया जाता है कि अक्सर इस रास्ते से चोरी छिपे बालू बिक्री के लिए ले जाया जाता है और हमेशा इस रास्ते पर आए दिन दुर्घटना होते रहती है।
ट्रैक्टर मालिकों द्वारा लगभग सभी ट्रैक्टरों में नाबालिक बच्चों से ट्रैक्टर चलवाया जाता है, जिसके कारण आए दिन दुर्घटना होते रहती है। मृतक दशरथ कुमार इसी वर्ष 2024 के मैट्रिक की परीक्षा उत्क्रमित उच्च विद्यालय सिकरी से उत्तीर्ण किया था। इसकी मृत्यु के बाद परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है और गांव में शोक व्याप्त है।
ट्रैक्टर मालिक एवं मृतक के परिवार वालों के बीच समझौता होने के बाद देर शाम शव को सिकरी नदी शमशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया।

### क्या कहना है चेपाकला पंचायत के पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम का

चेपाकला पंचायत के पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम ने कहा की मैं प्रशासनिक पदाधिकारियों को इसकी सूचना पूर्व में ही दिया है की ऐसे बहुत से नाबालिक बच्चों के पास लाइसेंस भी नही है उनके द्वारा रात में ट्रैक्टरों में ऊंचे साउंड में लाउडस्पीकर बजा के सैकड़ों ट्रैक्टरों में ओवर लोडिंग कर के बालू ढुलाई का काम किया जाता है, बहुत से ऐसे भी ट्रैक्टर हे जिनमें नंबर प्लेट भी नही लगा हुआ रहता है। आगे उन्होंने कहा की इनकी सूचना मैं कई बार दिया लेकिन अभी तक प्रशासन के द्वारा इन सभी बातों पर कोई पहल नहीं किया गया। जिसके कारण आए दिन कई घटनाएं घट रही है।

# एनटीपीसी केडी पर बिना मुआवजा दिए जबरन खनन करने का आरोप

उज्ज्वल दुनियां संवाददाता

**केरेडारी।** एनटीपीसी के केरेडारी कोल माइंस के भू रैयतों ने केडी प्रबंध पर अधिग्रहित जमीन का बिना मुआवजा दिए जबरन खनन कार्य करने का गंभीर आरोप लगाया है! खनन कार्य रोकने के लिए भू रैयतों द्वारा अपने अपने जमीन पर झोपड़ी लगा कर दिन रात रखवाली किया जा रहा है! भू रैयत दिनेश कुमार ने कहा कि मेरा 64 डिसमिल जमीन पर जबरन खनन किया जा रहा है जब रोकने जाते हैं तब माइनिंग कंपनी बीजीआर द्वारा रंगदारी और काम में बाधा डालने के आरोप में झूठा मुकदमा दर्ज करने का धमकी दिया जाता है! सुनील कुमार ने बताया कि 2020 से मुआवजा के लिए चलकर काट रहे हैं पर मुआवजा जीरो प्रेसेंट है! इतना लूह लुहाती गर्मी में भी दिन रात जमीन का रखवाली कर रहे हैं ताकि खनन कार्य नही हो! वहीं मौके पर मौजूद कई महिलाओं ने भी कहा कि जमीन का मुआवजा भुगतान जीरो पर्सेंट है फिर भी जमीन पर जबरन खनन कार्य किया जा रहा है! उपरोक्त प्रकरण पर एनटीपीसी प्रबंधन से कहा जाता है कि अधिग्रहित जमीन का मुआवजा भुगतान हो चुका है जो डायरेक्ट पेमेंट नही लिए है उनका पैसा कोशगार में जमा करने के बाद खनन कार्य किया जा रहा है!



### टेंट मालिक बसंत का अब तक सुराग नहीं जांच में जुटी पुलिस



बड़कागांव। हरली निवासी टेंट मालिक 28 वर्षीय बसंत कुमार 24 अप्रैल से लापता है। अब तक इसकी कोई सुराग नहीं मिली है। 24 अप्रैल को बसंत के पत्नी के द्वारा थाने में आवेदन देकर खोजबीन करने की मांग पुलिस से की थी। मामले को लेकर पुलिस बसंत की मोबाइल की सीडीआर खंगाल रही है। 24 अप्रैल को बसंत के मोबाइल फोन करने वालों को चिन्हित कर उन्हें थाने बुलाकर गंभीरता से पूछताछ कर रही है। इस मामले में पुलिस ने अब तक बसंत के पत्नी, उसके भाई, बहनोंई, रिश्तेदार एवं उनके लिए टेंट में काम करने वाले लोगों से भी बातचीत की है। परंतु अब तक बसंत की किसी प्रकार कोई सुराग नहीं मिल रहा है। 24 अप्रैल को बसंत के मोबाइल में 40 कॉल अलग-अलग नंबरों से किए गए थे। बसंत के मोबाइल में अंतिम कॉल लगभग 12 :00 बजे दोपहर के समय आया था। इसके बाद से बसंत का मोबाइल स्विच ऑफ आ रहा है। जिसके कारण परिवार वाले काफी परेशान हैं। शनिवार को हरली गांव के समाज के प्रबुद्ध लोग बड़कागांव थाना पहुंचकर पुलिस से जल्द से जल्द खोज बिन करने की मांग की है। मामले को लेकर थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। खोज बिन कर रही है। स्थल लोकेशन, कॉल लोकेशन के अलावा अन्य महत्वपूर्ण चीजों पर पुलिस नजर रख कर मामले की जांच कर रही है।

## गर्म हवा और प्रचंड गर्मी के बीच एनडीए सांसद प्रत्याशी ने चंदवारा प्रखंड के दो दर्जन गांवों का किया सघन दौरा



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

### गांव- गांव पहुंचकर लोगों को 01 मई 2024 को अपने नामांकन का दिया न्यौता

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में इन दिनों गर्म मौसम के साथ राजनीतिक तापमान भी बढ़ने लगा है। इसी बीच सांसद उम्मीदवारों ने भी अपने चुनाव प्रचार अभियान को तेज कर दिया है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल पिछले करीब 56 दिनों से क्षेत्र गांवों के दौरे पर हैं। शनिवार को एनडीए सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने गर्म हवा और प्रचंड गर्मी के बीच बरही विधानसभा क्षेत्र के चंदवारा प्रखंड क्षेत्र के 09 पंचायतों के करीब दो दर्जन गांवों में तुफानी जनसंपर्क अभियान चलाया और जनसंवाद के माध्यम से इस क्षेत्र के लोगों को आगामी 01 मई 2024 को अपने नामांकन पत्र दाखिल के अवसर पर हजारीबाग पहुंचने का न्यौता दिया। मनीष जायसवाल ने अपने दौरे की शुरूआत चंदावरा प्रखंड स्थित उरवां जामु खांडरी से किया। यहां पहुंचने पर बरही विधानसभा क्षेत्र और चंदवारा प्रखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। यहां से बाइक जत्थे के साथ उनका काफिला आगे बढ़ा। उन्होंने उरवां चांदनी चौक, पत्थलगड्डा, मदनगुण्डी, आरागारो, जोंगी नावाडीह, भोंडो, चौराही, बोंगादाह, घुटीटांड़, पिपराही, पुरनथाम, पुरनाडीह, थाम, खांडी, ढाब, गजूरे, चिलोडीह और करोंजिया का दौरा कर भाजपा और अपने पक्ष में कमल फूल छाप पर मतदान कर सेवा का मौका देने का आग्रह किया। इस दौरान सभी गांवों में पूर्व से इंतेजार करते हुए ग्रामीणों का सैलाब उमड़ा और लोगों ने गाजे- बाजे के साथ फूल माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर अभूतपूर्व स्वागत किया और समर्थन का भरोसा जताया। क्षेत्र की माता-बहनों ने गुलाब फूल भेंटकर अपना आशीर्वाद दिया और पूर्ण समर्थन का भरोसा जताया ।

**क्षेत्र के आधा दर्जन कांग्रेसी कार्यकताओं ने थामा भाजपा का दामन, मनीष जायसवाल और मनोज यादव ने भाजपा परिवार में किया स्वागत**

एनडीए सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल के चुनावी जनसंपर्क अभियान के दौरान चंदवारा प्रखंड क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक कांग्रेसी कार्यकताओं ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामा। जिसमें ग्राम उरवां में रवि यादव, मुंशी यादव और ग्राम भोंडो में प्रदीप कुमार, किसुन साव, राजेश कुमार, कामेश गुप्ता, विनोद कुमार का नाम शामिल है। सभी कार्यकताओं का भाजपा परिवार में सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल और बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने फूल माला और भाजपा पट्टा पहनाकर स्वागत किया ।

**स्वच्छ शासन के साथ विकसित भारत बनाने के लिए तीसरी बार बनाएं मोदी सरकार- मनीष जायसवाल**

चंदवारा प्रखंड क्षेत्र के तुफानी दौरे के क्रम में लोगों को संबोधित करते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने कहा की कांग्रेस ने 62 सालों तक देश में राज किया लेकिन गरीबों के उत्थान के लिए कोई कारगर योजना नहीं बनाई जबकि पिछले 10 वर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में जो विकास हुआ और देश वासियों के लिए जितनी जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित हुई वह ऐतिहासिक है। भारत का डंका ना सिर्फ. संपूर्ण विश्व में गूंजा बल्कि देश के करोड़ों लोग गरीबी रेखा से बाहर आए। सरकार की एक-एक जनकल्याणकारी योजनाएं जरूरतमंदों और निचले तबके के लोगों के घरों तक सीधे पहुंचा और उनके जीवन में बदलाव लाने का कार्य किया। सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने कहा कि स्वच्छ शासन के साथ विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए तीसरी बार मोदी सरकार बनाएं। उन्होंने यह भी कहा की इसके लिए आगामी 20 मई को होने वाले हजारीबाग लोकसभा के चुनाव में कमल छुप छाप पर ही अपना बटन दबाएं और मुझे अपना सांसद चुनें ।

# गर्मी आते ही शुरू हुआ जंगल में आग लगने का सिलसिला, गुडियो जंगल में लगी आग पर स्थानीय लोगो की मदद से पाया काबू

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बरही।** गर्मी का मौसम शुरू हो गया है और गर्मी के शुरू होते ही जंगलों में आग लगने का सिलसिला भी शुरू हो जाता है। वन की सुरक्षा की जिम्मेदारी वन विभाग पर है। साथ ही जंगलों को आग से बचाने के लिए अन्य प्रयास भी किये जाते हैं, लेकिन इसके बाद भी हर वर्ष यह समस्या बनी रहती है और आग लगने के कारण जंगलों को काफी नुकसान पहुंचता है। गर्मी शुरू होते पेड़ों से पत्ते गिर जाते हैं और तेज धूप में सूख जाते हैं। जिसके चलते ही गर्मी के दिनों में जंगलों में आग लगने के मामले बढ़ जाते हैं। कई बार महुआ फल चुनने को लेकर भी आग लगा दिया जाता है। लाख लोगों को जागरूक करने के बावजूद लोग जंगल मे आग लगाना नही छोड़ रहे है। वनकर्मी बताते है कि जंगल मे आग लगाने से जंगली जानवरों को काफी नुकसान पहुंचता है इसलिए उन्होंने आग्रह किया है कि जंगल मे आग न लगाएं।



# चौपारण के सिंघम से तस्करों का बचना, मुश्किल ही नही अपितु नामुमकिन

### 18 गौवंशीय पशु लदे मिनी ट्रक जब्त, एक गिरफ्तार, दो पशुओं ने तोड़ा दम

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता





**चौपारण।** चौपारण के सिंघम अर्थात थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने चौपारण में आते ही तस्करों व अवैध धंधेबाजों में खलबली मचा दी है। लोग अब ये कहने लगे हैं कि चौपारण के सिंघम से तस्करों के बचना मुश्किल ही नही बल्कि नामुमकिन है। शुक्रवार की रात्रि में पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के द्वारा गुप्त सूचना दी गयी कि गया (बिहार) की ओर से एक डीसीएम वाहन पंजियन संख्या- यूपी-15 जीटी-6009 में गौवंशीय पशुओं को क्रूरता पूर्वक लोडकर तिरपाल से ढंककर तस्करी करने हेतु बंगाल वधशाला में ले जाया जा रहा है। इस सूचना पर थाना प्रभारी के द्वारा एक छापामारी दल का गठन किया गया और त्वरित कार्रवाई हेतु छापामारी दल के साथ चोरदाहा चेकपोस्ट पहुंचकर गया (बिहार) की ओर से आने वाली वाहनों का सघन जांच किया जाने लगा। इसी दरम्यान समय करीब 4 बजे एक नारंगी रंग का डीसीएम वाहन तिरपाल ढंका हुआ आता हुआ दिखाई दिया, जिसके नजदीक आने पर सूचनानुसार पंजियन संख्या- यूपी-15 जीटी-6009 देखकर वाहन चालक को वाहन रोकने का ईशारा किया तो वाहन चालक वाहन को तेजी से चलाते हुए चोरदाहा चेकपोस्ट से भागने का प्रयास करने लगा, जिसे पकड़ने हेतु पिछा करने पर वाहन का चालक अपना वाहन को साइड में खड़ा करके वाहन से कूदकर भागने ही वाला था कि साथ आये पुलिस बल के जवानों के सहयोग से उसे पकड़ लिया गया। पकड़ाये व्यक्ति के द्वारा अपना नाम गुल्फाम उम्र करीब 50 वर्ष पिता-सादक अली ग्राम- सुल्तानपुर हापुड़ थाना-देहात जिला-हापुड़ (उत्तर प्रदेश) बताया गया है। पकड़ाये व्यक्ति के द्वारा पूछताछ के कम में बताया गया कि उसके वाहन के आगे-आगे एक छोटी वाहन स्कॉट करते हुए जा रही थी और पकड़ाये व्यक्ति के अनुसार गौवंशीय पशुओं के तस्करी में एक सींडिकेट शामिल है। काण्ड में जप्त वाहन से कुल 18 गौवंशीय पशु बैंल/सांढ़ को बरामद किया गया है, जिसमें क्रूरता का आलम यह था कि 02 पशु मृत पाये गये हैं। बरामदगी के संदर्भ चौपारण थाना काण्ड सं0-133/24 दिनांक-27.04.2024 धारा- 414/429/34 भादवि, 11 (1) (घ) पशु कुरता निवारण अधि० एवं 12 ( ) ( ) ( ) गौवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधि दर्ज कर अनुसंधानभार पुअनि बिन्देश्वर महतो को सौंपा गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### बड़कागांव पुलिस ने पोक्सो एक्ट के आरोपी नाबालिग को बाल सुधार गृह भेजा

बड़कागांव। बड़कागांव प्रखंड में पोक्सो एक्ट के तहत 15 वर्षीय बालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर हजारीबाग बाल सुधार गृह भेज दिया है। गिरफ्तारी कांड संख्या 206 / 23 के तहत बड़कागांव इंस्पेक्टर अनिल कुमार द्वारा कार्रवाई की गई है। मामले को लेकर पुलिस ने बताया कि आरोपी के ऊपर छेड़खानी तथा वीडियो वायरल करने का गंभीर आरोप लगा है। जिस पर पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई है।

### मतदाता जागरूकता को लेकर निकाली गई मोटरसाइकिल रैली



बरही। लोकतंत्र के महापर्व को खास बनाने के लिए बरही के प्रशासनिक पदाधिकारियों द्वारा लगातार कई कार्य किए जा रहे है। इसी कड़ी में शुक्रवार को प्रखंड सह अंचल कर्मियों द्वारा मोटरसाकिल रैली निकाली गई और मतदाताओं को वोट के लिए जागरूक किया गया। रैली बरही बीडीओ सी.आर. इंदवार व सीओ रामनारायण खलखो के नेतृत्व में शुक्रवार को प्रखंड सह अंचल परिसर से निकाला गया, जो बरही चौक, कोनरा, पंचमधव, करियातपुर, धनवार, केवाल, रालो लठिया, दौरवा, कुंडवा, चार माइल, देवचंदा मोड होते हुए वापस प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में समापन किया गया। जिसमें मतदाताओं को जागरूक करने हेतु मतदाता प्रतिज्ञा, मतदाता मार्गदर्शिका, बैनर, पोस्टर, तख्ती, स्लोगन आदि के माध्यम से 20 मई 2024 बरही में लोकसभा चुनाव में मतदान कर लोकसभा को मजबूती प्रदान करने की अपील की गई। कार्यक्रम में प्रखंड सह अंचल के पदाधिकारियों के साथ दर्जनों कर्मी मौजूद रहे।

### एलआरडीसी ने बीएलओ और पर्यवेक्षकों के साथ की बैठक



बड़कागांव। बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार भवन में लोकसभा चुनाव को लेकर हजारीबाग एलआरडीसी दीप्ति प्रियंका कुजूर ने बीएलओ और सुपरवाइजर के साथ बैठक की। बैठक में उपस्थित बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, अंचलाधिकारी बालेश्वर राम ने लोकसभा चुनाव से संबंधित बुथ, प्रपत्र 6 नए वोटरों का निष्पादन करना, बीएलओ में प्रपत्र 6 को शीघ्र खत्म करना, 2019 में राष्ट्रीय मतदान औसत 67.4% से कम 34 बुथों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर देने, सभी 14 चयनित स्ट्रांग रूम में बिजली, पानी, शौचालय की व्यवस्था के अलावा चुनाव से संबंधित कई समस्याओं को जल्द से जल्द दूर कर लेने को कहा गया है। मौके पर एलआरडीसी दीप्ति प्रियंका कुजूर कहा कि चुनाव से संबंधित जो भी समस्याएं हैं उसे जल्द से जल्द दूर करें। मतदान केंद्रों में पुख्ता इंतजाम हो, मतदान के दिन मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर विशेष ध्यान होना चाहिए। इसके अलावा एलआरडीसी ने कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए हैं ताकि चुनाव में किसी प्रकार के कोई समस्या नहीं रहे। मौके पर मुख्य रूप से ऑपरेटर शशि कुमार अंचल कार्यालय बड़कागांव, सिराजुद्दीन अंसारी अंचल कार्यालय रामगढ़, भास्कर राज, नरेंद्र महतो, पूजा राय, रुखसाना परवीन, के अलावा तमाम बीएलओ एवं सुपरवाइजर उपस्थित थे।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त व एसपी ने किया बरही के विभिन्न बूथों का निरीक्षण

- केवाल बिरहोर टोला पहुंचकर मतदाताओं को किया जागरूक, लोगों से की मतदान करने की अपील
- डीसी व एसपी ने प्रखण्ड के पदाधिकारियों को मतदान केंद्र की व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने का दिया निर्देश

## सुविधाओं का लिया जायजा



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

बरही। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बरही एवं पदमा प्रखंड के विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बरही, पदमा, केवाल, श्रीनगर में बनाए गए मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मतदान केंद्रों में बिजली, पानी, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की जांच करते हुए संबंधित अधिकारी को जरूरी दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने इस दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए सभी दिशा-निर्देश का पालन करते हुए हुए मतदान केंद्रों में साफ-सफाई, पेयजल की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कराने, मतदान केंद्रों में बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था कराने समेत विद्यालयों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और इसे ससमय पूरा कराने का निर्देश दिया।

**बरियट्टा बिरहोर टोला पहुंचकर मतदाताओं को किया गया जागरूक :**
इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने केवाल बिरहोर टोला पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात किया। साथ ही मतदान में सहभागिता सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। चुनाव को एक उत्सव के रूप में मनाया जाना चाहिए। हर पात्र व्यक्ति को निर्भीक होकर मतदान करना चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी नैंसी सहाय एवं एसपी अरविंद कुमार सिंह ने बच्चों के बीच चॉकलेट का भी वितरण किया। एसपी अरविंद कुमार सिंह ने लोगों से मतदान के दिन अधिक से अधिक संख्या में आकर मतदान करने की अपील की। कहा कि पहले मतदान फिर जलपाल का संदेश लोगों को दिया जा रहा है। वहीं स्वीप के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा लोकसभा चुनाव को देखते हुए थाना स्तर पर निर्देश दिया गया है कि फरार वारंटी समेत अवैध कारोबारियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी बरही जोहन टुडू, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सह अपर पुलिस अधीक्षक सुरजीत कुमार, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, सीओ रामनारायण खलखो, बरही थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार, पदमा थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह, जेपीएस सांवना मांझी सहित सभी मतदान केन्द्रों के बीएलओ एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

## तलसवार सेक्टर के सभी मतदान केन्द्रो का किया निरीक्षण

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




बड़कागांव। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला प्रशासन पूरी तरह एक्शन मूड में आ गया है। शनिवार को बड़कागांव थाना के एस आई सिद्धनाथ कुमार एवं अन्य अधिकारियों के साथ तलसवार सेक्टर के तहत उत्क्रमित मध्य विद्यालय तलसवार बूथ, कोयलांग बूथ, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पलांडू बूथ में मतदान स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान मतदान केंद्र के कमरों, बिजली, पानी की व्यवस्था के लिए चपानल व शौचालयों को देखा।खराब पड़े चापानल की सूचना शिक्षकों के द्वारा अधिकारियों को दिया गया। एस आई सिद्धनाथ कुमार ने कहा बहुत जल्द खराब पड़ी चापाकल की मरम्मत विभाग के द्वारा कराई जाएगी। इसकी सूचना पीएचडी विभाग को कर दूंगा। मौके पर बूथ निरीक्षण कर्मी के साथ-साथ विद्यालय की सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे ।

## बड़कागांव पूर्वी मंडल के सभी बूथों में बूथ सत्यापन का कार्य किया जा रहा



बड़कागांव। भारतीय जनता पार्टी पूर्वी उरीमारी मंडल बड़कागांव पूर्वी के मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो की अध्यक्षता में पूर्वी मंडल के सभी बूथों में बूथ सत्यापन का कार्य किया जा रहा है जिसमें नयाटांड, गोसाई बलिया, नापो खुर्द, आंगों, तलसवार, हरली, बादम एवं गोंदलपुरा पंचायत शामिल हैं। जिसमें क्लस्टर प्रभारी सीताराम साहू एवं गजाधर साहू उपस्थित थे दोनों प्रभारी ने संयुक्त रूप से बताया की सभी बूथों में एक पेज के लिए एक पन्ना प्रमुख बनाया जा रहा है जिससे शत प्रतिशत मतदान किया जा सके तथा सभी वरिष्ठ कार्यकताओं से मिलकर भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष में मतदान करने की अपील की। मौके पर मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, उपाध्यक्ष अशोक साव, किशोर राणा, देवंती देवी, महामंत्री दिनेश करमाली, सुमन गिरी, सांसद प्रतिनिधि बेचन साव, श्रीकांत निराला, ज्ञानचंद कुमार, विजय साव, कृष्णा गुप्ता, नरेश साव, बढन तुरी, सुमित्रा देवी, बिनोद महतो, हिरालाल साव, बिरेंद्र साव सहित कई लोग शामिल थे।

# हजारीबाग से भाकपा उम्मीदवार होंगे अनिरुद्ध

## 2 मई को करेंगे नामांकन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



बड़कागांव। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार बड़कागांव प्रखंड के ग्राम हरली निवासी अधिवक्ता अनिरुद्ध कुमार बनें। इसकी जानकारी देते हुए श्री कुमार ने कहा कि 2 मई को पर्चा दाखिल करेंगे। इसके लिए 30 अप्रैल को हजारीबाग स्थित मंजूर भवन पार्टी कार्यालय में तैयारी बैठक की जाएगी जिसमें मुख्य रूप से हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, झारखंड प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक सहित लोकसभा क्षेत्र के सभी जिला के जिला सचिव, प्रखंड सचिव एवं प्रमुख कार्यकर्ता गण उपस्थित रहेंगे।

## राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी ममता लकड़ा के नेतृत्व में जांच दल कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



बड़कागांव। राज्य स्तरीय जांच दल राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी ममता लकड़ा के नेतृत्व में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बड़कागांव का निरीक्षण किया। बैंड टीम के द्वारा जांच दल का स्वागत किया गया। जांच दल में विद्यालय में चल रहे प्रोजेक्ट इंपैक्ट और प्रोजेक्ट प्रयास के तहत विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण व जायजा लिया। साथ ही विद्यालय परिसर हॉस्टल एवं कक्षाओं का भी निरीक्षण किया। बालिकाओं द्वारा परिसर एवं प्रांगण की दीवारों में छात्राओं द्वारा उकेरे गए सोहराय कला चित्र देख कर जांच दल काफी प्रभावित हुए। विद्यालय की वार्डन से विद्यालय में चल रहे अन्य गतिविधियों के बारे में भी जानकारी ली, जिसमें बाउंड्री वॉल की समस्या बताई गई। बाउंड्री वॉल न होने के कारण हमेशा विद्यालय परिवार को छात्राओं की सुरक्षा को लेकर भय बने रहने की बात कही गई। बाउंड्री वॉल नहीं होने के कारण विद्यालय में अन्य गतिविधियां करने में दिक्कत होने की बात कही गई, जिसमें किचन गार्डन को जानवरों द्वारा खा जाने के कारण नहीं हो पा रही है, जिसे संज्ञान में लिया गया । मौके पर उपस्थित जेसीआरटी नीलम कुमारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुनील लकड़ा, कस्तूरबा गांधी विद्यालय प्रभारी शैलेंद्र कुमार, बीआरपी बड़कागांव अभय कुमार, सीआरपी दीपक कुमार, जेई कालेश्वर महतो, लखेंद्र कुमार, विद्यालय के लेखपाल सह कंप्यूटर ऑपरेटर सोनी मेहता, शिक्षिका किरण कुमारी निशि रानी, अंशकालिक शिक्षिका रूबी कुमारी, विनीता कुमारी, सीताराम महतो, प्रमोद कुमार कुशवाहा और चिंतामणि महतो उपस्थित थे।

# दो बिरहोर की मौत के बाद सुस्त प्रशासन हुई चुस्त

- बिरहोर बस्ती के पुनर्वास के लिए बैठक,लेकिन मौत की जिम्मेवारी पर कब होगी कार्रवाई



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

केरेडारी। कोयला मंत्रालय ने तय समय से खनन शुरू नहीं करने और बैंक गारंटी जब्त के बाद कोल ब्लॉक आवंटन को बचाने के लिए एनटीपीसी के चट्टी बरियातू कोल परियोजना को आनन-फानन में चालू करने के लिए जिस प्रकार बिरहोर टोला के लोगों की जान को खतरे में डाला गया और दो बिरहोरो की मौत के बाद एनटीपीसी और जिला प्रशासन पर जब गंभीर सवाल उठने लगे और दोषियों को चिन्हित कर कार्रवाई की मांग किए जाने के बाद उच्चस्तरीय पत्राचार होने लगा तो एनटीपीसी और जिला-प्रशासन एक्टिव हो गई है । पहले तो बिरहोर टोला में पौष्टिक आहार खिलाने की शुरूवात हुई और अब पगार बिरहोर टोला को सुरक्षित स्थान पर पुनर्वास करने और चट्टीबरियातू कोल माइंस से संबंधित अन्य समस्याओं के समाधान के लिए प्रखंड मुख्यालय सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी शैलैश कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को बैठक आयोजित किया गया। पुनर्वास के लिए उक्त चिन्हित स्थल पर शीघ्र हीं बिरहोर आवास, सड़क, विधालय, पुल, पानी की व्यवस्था की बहाल किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी शैलैश कुमार, अंचलाधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमीत कुमार, प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी, मुखिया झरीलाल महतो, पंचायत समिति महेंद्र रजक, सुंदर गुप्ता, बिनोद नायक, एस पी गुप्ता, स्वांन, सोहराइ विरहोर, बिसून बिरहोर, मालती बिरहोरिन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### आखिर दो मौत की जिम्मेवारी तय कर कार्रवाई कब होगी

एनटीपीसी के चट्टी बरियातू कोल खनन स्थल के समीप आदिम जनजाति बिरहोर बस्ती को उनके हाल पर छोड़ खनन शुरू करने के बाद उसके दुष्प्रभाव से हुई दो मौत और उच्चस्तरीय कार्रवाई के लिए पत्राचार के बाद जिला-प्रशासन और एनटीपीसी के एक्टिव होने के बाद आम लोगों मे खास चर्चा है। कल तक बिरहोर बस्ती को कोई सुध नही लेता था । उसे परियोजना क्षेत्र स बाहर बता उनकी समस्याओं से इनकार करते थे। अब अचानक उनके प्रति इतनी सक्रियता क्यों दिखाया जा रहा है। इतनी सक्रियता को लेकर लोग चर्चा कर रहे हैं की दो मौत की जिम्मेवारी तय कर दोषियों पर कब कार्रवाई होगी कहीं दोषियों को बचाने के लिए तो यह कवायद नही की जा रही है या कार्रवाई की मांग से ध्यान भटकाने के लिए तो यह एक्टिविटी की जा रही है। लोग प्रशासन की इस पहल की सराहना तो कर रहे हैं लेकिन इस बात का इंतजार भी कर रहे हैं कि दोषियों को चिन्हित कर कार्रवाई कब करेगी ।

# यात्रियों से भरी बस पलटी, 2 की मौत

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

### घायलों से मिलने अस्पताल पहुँचे उपायुक्त व भाजपा उम्मीदवार



### जहाँ घायलों का बेहतर उपचार चल रहा है

इस दु:खदायी घटना से सभी मर्माहत हैं।वही घायलों की बेहतर ईलाज के लिए सिविल सर्जन समेत चिकित्सको की टीम लगी हुई है। घायलों से मिलकर हालचाल जानने जिले के उपायुक्त रमेश घोलप एवं भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह अस्पताल पहुँचे। वहीं घायलों की बेहतर उपचार के लिए उपायुक्त ने चिकित्सको को निर्देश दिया।

चतरा। सड़क दुर्घटना के लिए डेंजर जोन माने जाने वाली संघरी घाटी ने एक बार फिर एक युवती समेत दो लोगों की जान ले ली।दरअसल इसकी भगौलिक बनावट ही कुछ ऐसी है की आए दिन ट्रक,हाईवा,बस दुर्घटनाग्रस्त होते रहती है।शनिवार को यात्री वाहन सुमन रथ अपनी निर्धारित समय से यात्रियों को लेकर चतरा से खुली। संघरी घाटी में यात्री वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई।यात्री कुछ समझ पाते तब तक अफरा तफरी मच चुकी थी।आनन फानन में सदर थाना प्रभारी मौके पर पहुँच कर बचाव एवं राहत कार्य शुरू किया। वही घटना की सूचना मिलने पर झामुमो जिला अध्यक्ष अपने एम्बुलेंस से सभी घायलों को सदर अस्पताल भेजा। वही एक युवती खुशियाला गाँव निवासी चिंतावन गंझू के पुत्री रेखा कुमारी व हंटरगंज के नागद निवासी परशुराम सिंह(50)की मौके पर ही मौत हो गई।वही दो परीक्षार्थी समेत आधे दर्जन यात्री घायल हैं।

## केरेडारी प्रखंड में अंतरजिला चेक नाका पर वाहन चेकिंग के दौरान एक वाहन से 3.42 लाख नगद बरामद

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



हजारीबाग। लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर जिला प्रशासन के आदेशानुसार संपूर्ण जिला में वाहन चेकिंग अभियान चलाए जा रहे है। इसी क्रम में शनिवार को केरेडारी प्रखंड में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान में चेक नाका पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट द्वारा जांच के क्रम में एक वाहन से नगद 3.42 लाख रू पाए गए। पूछताछ के क्रम में संबंधित व्यक्ति द्वारा संतोषपूर्ण रुप से जब्त नगदी का हिसाब नही देने के उपरांत नगद राशि को जब्त कर व्यय कोषांग को भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। इस दौरान अंचल अधिकारी रामरतन कुमार बर्णवाल, दंडाधिकारी सौरभ दीक्षित एवं पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में आगे की कार्रवाई में जुट गए है।

## प्रतिबंधित नशे के खेप के साथ नाबालिग धराया, माफिया के विरुद्ध मामला दर्ज

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता/ गीतांजलि



### तस्करों के नए हथकंडे पर भारी पड़ा पुलिस का सटीक सूचना तंत्र, आपूर्ति से पूर्व योजना विफल

चतरा। झारखंड में लोकसभा चुनाव को लेकर प्रभावी आदर्श आचार संहिता के दौरान नशे के अवैध साम्राज्य को संचालित करने को लेकर माफियाओं ने नई तरकीब ढूंढ ली है। अफीम, गांजा और ब्राउन शुगर के काले धंधे को अब ड्रग पैडलर बच्चों और महिलाओं के सहारे संचालित करने में जुटे हैं। ताकि न सिर्फ पुलिस को चकमा देकर नशे के खेप को चिन्हित मंडियों तक पहुंचाया जा सके। बल्कि कम पैसे में माफिया अपनी घिनौनी कारिस्तानी से मालामाल भी हो जाएं। पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गिद्धौर थाना पुलिस की टीम ने तस्करों और माफियाओं के ऐसे ही गैरकानूनी तस्करी के काले खेल का खुलासा किया है। सिमरिया एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित टीम ने नाटकीय ढंग से 40 लख रुपये के अफीम के साथ नाबालिक को निरुद्ध किया है। वहीं नाबालिक के माध्यम से अफीम की तस्करी कराने वाले माफिया को भी चिन्हित कर उसकी गिरफ्तारी को ले अभियान तेज कर दिया गया है।

## इंडिया गठबंधन समर्थित दलों के पदाधिकारियों की हुई बैठक

# जय प्रकाश भाई पटेल को जिताने का लिया संकल्प

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




हजारीबाग। हजारीबाग लोकसभा में प्रचंड जीत के लिए इंडिया गठबंधन के समर्थित दलों ने अपनी सक्रियता दिखानी शुरू कर दी है। शनिवार को हजारीबाग के हीराबाग में सहयोगी दल झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला कमिटी की महाबैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। सबने एक स्वर में कहा कि यह हजारीबाग सीट हम सब के लिए प्रतिष्ठा की लड़ाई है। जिस पार्टी ने एक आदिवासी मुख्यमंत्री को प्रताड़ित किया है। उसे हराने के लिए पूरी झामुमो टीम तन-मन-धन से एक पैर पे खड़ी है। बैठक में लोकसभा प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने उपस्थित झामुमो पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को संबोधित किया। सभी से साथ और समर्थन की अपील किया। कांग्रेस कार्यकारणी की हुई बैठक कांग्रेस प्रत्याशी जेपी भाई पटेल के समर्थन में हजारीबाग जिला कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक भी किया गया। इस दौरान कार्यकारिणी पदाधिकारियों ने चुनावी रणनीति बनाई। बैठक में कांग्रेस जिलाध्यक्ष एस के यादव, बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद, बरही विधायक अकेला यादव, अदीब रिजवी, जयशंकर पाठक, आरसी मेहता, प्रकाश यादव, नीलकंठ महतो, संजीव कुमार, संजय कुमार सिंह, मुन्ना सिंह, मेहताब हुसैन, राजा मोहम्मद, रवि सिंह, उज्जवल सिंह, वीरेंद्र राणा, झमन प्रसाद महतो, इंद्रदेव राम, रहमान, नन्नू प्रसाद, आसिम खान, सरफराज अहमद, विनेश पासवान, हेमंत, अनन्या मुखर्जी, आसीम अंसारी, मनोहर राम, देवनारायण महतो, राजेश बेड़िया, बालकुमार महतो, लखनलाल महतो, रजी अहमद, निसार खान, साजिद खान आदि मौजूद आदि सैकड़ों गणमान्य लोग के साथ कार्यकर्तागण मौजूद रहे। सबों ने इंडिया गठबंधन को जिताने का संकल्प लिया।20

### व्यवसाई अगर राजा हो जाये तो प्रजा का क्या होगा: जय प्रकाश भाई पटेल




हजारीबाग। जिला कांग्रेस कमिटी की कार्यकारणी की व लोकसभा चुनाव संबंधित अति महत्वपूर्ण बैठक वर्णिगा होटल में की गई। इस बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष एस के यादव और धन्यवाद ज्ञापन रजी अहमद ने की । इस बैठक में मुख्य रूप से जिला के प्रभारी अजय सिंह, विधायक उमाशंकर अकेला यादव, विधायिका अम्बा प्रसाद, हिन्दू न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक ,प्रदेश महिला अध्यक्ष गुंजन सिंह,प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार,अनुसूचित जाति के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान,प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा,सदर विधानसभा प्रभारी कमल ठाकुर,डॉ आर सी प्रसाद,मुन्ना सिंह हजारीबाग लोकसभा के प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल उपस्थित रहे ।

## किशुनपुर में बाबूलाल मरांडी की सभा 28 को



**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** पाटन प्रखंड के किशनपुर हाई स्कूल मैदान में 28 तारीख अप्रैल को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की सभा होगी। इस सिलसिले में आज पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार सभी की व्यवस्था का निरीक्षण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु उन्होंने पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक भी की। बैठक में विधानसभा प्रभारी नरेंद्र पांडेय, जिला कार्यकारिणी सदस्य अशोक तिवारी, किशनपुर मंडल अध्यक्ष संतोष पांडेय, पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह, चंद्रकांत उपाध्याय, कुंदन दुबे, राकेश चैधरी महाकाल समेत कई लोग मौजूद थे।.

# वल्नरेबल केंद्रों पर एक-एक मतदाता से पुलिस कर रही संपर्क एसपी खुद बढा रही हैं वोटरों का उत्साह

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** वल्नरेबल मतदान केंद्रों पर वोट का प्रतिशत बढाना एक बडी चुनौती है। इस चुनौती से पार पाने के लिए पलामू पुलिस ने एक योजना तैयार की है। दरअसल, पलामू के 23 क्षेत्रों के 30 मतदान केंद्रों को वल्नरेबल चिन्हित किया गया है। वैसे मतदान केंद्र, जिन पर वोटिंग के दौरान किसी तरह का विवाद या हिंसक घटना हुई है उन्हें वल्नरेबल की श्रेणी में रखा गया है। पलामू पुलिस ने सीआरपीएफ के सहयोग से वल्नरेबल मतदान केंद्रों पर मतदाताओं का उत्साह बढाने के लिए योजना तैयार की है। पलामू एसपी रिष्मा रमेशन के



नेतृत्व में पुलिस और सीआरपीएफ की टीम गांव-गांव जाकर एक-एक मतदाता से संपर्क कर रही है। एसपी के नेतृत्व में पुलिस और सीआरपीएफ की टीम ने छतरपुर, नौडीहा बाजार, पाटन, पढवा, चैनपुर समेत पलामू के कई इलाकों में ऑपरेशन चलाया है। 'पुलिस और सीआरपीएफ के आला अधिकारी दो-दो वल्नरेबल मतदान केंद्रों पर एक-एक वोटर से बात कर रहे हैं। इस दौरान मतदाताओं का विश्वास बढाया जा रहा है और ज्यादा से ज्यादा वोट करने की अपील की जा रही है। एसपी रिष्मा रमेशन ने बताया कि पुलिस टीम चिन्हित वल्नरेबल मतदान केंद्रों पर जाकर मतदाताओं से बात कर रही है, ताकि लोग ज्यादा से ज्यादा वोट कर सकें। इस दौरान मतदाताओं से कई बिंदुओं पर जानकारी ली जा रही है। नक्सल प्रभावित इलाकों में भी मतदाताओं का उत्साह बढाया जा रहा है। पलामू लोकसभा क्षेत्र में 80 प्रतिशत से अधिक मतदान का लक्ष्य रखा गया है। पलामू लोकसभा क्षेत्र घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र है। कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां मतदान कर्मी पहली बार सडकों का उपयोग करेंगे।.

# भजयुमो ने किया युवा चैपाल का आयोजन

### कार्यकर्ताओं को मिला केंद्र सरकार की उपलब्धियां बताने का निर्देश

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की पलामू इकाई द्वारा कोयल रिवर फ्रंट पर युवा चैपाल का आयोजन किया गया। विषय प्रवेश कराते हुए भाजयुमो के पलामू जिलाध्यक्ष ज्योति पांडेय ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा राष्ट्र है। आज देश भर में हो रहे आम चुनाव में युवाओं को बड चढ कर भाग लेते हुए ज्यादा से ज्यादा मतदान राष्ट्रहित में करने की जरूरत है। युवा चैपाल में मुख्य अतिथि झारखंड-बिहार के क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्रनाथ त्रिपाठी ने कहा कि आज देश हर क्षेत्र में प्रगति करते हुए नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आज के भारत में युवाओं के अंदर नये-नये प्रयोग करने का आत्मविश्वास बडा है। भाजपा की नरेंद्र मोदी सरकार युवाओं को प्रोत्साहित भी कर रही है। केंद्र सरकार की योजनाओं के साथ ही भाजपा कार्यकर्ता जनता के बीच पहुंचेंगे। नरेंद्र मोदी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ काम किया। प्रधानमंत्री आवास योजना, धारा 370 खत्म करना, 500 वर्ष की प्रतीक्षा को खत्म कर राम मंदिर निर्माण, कोराना काल में पालक की तरह देश की जनता की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करना जैसी तमाम योजनाएं मूलतः प्रमुख हैं। विधायक आलोक चैरसिया ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा इस बार 400 से ज्यादा सीटें प्राप्त करेगी और पलामू लोकसभा में रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेगी। आज मोदी सरकार ने जिस तरह देश को विश्व पटल पर ला दिया है वो हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से लगातार संपर्क में रहें और जिन-जिन को सरकारी योजनाओं व पारदर्शी नीतियों का लाभ मिला है, उनको पार्टी की विचारधारा से अवगत करवाएं और अन्य योजनाओं की जानकारी देकर उनको और भी लाभान्वित करने का प्रयास करें। युवा मोर्चा के कार्यकर्ता अधिक से अधिक युवाओं से संपर्क कर मोदी सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी देने का कार्य करें।

## एसपी रिष्मा रमेशन ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** मतदान केंद्र का भौतिक सत्यापन एवं मतदाता जागरुकता की मुहिम की जन मानस में गहरी पैठ के उद्देश्य से जिला पुलिस कप्तान रिषमा रमेशन, अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी नौशाद आलम, थाना प्रभारी नौडीहा अमित कुमार द्विवेदी बडी संख्या में पुलिस के जवान नौडीहा के बलरा, झरहा गांव पहुंचे। श्रीमती रमेशन ने विद्यालय प्रधान और जल सहिया से मुखातिब होकर मतदान केंद्र के रख-रखाव एवं समुचित चुनावी संसाधन की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने पेयजल एवं भोजन का समुचित प्रबंध किए जाने का आवश्यक दिशा निर्देश दिया। एसपी ने उपस्थित मतदाताओं से मतदान में भयादोहन के संबंध में पूछताछ की। साथ ही भयमुक्त शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता को



आश्वस्त किया। उन्होंने छीजन मतदाताओं को बुलाकर अपने मत के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित किया। मौके पर उपस्थित आरक्षी उपाधीक्षक नौशाद आलम एवं थाना प्रभारी ने सयुक्त रूप से मतदाताओं को निर्भीक होकर चुनाव में अपनी भागीदारी निभाने की अपील की। कहा कि किसी तरह का भय पैदा करने वाले उपद्रवियों पर पुलिस की पैनी नजर होगी। बिहार के विगत चुनाव में औशतन मतदान में गिरावट होने के कारण झारखंड निर्वाचन आयोग इस आशय पर संज्ञान लेकर मतदाताओं को जागरूक करने की दिशा में विशेष कदम उठा रहा है। इसे अंजाम देने के लिए पुलिस के आलाधिकारी इस तपती धूप में मतदान केंद्रों का जायजा लेने निकल पडे हैं। पुलिस का यह कदम काफी सराहनीय है।

# अब्सेंटी वोटर्स को पोस्टल बैलेट से मतदान को लेकर हुई बैठक

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** पलामू लोकसभा आम चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में अब्सेंटी वोटर्स को पोस्टल बैलेट से मतदान कराने को लेकर समाहरणालय कक्ष में बैठक का आयोजन किया।बैठक में उपायुक्त श्री रंजन ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से होने वाले मतदान को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत जिले में अबतक की तैयारियों की समीक्षा कर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये साथ ही एसेंशियल सर्विसेज की श्रेणी में आने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों का मतदान लोकसभा चुनाव




2024 में सुनिश्चित कराने को लेकर सभी संबंधितों को निर्देशित किया।उन्होंने सभी एसेंशियल सर्विसेज के नोडल पदाधिकारियों से सभी योग्य मतदाता का नाम निर्धारित 12 डी फॉर्म में जमा कराने हेतु निर्देशित किया।

बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंजन ने कहा कि केंद्रीय बलों के आवासन और मूलभूत सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं हो,पदाधिकारी इसका ख्याल रखें।सभी क्लस्टर पर पेयजल,शौचालय,बिजली की मुकम्मल व्यवस्था हो।उन्होंने पुलिस और पोलिंग पार्टी के आने-जाने और रहने की पूरी व्यवस्था के साथ समन्वय बनाने हेतु टैग कीये गये रोजगार सेवक के साथ लगातार संपर्क में रहने की बात कही।उन्होंने सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी को वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का मतदाताओं के बीच ससमय वितरण कराने के निर्देश दिये।उपरोक्त के अलावे जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कई अन्य बिंदुओं पर समीक्षा कर विभिन्न निर्देश दिये।मौके पर सभी विभागों के नोडल पदाधिकारी मौजूद रहे।

## विशुनपुरा बीडीओ का फंदे से झूलता मिला शव

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** पलामू से सटे गढवा जिले के विशुनपुरा के प्रखंड विकास पदाधिकारी हीरक मन्नान केरकेटा का शव शनिवार की दोपहर उनके आवास पर फंदे से झूलता हुआ मिला। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह से ही उनके आवास का दरवाजा बंद था। जब ब्लॉक स्टाप दोपहर तीन बजे किसी कागजात पर उनसे हस्ताक्षर कराने गए तो दरवाजा बंद था। सुबह से ही दरवाजा बंद रहने एवं लगातार फोन करने के बावजूद भी रिसीव नहीं करने पर कर्मियों ने इसकी सूचना विशुनपुरा थाना को दी। पुलिस ने खिडकी से झांक कर देखा तो उनका शव रस्सी के फंदे से झूल रहा था। पुलिस अग्रेतर कार्रवाई के लिए वरीय अधिकारियों का इंतजार कर रही है। वहीं उनके परिजनों को भी इसकी सूचना दे दी



गई है। वरिय अधिकारियों के पहुंचने एवं परिजनों की सहमति के बाद डेड बॉडी को फंदे से उतारा जाएगा।

बीडीओ ने आत्महत्या क्यों की, यह स्पष्ट नहीं हो पाया। प्रखंड के बडे पदाधिकारी का सुसाइड कर लेना चिंता का विषय है। चुनावी मौसम होने के कारण इसकी चर्चा तेजी से हो रही है। गढवा के एसपी दीपक पांडे ने घटना की पुष्टि की है।.

## जेल में बन्द सजायाप्ता बन्दी से मिले डालसा सचिव

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव शनिवार को केंद्रीय कारा मेदिनीनगर में सजायाप्ता बंदी से मिले। उन्होंने अभी तक अपील नहीं करने वाले सजायाप्ता बंदियों को अपील करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कोई भी सजा पाए बन्दी बिना अपील किए नहीं रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से वैसे बंदियों को मुफ्त में अपील करने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से कई बंदियों की अपील झारखंड उच्च न्यायालय में दाखिल करायी गयी है। वही जो बंदी अपील के लिए रह गए हैं उनकी भी अपील उच्च न्यायालय में सरकारी खर्च पर दाखिल कराय जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से समाज के कमजोर व बंचित लोगों को। मुफ्त विधिक सहायता उपलब्ध कराया जा रहा है। इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चन्द सिंह ने कहा कि कोई भी सजा प्राप्त बंदी अपील हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकार में आवेदन भेज सकता है, जिसको मुफ्त में उच्च न्यायालय, सर्वोच्च न्यायालय तथा जिला एवं सत्र न्यायालय में अपील का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि मजिस्ट्रेट कोर्ट से सजा प्राप्त बंदी की अपील जिला जज की अदालत में अपील दाखिल कर सकते हैं जबकि जिला जज के यहां से सजा प्राप्त बंदी उच्च न्यायालय में अपील कर सकते हैं। इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि लीगल एंड डिफेंस काउंसिल के माध्यम से जमानत, अपील, रिवीजन आदि का कार्य किया जा रहा है। कोई भी बंदी जेल में बंदी आवेदन भेज कर मुफ्त में विधिक सहायता प्राप्त कर सकता है।

# लोक अदालत में 146 मामले का हुआ निस्तारण

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में 27 अप्रैल को व्यवहार न्यायालय परिसर में मासिक लोक अदालत व स्पेशल लोक अदालत आयोजित की गयी। इसमें एनआई एक्ट व विद्युत विभाग से संबंधित कुल 146 मामले का निस्तारण किया गया। इसमें 9 लाख 49 हजार 975 रुपए का मामला सेटल हुआ। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने कहा कि लोक अदालत में मामले के निस्तारण को ले 11 पीठों का गठन किया गया था। वहीं एक हेल्प डेस्क बनाया गया था। प्रथम पीठ में पारिवारिक विवाद का निपटारा कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तंड प्रताप मिश्र व अधिवक्ता वीणा मिश्रा ने किया। पीठ दो में इलेक्ट्रिसिटी एक्ट से संबंधित मामले का निस्तारण जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वितीय विनोद कुमार सिंह व अधिवक्ता अमिताभ चन्द सिंह ने किया। इस पीठ में बिद्युत विभाग के 36 मामले का निस्तारण किया गया।

पीठ संख्या तीन में जिला एवं सत्र न्यायाधीश के कोर्ट व सभी जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के कोर्ट से संबंधित मामले का निस्तारण जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पंचम अभिमन्यु कुमार व अधिवक्ता शैलेंद्र नाथ चतुर्वेदी ने किया। इसमें एमएसीटी के एक मामले का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या चार में आपराधिक मामले का निस्तारण मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आनंद सिंह व अधिवक्ता सतीश कुमार दुबे ने किया। इस पीठ में 18 आपराधिक मामले का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या पांच में सिविल जज सीनियर डिवीजन के सभी कोर्ट के मामले का निस्तारण एसीजेएम संदीप निशित बारा व अधिवक्ता कुमार शिवाजी सिंहने किया। पीठ संख्या छह में सिविल जज जूनियर डिवीजन के सभी कोर्ट के मामले का निस्तारण सिविल जज जूनियर डिवीजन चन्दन कुमार गोस्वामी व अधिवक्ता वीर विक्रम वक्स राय ने किया।

पीठ संख्या सात में एनआई एक्ट से संबंधित एक मामले का निस्तारण रोजलिना बारा व अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने किया। पीठ संख्या आठ में जेजे बोर्ड से संबंधित एक मामले का निस्तारण जेएम रितु कुजूर व अधिवक्ता अशोक कुमार मिश्रा ने किया। पीठ संख्या नौ में रेलवे कोर्ट से संबंधित दो मामले का निस्तारण रेलवे जेएम मनोज कुमार व अधिवक्ता संजय कुमार सिन्हा ने किया। पीठ संख्या 10 में प्री लिटीटिगेशन से संबंधित दो मामले का निस्तारण स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता व सदस्य अशोक प्रसाद ने किया। थे। पीठ संख्या 11 में एग्जक्यूटिव रेवेन्यू व श्रम विभाग से संबंधित मामले का निस्तारण सदर एसडीएम अनुराग कुमार तिवारी व अधिवक्ता उत्तम कुमार ने किया ।

इस पीठ में 107 सीआरपीसी के 85 मामले का निस्तारण किया गया। वही हेल्पडेस्क में अधिवक्ता पुष्कर राज व पीएलभी मुनेश्वर राम वादकारियों को मदद कर रहे थे। इस अदालत में वन विभाग को 17 हजार 400 व उत्पाद बिभाग को 58 हजार 375 रुपए राजस्व प्राप्त हुआ। विधुत विभाग को दो लाख 60 हजार रुपये व रेलवे को एक हजार रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ।

## एक-नजर

### अशोक मेडिकल से जब्त करते सरकारी दवा अस्पताल कर्मी भवनाथपुर




**गढ़वा :** गढ़वा जिला के भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से सरकारी दवाओं को अस्पताल कर्मीयों की मिलि भगत से निजी दवा दूकान में बेचने का मामला प्रकाश में आया निजी दवा दूकान में दवा अस्पताल कर्मियों द्वारा रखने की खबर फैलते ही कर्मी भाग खड़े हुए भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से शनिवार को दस उप स्वास्थ्य केंद्र को 15 प्रकार की दवाएं संबंधित उपस्वास्थ्य केंद्र के सीएचओ को दिया गया था लेकिन दो सिएचओ ने अस्पताल ले जाने के बजाए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने अशोक मेडिकल में दवा दे दिया। प्रत्यक्षदर्शी मकरी निवासी समाजसेवी बाला प्रसाद यादव ने अशोक मेडिकल में सरकारी दवाओं को बेचते हुए अस्पताल कर्मियों को देखा.उसके बाद मिडिया कर्मियों को सुचना दिया। सुचना मिलते ही पत्रकार अशोक मेडिकल पहुंचे जहां दो गुलाबी बड़े पिलोथीन में सरकारी दवा अशोक मेडिकल में था। अशोक मेडिकल के संचालक पंकज जयसवाल उर्फ टिंकू से दवाओं के बारे में पुछताछ करने पर कहा दो लड़कियां लाकर रखीं हैं, कौन है नहीं पहचानते, जबकि कहा दोनों हमारे मकान की किरायेदार है। दोनों लड़कियां मकान की किरायेदार है और पहचानते नहीं है,यह बयान संदेहास्पद प्रतित होता है। शनिवार को अस्पताल से दस उपस्वास्थ्य केंद्र के सिएचओ को दवाएं दी गयी। असपताल के हेड लिपिक अरूण लकड़ा ने बताया कि प्रतिमा कुमारी रपुरा सिएचओ,विनिता कुमारी अमरोरा को दवाएं दी गई थी.और भवनाथपुर में सरकारी दवा बेचने का मामला प्रकाश में आया.कया स्वास्थ्य विभाग का इस मामले में कोई कार्रवाई होगी यह विभाग पर सवालिया निशान हैं।उ गढ़वा सिबिल सर्जन अशोक कुमार से पूछा गया तो उन्होंने ने बताया कि मेरे को इसकी जानकारी अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है मेरे विभाग के लोगो के जानकारी देनी चाहिए थी इसका पता करता हूं।

### अवैध पिस्तौल बरामद भवनाथपुर

**गढ़वा :** गढ़वा जिला के भवनाथपुर थाना क्षेत्र के धनी मंडरा में शुक्रवार की रात खलिहान से एक देशी कट्टा व दो कारतूस बरामद किया है। अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। समाचार के अनुसार सूत्रों के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि धनिमंडरा गांव के प्राथमिक विद्यालय के आसपास हथियार है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने दलबल के साथ प्राथमिक विद्यालय के बगल में खलिहान में छापेमारी किया।जहा से खलिहान में रखे रहर के भुसा में एक देशी कट्टा व दो जिन्दा कारतूस बरामद किया। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान कर रहीं हैं। नगरऊंटरी अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी सत्येंद्र नारायण सिंह ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति के नाम पे केश दर्ज किया गया है इसका पता लगाया जाएगा।

### एसपी ने की वोट देने की अपील

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन आज नौडीहा बाजार और छतरपुर के इलाके पहुंची। वहां उन्होंने मौजूद ग्रामीणों का उत्साह बढाते हुए 13 मई को वोट देने की अपील। एसपी ने खास कर महिलाओं से की वार्ता कर उन्हें वोट देने के लिए प्रोत्साहित किया। एसपी के साथ में सीआरपीएफ, छतरपुर एसडीपीओ नौशाद आलम, छतरपुर थाना प्रभारी समेत कई अधिकारी रहे मौजूद थे।

### नितेश का दस्ता सदस्य चार भरठुआ बंदूक के साथ गिरफ्तार

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के 10 लाख के ईनामी नक्सली नितेश यादव का दस्ता सदस्य राजेन्द्र भुइयां को चार भरठुआ बंदूक के साथ गिरफ्तार किया गया है। राजेन्द्र के साथ विष्णु विश्वकर्मा को भी गिरफ्तार किया गया है। विष्णु हथियारों की मरम्मत करता था। उसके घर से हथियार बनाने के कई सामान बरामद किए गए हैं। राजेन्द्र हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के नासो जमालपुर, जबकि विष्णु इसी थाना क्षेत्र के जीतामाटी सलैया टिकर का रहने वाला है। एसपी रीष्मा रमेशन ने माओवादी दस्ता सदस्य और एक अन्य की गिरफ्तारी के संबंध में शनिवार को पत्रकारों को जानकारी दी। एसपी ने बताया कि राजेन्द्र भुइयां दो वर्षों से माओवादी नितेश यादव के दस्ता में शामिल रहा था। वर्तमान में कहीं दूसरी जगह अपनी पहचान छिपाकर रह रहा था। घर आया हुआ था।..

### जेएस कॉलेज में इंटरमीडिएट का नामांकन फार्म मिलना शुरू

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** जनता शिवरात्रि महाविद्यालय में इंटरमीडिएट में सत्र 2024-26 के लिए नामांकन हेतु नामांकन फार्म मिलना प्रारंभ हो गया है। प्राचार्य डॉ एसके पांडेय ने बताया कि सभी संकायों में ( विज्ञान, वाणिज्य, कला ) में मेधांक के आधार पर 6 मई से नामांकन प्रक्रिया शुरू की जाएगी। विद्यार्थी नामांकन फार्म महाविद्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

### अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** पांकी थाना को गुप्त सुचना प्राप्त हुई थी कि सगालिम बस स्टैंड के पास रोहित पान दुकान तथा उपेन्द्र पान दुकान में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब का भंडारण कर बिक्री की जा रही है। इस सूचना पर छापामारी दल का गठन कर छापामारी की गयी। छापामारी में रोहित पान दुकान तथा उपेन्द्र पान दुकान से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया गया तथा रोहित पान दुकान के संचालक रोहित कुमार तथा उपेन्द्र पान दुकान के संचालक उपेंद्र कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### चतरा के प्रत्याशियों ने कमलेश ने पूछे हैं छह सवाल

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** समाज सेवी कमलेश कुमार सिंह ने चतरा लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रत्याशियों से छह सवाल पूछे हैं। उन्होंने कहा कि भारत के स्वतंत्रता के बाद से 2019 लोकसभा के कार्यकाल तक चतरा लोकसभा क्षेत्र अपने स्थानीय प्रत्याशी से वंचित रहा है। इसी प्रकार गौर करें तो संयुक्त बिहार से लेकर विभाजन तक झारखंड प्रदेश के पलामू, गढवा, लातेहार और चतरा जिला उपेक्षित रहा है। इसका मूल कारण है कि यहां से बनने वाले विधायक और सांसद नली, गली और सडकें बनाने और सोलर लाइट लगाने पर ज्यादा फोकस करते रहे अथवा कह सकते हैं कि कमिशनयुक्त योजनाएं ही सरकार और जनप्रतिनिधियों के द्वारा संचालित होती हैं। उन्होंने कहा कि चतरा लोकसभा क्षेत्र में राजनीतिक दलों द्वारा चुनावी वादे बहुत किए जाते हैं लेकिन बेरोजगारी, पलायन, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य व्यवस्था पर कोई विशेष ध्यान नही दिया जाता है। इसका मूल कारण है कि जनप्रतिनिधियों द्वारा निजी स्कूल, निजी हॉस्पिटल, और बेतहाशा सरकारी लाभ कमाना रहा है। इस कारण ये जिले आज तक करीब केंद्र और राज्य सरकार से उपेक्षित रहे है। गौर करें तो इन जिलों में कोई भी उद्योग की स्थापना तक नही हो पाई है। लोग रोजगार के लिए पलायन होने को विवश हैं। चुने गए जनप्रतिनिधि दिल्ली जाकर एयर कंडीशनर में मस्त हो जाते हैं ।

# संपादकीय

## प्रकृति की ताकत के आगे असहाय वैज्ञानिक

दुनिया में प्रकृति को नजर अंदाज करते हुए, मानवीय विकास को लेकर जो नए-नए शोध और कार्य हुए हैं। उनसे प्रकृति को जिस तरह से खुली चुनौती दी जा रही है। विकास के नाम पर प्रकृति के साथ छेड़छाड़ करते हुए मानव विकास की जो नई संरचना तैयार की जा रही है। वह अपनी उच्चतम सीमा में पहुंच चुकी है। इस कारण अब प्रकृति ने भी अपने अस्तित्व को बचाने के लिए प्रतिरोध करना शुरू कर दिया है। जिस मानवीय विकास की संरचना को बनाने में कई दशक लगे। प्रकृति ने उसे एक ही झटके में समाप्त कर, यह बता दिया है, कि सीमा रेखा तोड़ोगे तो उसका फल भी भुगतना पड़ेगा। उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग बेकाबू हो चुकी है। पांइस में स्थित आईटीआई का भवन जंगल की आग में पूरी तरह जल गया है। जंगल की आग नैनीताल हाईकोर्ट तक पहुंच गई है। नैनीताल, भीमताल, रानीखेत, अल्मोड़ा, कमाऊ के जंगल धधक रहे हैं। सेना एवं स्थानीय प्रशासन आग बुझाने में लगी। आग पर काबू पाने में बहुत समय लगा, जिससे जंगल ही बर्बाद हो गया। इसके पहले भी हिमालय की तराई में भू-स्खलन की सैकड़ो घटनाएं हो चुकी हैं। पहाड़ फट रहे हैं। पिछले दो दशकों में हिमालय के पहाड़ों को खोदकर जिस तरह बांध बनाए गए हैं। पावर स्टेशन खड़े किए गए हैं। रोड बनाने के लिए पहाड़ों को काटा गया है। रेल मार्ग के लिए पहाड़ों को एक-दूसरे से जुदा कर दिया गया है। इन सब कृत्यों से शांत पहाड़ों में ऐसा कंपन शुरू कर दिया गया, जिसके कारण हिमालय अब अपना अस्तित्व बचाए रखने के लिए, मानवीय विकास की कल्पनाओं और संरचनाओं को एक ही झटके में धूल-धूसरित कर रहा है।

हिमालय क्षेत्र में प्राकृतिक आपदाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं।

पिछले साल ही शिमला, उत्तराखंड के कई इलाकों में भूस्खलन की बड़ी-बड़ी घटनाएं हुई। यहां का मौसम भी बड़ी तेजी के साथ बदलने लगा। अप्रैल के महीने में जून जैसी गर्मी पहाड़ों में पड़ रही है। हिमालय के ग्लेशियर पिघलने लगे। भारत में नहीं, बल्कि दुनिया के कई अन्य देशों में प्राकृतिक आपदाओं का प्रकोप बढ़ रहा है। जो मानवीय एवं प्रकृतिजन्य जीवन के लिए सबसे बड़ा संकट माना जा रहा है। जिस तरह से इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए पहाड़ों और प्राकृतिक संरचनाओं को खोखला किया गया। इसका विरोध समय-समय पर वैज्ञानिकों, साधु संतों और (शंकराचार्यों) ने भी किया था।

भारत सरकार ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। परिणाम स्वरूप प्राकृतिक एवं धार्मिक स्थल भी अब सुरक्षित नहीं हैं। अयोध्या मैं रामलला के मंदिर का निर्माण हुआ। मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर चारों शंकराचार्यों ने कहा, जब तक मंदिर के शिखर का निर्माण नहीं होता है ऐसी अवस्था में भगवान प्राण प्रतिष्ठा नहीं हो सकती है। सरकार ने अहंकार के चलते, सनातन धर्म के सबसे बड़े धर्म गुरुओं (शंकराचार्यों) की बात भी नहीं मानी। जबकि उन्होंने स्पष्ट रूप से चेतावनी देते हुए कहा था यदि अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होगी, तो प्रकृति-जन्य आपदा आना निश्चित है। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में चारों शंकराचार्य में से कोई भी शंकराचार्य शामिल नहीं हुआ। अब जिस तरह की प्राकृतिक आपदाएं देखने को मिल रही हैं। उसके बाद यही कहा जा सकता है, प्रकृति के नियमों का पालन नहीं किए जाने पर प्रकृति अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए प्रयास कर रही है। उसे ही प्राकृतिक आपदा कहा जाता है।

यहां केवल भारत की बात नहीं हो रही है। पूरी दुनिया के देशों में जिस तरह से प्रकृति को चुनौती देते हुए मानवीय विकास और मानवीय अहंकार के चलते जिस तरह से विकास और आग्नेयू शास्त्रों के माध्यम से राज करने का जो प्रयास हो रहा है, उसके कारण दुनिया के देश विनाश के रास्ते पर चल पड़े हैं। अब इसे प्राकृतिक आपदा कहें, या ईश्वर का प्रकोप कहें। इसमें सभी एक राय नहीं हो सकते हैं। विकास की इस दौड़ में मानव जाति अपने स्वार्थ के लिए प्रकृति अथवा ईश्वर को चुनौती देने का काम कर रही है। यही कारण है, कि दुनिया के सारे देशों में अब प्राकृतिक आपदाएं बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही हैं। विकसित राष्ट्र भी अब इससे अछूते नहीं रहे। अमेरिका, यूरोपीय देश, रूस, चीन जैसी महाशक्तियों को भी प्राकृतिक आपदा झेलनी पड़ रही है। अरब के देशों में बाढ़ आ रही है, जहां रेत का समंदर है वहां बारिश का सैलाब बता रहा है कहीं कुछ तो गलत हुआ है। लगातार भूकंप के झटके दुनियां को सचेत कर रहे हैं, सुप्त ज्वालामुखी अब मुंह खोलने को तैयार नजर आने लगे हैं।

## दुनिया का सबसे महंगा चुनाव है गंभीर चुनौती

ललित गर्ग


विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के लोकसभा चुनाव 2024 अनेक दृष्टियों से यादगार, चर्चित, आक्रामक एवं ऐतिहासिक होने के साथ-साथ अब तक का सबसे महंगा एवं दुनिया का सबसे खर्चीला चुनाव है। सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज की हालिया रिपोर्ट के अनुसार इस बार का चुनावी खर्च एक लाख बीस हजार करोड़ रुपये के खर्च के साथ दुनिया का सबसे महंगा चुनाव होने की ओर अग्रसर है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के खर्च की तुलना में इस बार दुगुना खर्च होगा। चुनाव प्रक्रिया अत्यधिक महंगी एवं धन के वर्चस्व वाली होने से राजनीतिक मूल्यों का विसंगतिपूर्ण एवं लोकतंत्र की आत्मा का हनन होना स्वाभाविक है। चुनाव जनतंत्र की जीवनी शक्ति है। यह राष्ट्रीय चरित्र का प्रतिबिम्ब होता है। जनतंत्र के स्वस्थ मूल्यों को बनाए रखने के लिए चुनाव की स्वस्थता, पारदर्शिता, मितव्ययता और उसकी शुद्धि अनिवार्य है। चुनाव की प्रक्रिया गलत होने पर लोकतंत्र की जड़े खोखली होती चली जाती हैं। करोड़ों रुपए का खर्चीला चुनाव, अच्छे लोगों के लिये जनप्रतिनिधि बनने का रास्ता बन्द करता है और धनबल एवं धंधेबाजों के लिये रास्ता खोलता है। इन चुनावों में अर्थ का अनुचित एवं अतिशयोक्तिपूर्ण खर्च का प्रवाह जहां चिन्ता का कारण बन रहा है, वहीं समूची लोकतांत्रिक प्रणाली को दूषित करने का सबब भी बन रहा है। इस तरह की बुराई एवं विकृति को देखकर आंख मूंदना या कानों में अंगुलियां डालना दुर्भाग्यपूर्ण है, इसके विरोध में व्यापक जनचेतना को जगाना जरूरी है। यह समस्या या विकृति किसी एक देश की नहीं, बल्कि दुनिया के समूचे लोकतांत्रिक राष्ट्रों की समस्या है।

18वीं लोकसभा चुनाव में हर राजनैतिक दल अपने स्वार्थ की बात सोच रहा है तथा येन-केन-प्रकारेण ज्यादा से ज्यादा वोट प्राप्त करने की अनैतिक तरकीबें निकाल रहा है। एक-एक प्रत्याशी चुनाव का प्रचार-प्रसार करने में करोड़ों रुपयों का व्यय करता है। यह धन उसे पूंजीपतियों, उद्योगपतियों, राजनीतिक दलों एवं प्रायोजकों से मिलता है। चुनाव जीतने के बाद वे उद्योगपति उनसे अनेक सुविधाएं प्राप्त करते हैं। इसी कारण सरकार उनके अनुचित दबाव के विरुद्ध कोई आवाज नहीं उठा पाती और अनैतिकता एवं आर्थिक अपराध की परम्परा को सिंचन मिलता रहता है। यथार्थ में देखा जाए तो जनतंत्र अर्थतंत्र बनकर रह जाता है, जिसके पास जितना अधिक पैसा होगा, वह उतने ही अधिक वोट खरीद सकेगा। लेकिन इस तरह लोकतंत्र की आत्मा का ही हनन होता है, इस सबसे उन्नत एवं आदर्श शासन प्रणाली पर अनेक प्रश्नचिन्ह खड़े होते हैं।

सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज रिपोर्ट के मुताबिक आमतौर पर चुनाव अभियान के लिए धन अलग-अलग स्त्रोतों से अलग-अलग तरीको से उम्मीदरवारों और राजनीतिक दलों के पास आता है। राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को चुनाव खर्च के लिए मुख्य रूप से रियल इस्टेट, खनन, कारपोरेट, उद्योग, व्यापार, ठेकेदार, चिटफण्ड कंपनियां, ट्रांसपोर्टर, परिवहन ठेकेदार, शिक्षा उद्यमकर्ता, एनआआई, फिल्म, दूरसंचार जैसे प्रमुख स्त्रोत है। इस साल डिजिटल मीडिया द्वारा प्रचार बहुत ज्यादा हो रहा है। राजनीतिक दल पेशेवर एजेंसिया की सेवाएं ले रहे हैं। इनसे सबसे अधिक राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा प्रचार अभियान, रैली, यात्रा खर्च के साथ-साथ सीधे तौर पर गोपनीय रूप से मतदाताओं को सीधे नकदी, शराब, उपहारों का वितरण भी शामिल है। देश में 1952 में हुए पहले आम चुनाव की तुलना में 2024 में 500 गुणा अधिक खर्च होने का अनुमान है। प्रति मतदाता 6 पैसे से बढ़कर आज 52 रुपये खर्च होने का अनुमान है। हालांकि रिपोर्ट के मुताबिक चुनाव में होने वाले वास्तविक खर्च और अधिकारिक तौर पर दिखाए गए खर्चे में काफी अंतर है। रिपोर्ट के मुताबिक 2019 के लोकसभा चुनाव में देश के 32 राष्ट्रीय और राज्य पार्टियों द्वारा आधिकारिक तौर पर सिर्फ 2,994 करोड़ रुपये का खर्च दिखाया। इनमें दिखाया गया कि राजनीतिक दलों ने 529 करोड़ रुपये उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने के लिए दिए थे। रिपोर्ट के मुताबिक चुनाव में राजनीतिक दलों द्वारा निर्वाचन आयोग में पेश खर्च का ब्यौरा और वास्तविक खर्च के साथ-साथ उम्मीदवारों द्वारा अपने स्तर पर किए जा रहे खर्चे में काफी अंतर है। अमेरिकी चुनाव पर नजर रखने वाली एक वेबसाइट के रिपोर्ट का हवाला देते हुए, सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज के अध्यक्ष एन भास्कर राव ने कहा कि यह 2020 के अमेरिकी चुनावों पर हुए खर्च के लगभग बराबर है, जो 14.4 बिलियन डॉलर यानी 1 लाख 20 करोड़ रुपये था। उन्होंने कहा कि दूसरे शब्दों में कहें तो भारत में 2024 में दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव अब तक का सबसे महंगा चुनाव साबित होगा।

भारत में होने वाले चुनाव में हो रहे बेसुमार खर्च की तपीश समूची दुनिया तक पहुंच रही है। समूची दुनिया के तमाम देशों में भारत के चुनाव को न केवल दम साध कर देखा जा रहा है बल्कि इन चुनाव के खर्चों एवं लगातार महंगे होते चुनाव की चर्चा भी पूरी दुनिया में व्याप्त है। लोकसभा चुनाव में भाजपा, कांग्रेस, सपा, बसपा, तृणमूल कांग्रेस आदि दलों एवं उनके उम्मीदावारों ने मतदाताओं को प्रभावित करने के लिये तिजोरियां खोल दी है। यह चुनाव राष्ट्रीय मसलों के मुकाबले राजनीतिक दलों के हित सुरक्षित रखने के वादे पर ज्यादा केंद्रित लग रहा है और टकराव के मुद्दे थोड़े ज्यादा तीखे हैं।

## चुनाव में आर्थिक असमानता पर मौन चर्चा



नीरज कृष्ण

संविधान ने भी सभी नागरिकों को समान सामाजिक स्तर और अवसर को समानता प्रदान करने का आह्वान किया है और प्रस्तावना में सुरक्षित करने का लक्ष्य निश्चित किया है

फ्रांसीसी दार्शनिक रूसो ने उद्घोषित किया था; मनुष्य स्वतंत्र जन्म लेता है, किन्तु सभी जगह वह अपने को बंधनों में जकड़ा पाता है। दूसरी ओर, अंग्रेजी कवि विलियम बर्डसबर्थ ने अपनी कविता इम्नॉइटल्टी ओड में व्यक्त किया है कि नवजात शिशु के चारों ओर स्वर्ग की आभा आलोकित होती है क्योंकि ईश्वर की महिमा उसमें प्रतिलक्षित है। गरीबी बनाम अमीरी किसी भी शिशु को परिभाषित नहीं करती है। बच्चा-बच्चा होता है। अमीर और गरीब सभी के बच्चों में मुस्कुराहट, उनका रोना-खेलना असमानता से परे एक समतल धरातल पर है जो लौकिक होते हुये भी अलौकिक प्रतीत होता है। ऐसी समानता में असमानता लेश मात्र नहीं है क्योंकि सभी के बच्चे एक-दूसरे को देखकर खुश होते हैं, खेलते हैं और मुस्कुराते हैं।

संविधान ने भी सभी नागरिकों को समान सामाजिक स्तर और अवसर को समानता प्रदान करने का आह्वान किया है और प्रस्तावना में सुरक्षित करने का लक्ष्य निश्चित किया है। प्रस्तावना के अनुरूप अनुच्छेद 14 एवं 16 के अंतर्गत क्रमशः कानून के समक्ष और सार्वजनिक रोजगार के समान अवसरों को सुनिश्चित करना लक्षित है। गरीबी-अमीरी जन्म से न होकर भी जन्मजात विरासत में मिलती है। सभ्यता और समाज की देन, मानव द्वारा रचित असमानता चरम विकास की परिणति है, उसका कुपरिणाम है।

21वीं शताब्दी के अनेक आर्थिक अनुसंधान एबं सिद्धांतों की कसौटी पर यह पाया गया है कि आर्थिक वृद्धि, समृद्धि और जीडीपी की बढ़ती वृद्धि दर से विश्व भर में आर्थिक और सामाजिक असमानता अवांछित एबं अनियंत्रित ढंग से बढ़ी है जिसे रोकने में प्रजातांत्रिक सरकारें भी विफल हैं। निरंकुश तानाशाह और चुने हुये शासक पूंजीवादी व्यवस्था में पनप रहे हैं।प्रजातांत्रिक देशों में प्रचंड बहुमत वाली सरकारों की पूंजीवादी नीतियों से आर्थिक विषमता बढ़ रही है और गठजोड़ बहुमत की सरकारें विश्व की आर्थिक पूंजीवादी बाजार व्यवस्था के चलते रोजगार और समानता के अवसर नहीं दिला पा रही है। अमार्त्य सेन नोबेल विजेता एवं प्रसिद्ध अर्थशास्त्री का कहना है -प्रत्येक नागरिक को जीवन सम्मानपूर्वक जीने का हक है जो उसे संविधान से प्राप्त है और समाज को दो सलामत हाथों की ताकत के अनुसार रोजगार देना चाहिये।

प्रजातंत्र के मूल सिद्धांतों में से एक है ऐसी अर्थनीति, जिससे आर्थिक विकास का लाभ सबको समान रूप से मिले। अगर एक प्रतिशत लोगों के पास देश की 40.1% संपत्ति और 22.6% आय हो और यह खाई लगातार बढ़ रही हो तो क्या सरकार पर उसकी आर्थिक नीतियों को बदलने का जन-दबाव नहीं होना चाहिए? आर्थिक असमानता खत्म करना, जनमत हासिल करने की पूर्व शर्त होनी चाहिए और अपरिहार्य भी। सरकार की नीति ऐसी होनी चाहिए कि शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास के लिए टेक्नोलॉजी जल्द से जल्द नीचे के वर्ग तक पहुंचे, ताकि पूंजी की भूमिका न्यूनतम रहे।

भारतीय लोकतंत्र की जीवंत छवि में,



जहां असंख्य मुद्दे ध्यान आकर्षित करते हैं, लोकसभा चुनावों के परिदृश्य में एक स्पष्ट चूक सामने आती है -आर्थिक असमानता पर मौन चर्चा। जैसे-जैसे राजनीतिक अभियान गति पकड़ रहे हैं और बयानबाजी हवा में फैल रही है, इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर ठोस चर्चा की स्पष्ट अनुपस्थिति देश के राजनीतिक वर्ग की प्राथमिकताओं और इसकी सामाजिक-आर्थिक नीतियों की दिशा के बारे में प्रासंगिक सवाल उठाती है।

आर्थिक असमानता, जिसे अक्सर अमीरों और गरीबों के बीच की गहरी खाई के रूप में वर्णित किया जाता है, भारत में कोई नई चिंता का विषय नहीं है। यह समाज के ताने-बाने में गहराई से व्याप्त है, जो आय, धन वितरण और आवश्यक सेवाओं तक पहुंच में भारी अंतर के रूप में प्रकट होता है। फिर भी, चुनाव प्रचार के उत्साह के बीच, यह बुनियादी मुद्दा हाशिये पर चला गया है, और अधिक तात्कालिक और सनसनीखेज विषयों पर हावी हो गया है।

इस चुप्पी के मूल में राजनीतिक गणित, सामाजिक उदासीनता और प्रणालीगत चुनौतियों का एक जटिल अंतसंबंध है। चुनावी राजनीति के ऊंचे दांव वाले खेल में लगे राजनेताओं को आर्थिक असमानता की सूक्ष्म पेचीदगियों से जूझने के बजाय लोकलुभावन एजेंडे और भावनात्मक अपीलों पर ध्यान केंद्रित करना समीचीन लग सकता है। इसके अलावा, विविध सामाजिक-सांस्कृतिक पहचान और प्रतिस्पर्धी हितों वाले देश में, असमानता को संबोधित करने के लिए कठिन बातचीत और साहसिक नीतिगत हस्तक्षेप की आवश्यकता होती है, जिससे सभी राजनीतिक दल के नेता चर्चा करने से बच रहे हैं।

आजादी के 76 सालों के बाद भारत में गरीब और गरीबी पर लगातार अध्ययन और खुलासा हो रहा है। इसका मतलब है सरकार के लाख प्रयासों के बाद भी देश में गरीबी कम होने का नाम नहीं ले रही है। आज भी हमारा देश अमीरी और गरीबी का खेल खेल रहा है यह हमारे लिए दुर्भाग्यजनक है। देश में अमीरी और गरीबी के हालात पर गौर करें तो पाएंगे अमीर दिन प्रति दिन अमीर होता जा रहा है और गरीब की गरीबी लगातार बढ़ती ही जा रही है। इस बात को हमने अक्सर सुना है लेकिन ये सच साबित होती दिख रही है। देश में अमीर-गरीब के बीच खाई बढ़ती ही जा रही हैं। इससे लगता हैं कि केंद्र सरकार की तमाम कोशिशों के बाद भी इसमें किसी तरह की कोई कमी नहीं आई है। भारत में आर्थिक विकास का लाभ कुछ ही लोगों को मिल रहा है। यह चिंता की बात है। अरबपति की संख्या में बढ़ोत्तरी सम्पन्न अर्थव्यवस्था का संकेत नहीं है। यह असफल आर्थिक व्यवस्था का एक लक्षण है। अमीरी और गरीबी के बीच बढ़ता विभाजन लोकतंत्र को कमजोर करता है और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है।

अमीरी-गरीबी के बीच बढ़ती खाई बेहद चिंताजनक है। कोरोना महामारी के दौयन अमीरी और गरीबी की खाई और बढ़ गई है। यह विचारणीय प्रश्न है की इस दौरान आम लोगों की आमदनी में कमी हुई तो अमीर लोग पहले से भी ज्यादा अमीर कैसे हो गए। कोरोना महामारी ने देश और दुनिया में अमीरों की संख्या बढ़ाने के साथ गरीबों पर निर्मम ग्रहार किया जिसके फलस्वरूप कुछ लोगों के लिए यह महामारी बरदान बनी वहीं लाखों लोग गरीबी के गर्त में फंस गए। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की दाबोस में हालिया आयोजित वार्षिक बैठक में गैर सरकारी संगठन ऑक्सफैम इंटरनेशनल ने प्रॉफिटिंग फ्रॉम पैन यानि की पीड़ा से लाभ शीर्षक से रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट में बताया है कि कोरोना महामारी के दौरान दुनियाभर में हर 30 घंटे में एक नया अरबपति बना है।

आर्थिक असमानता के संकट से निपटने के लिए कई मोर्चों पर ठोस कार्रवाई जरूरी है। राजनीतिक दलों को समावेशी शासन के प्रति वास्तविक प्रतिबद्धता प्रदर्शित करनी चाहिए, उन नीतियों को प्राथमिकता देनी चाहिए जो शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और आजीविका के अवसरों तक समान पहुंच को बढ़ावा देती हैं। प्रगतिशील कराधान, मजबूत सामाजिक सुरक्षा जाल और लक्षित कल्याण कार्यक्रम धन के पुनर्वितरण और असमानताओं को कम करने में महत्वपूर्ण साधन के रूप में काम कर सकते हैं।

आर्थिक असमानता पर सार्थक चर्चा का अभाव देश के लोकतांत्रिक लोकाचार और समावेशी विकास एजेंडे के लिए गंभीर कीमत है। ऐसे समाज में जहां लाखों लोग अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष करते हैं, जहां समृद्ध अभिजात वर्ग और हाशिए पर रहने वाले गरीबों के बीच की खाई लगातार बढ़ती जा रही है, राजनीतिक नेताओं की चुप्पी जनता की दुर्दशा को हाशिए पर रखते हुए विशेषाधिकार प्राप्त कुछ लोगों की आवाज को बढ़ा देती है।

पारदर्शिता और जवाबदेही की संस्कृति को बढ़ावा देना भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जहां हाशिए पर मौजूद लोगों के हितों की वकालत की जाती है और वंचितों की आवाज को बुलंद किया जाता है। नागरिक समाज संगठन, जमीनी स्तर के आंदोलन और स्वतंत्र मीडिया सरकार को जवाबदेह बनाने और सामाजिक न्याय और मानवीय गरिमा को प्राथमिकता देने वाली नीतियों की वकालत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव अपने अगले चरण की तरफ बढ़ रहे हैं, यह सभी हितधारकों-राजनेताओं, नीति निमार्ताओं और नागरिकों-पर निर्भर है कि वे आर्थिक असमानता की असहज सच्चाई का सामना करें और इसे संबोधित करने के लिए ठोस कार्रवाई की मांग करें। ऐसे देश में जहां लाखों लोगों की आकांक्षाएं लोकतंत्र की अनिवार्यताओं से जुड़ी हैं, आर्थिक असमानता की चुप्पी को कायम नहीं रहने दिया जा सकता। अब समय आ गया है कि भारत समानता, न्याय और समावेशी समृद्धि के अपने वादे को दोबारा निभाए, कहीं ऐसा न हो कि आज की चुप्पी कल की असमानता बन जाए।

समावेशी लोकतंत्र विचारों, दृष्टिकोणों और अनुभवों की विविधता पर पनपता है। हालाँकि, जब आर्थिक असमानताएं शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और बुनियादी आवश्यकताओं तक पहुंच को प्रतिबंधित करती हैं, तो समाज के पूरे वर्ग को चुप करा दिया जाता है। आर्थिक तंगी के बोझ से दबे हाशिए पर रहने वाले समुदाय, बहिष्करण के चक्र को कायम रखते हुए, लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सार्थक रूप से भाग लेने के लिए संघर्ष करते हैं।

लोकतंत्र, आदर्श रूप से, सभी के लिए समानता और अवसर का वादा करता है। फिर भी, आज की दुनिया में, आर्थिक असमानताएँ स्पष्ट रूप से स्पष्ट हो गई हैं। धनी अभिजात वर्ग और हाशिए पर मौजूद लोगों के बीच की खाई लगातार चौड़ी होती जा रही है, जिससे उस सामाजिक ताने-बाने के टूटने का खतरा पैदा हो गया है जिस पर लोकतांत्रिक आदर्श बने हैं। आर्थिक शक्ति अक्सर राजनीतिक प्रभाव में बदल जाती है, नीतियों को अमीरों के पक्ष में झुका देती है जबकि वंचितों की जरूरतों को नजरअंदाज कर देती है। यह लोकतंत्र के मूलभूत सिद्धांत को कमजोर करता है-कि हर आवाज समाज की दिशा तय करने में समान महत्व रखती है।

लोकतंत्र का वादा इस आधार पर टिका है कि नागरिक लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेते हैं और वे समान रूप से भाग लेते हैं। हालाँकि, भारत समेत कई देशों में, बहुत कम नागरिक अपने प्रतिनिधियों और सरकारों को चुनने के अपने लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग कर रहे हैं। घटती मतदान दर और बढ़ती भागीदारी अंतर अमीर और गरीब के बीच लोकतंत्र के टूटे हुए वादे को लेकर चिंता पैदा हो रही है। पहली बार में भागीदारी में गिरावट हैरान करने वाली लगती है क्योंकि लोकतांत्रिक भागीदारी पर पारंपरिक सामाजिक-आर्थिक संसाधन दृष्टिकोण अपनाने वाले अध्ययनों से पता चलता है कि कम संसाधनों वाले व्यक्तियों को वोट देने की अधिक संभावना है।

## डालते चलो ! बस वोट डालते चलो !!...



राकेश अचल

लोकतंत्र की सेहत के लिए जरूरी है कि मतदाता जागरूक हो । जागरूक मतदाता ही लोकतांत्र को हर संकट से बचाता है। सत्ता वोटर को नचाती है और वोटर सत्ता को। वोटर ने अतीत में नायकों,खलनायकों और तो बड़े -बड़े अधिनायकों को कत्थक कराया है। 2024 के आम चुनाव में भी भारतीय मतदाता जिस तर्ज पर मतदान कर रहा है उसे देखकर पता नहीं क्यों सत्तारूढ़ दल की नींद उड़ी हुई है। मतदान के पहले दो चरणों ने तो सत्तारूढदल को बहुत निराश किया है।

मुझे यद् है की 1965 में एक फिल्म आई थी हम सब उस्ताद है इस फिल्म के लिए हमारे उस्ताद असद भोपाली ने एक गीत लिखा था - हो प्यार बांटते चलो

प्यार बांटते चलो

हे प्यार बांटते चलो

प्यार बांटते चलो

क्या हिन्दू क्या मुसलमान

हम सब हैं भाई भाई

आज मुझे लगता है कि असद भाई होते तो इस गीत को दोबारा लिखते और कहते

- वोट डालते चलो

वोट डालते चलो

हे वोट डालते चलो

वोट डालते चलो

क्या हिन्दू,क्या मुसलमान

हम सब हैं भाई -भाई

दरअसल भारत का वोटर भारतीय होने के नाते वोट डालता है। लेकिन पहली बार हमारे पंत प्रधान ने वोटरों को हिन्दू -मुसलमान में विभक्त कर दिया। वोटरों में भक्तों अंधभक्तों की जमात अलग है । पंत प्रधान ने वोटरों को डराया,मुसलमानों का भय दिखाया ,कहा वे सत्ता में आये तो मंगलसूत्र लूट लेंगे। आपकी विरासत उन मुसलमानों में बाँट देंगे जो ज्यादा बच्चे पैदा करते हैं। वोटर पंत प्रधान के इस आव्हान से भ्रमित हो गए और इसका असर पहले और दूसरे चरण के मतदान पर साफ दिखाई दे रहा है। अपेक्षित मतदान न होने से मोशा जोड़ी की नींद उड़ गयी है। मोशा जोड़ी चाहती थी कि भारत में भी रूस की तर्ज पर कम से कम 87 फीसदी मतदान तो होता ताकि मोदी जी को पुतिन जैसा जन समर्थन मिलने का डंका बजाया जा सकता।

हम लोग सनातनी हैं इसलिए धार्मिक ग्रंथों में हमारी अटूट आस्था है। राम चरित मानस की चौपाइयां तो हमारे लिए सूत्रों /मंत्रों के सदृश्य है। मानस में कहा गया है कि - होइहै वो ही जो राम रची रखा। को कह तर्क बढ़ावहि साखा।।इसलिए मतदान के प्रतिशत को लेकर हम कोई तर्क/वितर्क करना ही नहीं चाहते। सत्तारूढ़ दल कम मतदान से चिंतित है तो हमारी बला से। हम तो सिर्फ इतना जानता हैं कि वोटरों को हिन्दू-मुसलमान बने बिना अपने वोट का इस्तेमाल करना चाहिए। यही राजधर्म है । यही राष्ट्रप्रेम है। इसी से सद्गति भी मिलती है ।इसी से अच्छे दिन आते-जाते रहते हैं।

केंचुआ के आंकड़े बताते हैं कि लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 12 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 88 सीटों के लिए शुक्रवार शाम छह बजे तक 68.49 फीसदी मतदान हुआ। सात राज्यों में मतदान 70 फीसदी से अधिक रहा। त्रिपुरा में सर्वाधिक 79.66 फीसदी मतदान हुआ। राजस्थान को छोड़कर हिंदी पट्टी में मतदान को लेकर उत्साह नजर नहीं आया। सरकार और सरकारी पार्टी को लगता है कि हमारा वोटर केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला का कहा बुरा मान गया। कम से कम राजपूत तो मान ही गए इसलिए उन्होंने या तो जानबूझकर भाजपाई होते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान नहीं किया ,या किया है तो भाजपा को सबक सिखाने के लिए किया है। राजपूत अपने जातियय अपमान को कदापि नहीं भूल पाए यद्यपि राजनाथ सिंह से लेकर योगी आदित्यनाथ तक ने कस -बल लगाया।

मोशा के लिए भाजपा को और माननीय नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार सत्ता में लाने के लिए सबसे ज्यादा उम्मीद उत्तरप्रदेश के मतदाताओं से है किन्तु दूसरे चरण के मतदान में उत्तरप्रदेश के मतदाताओं ने ही सबसे ज्यादा गैर जिम्मेदारी से मतदान किया। आंकड़ों पर नजर डालें तो उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर 54.85 फीसदी मतदान हुआ। अमरोहा में सबसे अधिक 64.02 फीसदी व मथुरा में सबसे कम 49.29 फीसदी मतदान हुआ। वहीं, बुलंदशहर में 55.79, मेरठ में 58.70, बागपत में 55.93, गौतमबुद्धनगर में 53.21, गाजियाबाद में 49.65 और अलीगढ़ में 56.62 फीसदी वोटिंग हुई। अब मथुरा से तो स्वपन सुंदरी हेमा मालिनी जी चुनाव लड़ रहीं है। यदि उनके प्रति भी मतदाता का आकर्षण कम हुआ है तो फिर दूसरों के बारे में कहा ही क्या जा सकता है। अब हेमा जी भी क्या क्या करे । अपने मतदाताओं का ख्याल रखें या बिजली के पंखों और आरओ के विज्ञापन करें ?

लोकतंत्र में चुनाव कि एक-दो नहीं पूरी सात भाँवरें डाली जाती है। अभी तो केवल दो भाँवरें पड़ीं हैं और मोशा की जोड़ी को दिन में तारे नजर आ रहे हैं। मुमकिन है कि राहुल गाँधी और उनकी टीम के साथ भी ऐसा ही हो रहा हो किन्तु वे अपने माथे पर शिकन नहीं पड़ने दे रहे। उन्हें सत्ता में आने की फिक्र है न कि भाजपा की तरह सत्ता से बाहर जाने की। सत्ता का स्वाद चख चुके भाजपा के मनीषी नेता अब बिना सत्ता के रह नहीं सकते। मुमकिन है कि सत्ता के बिना उन्हें पक्षाघात हो जाये ।दिल का दौरा पड़ जाय। रक्तचाप ऊपर-नीचे हो जाये। दुसरे चरण के बाद सत्तारूढ़ दल के नेताओं ने हर सूबे में जाकर आपात बैठकें की है। शायद वे पछता रहे हैं कि उन्होंने कांग्रेस से बहुत कुछ सीखा लेकिन आपातकाल लगना क्यों नहीं सीखा ? उनकी चिंता को समझा जा सकता है। समझा जाना चाहिये ।आखिर भाजपा वाले मुसलमानों की तरह कोई बाहरी व्यक्ति तो हैं नहीं !

हम इस बात के सख्त खिलाफ हैं कि देश के मतदाताओं को हिन्दू या मुसलमान में बांटा जाये। हमें ये भी अच्छा नहीं लगता कि देश का मतदाता भक्तों और अंधभक्तों की तरह पहचाना जाये। जैसे सत्ता परम स्वतंत्र होती है वैसे ही मतदाता को भी परम स्वतंत्र होना चाहिये । कम से कम मतदान के दिन तो ऐसा होना ही चाहिए। परम स्वतंत्र मतदाता ही सही फैसला कर सकता है । ऐसे परम स्वतंत्र मतदाता को डराया -धमकाया नहीं जा सकता। न हिन्दू को मुस्सलमान से और न मुसलमान को हिन्दू से। सदियों से वे साथ-साथ रहते आये है। वे भाजपा के जन्म से पहले भी हिलमिलकर रहते थे और भाजपा के बाद भी हिल-मिलकर ही रहने वाले हैं। न भाजपा उन्हें देश निकाला दे सकती है और न कांग्रेस। किसी ने किसी का मंगलसूत्र कभी नहीं छीना। अभी तक तो किसी कि विरासत पर कोई टैक्स लगा और न आगे लगेगा।

दरअसल भाजपा सैम अंकल की एक बात को लेकर उड़ पड़े। जबकि सेम अंकल ने सिर्फ एक बात प्रसंगवश विमर्श के लिए जनता के सामने रखी थी। मतदान के तीसरे से लेकर सातवें चरण तक मतदाताओं को एक ही बात रखना चाहिए कि ये चुनाव देश के लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए हो रहा है।

ये चुनाव हिन्दू-मुसलमान के लिए नहीं बल्कि एक नए हिन्दुस्तान के लिए हो रहें हैं ,जिसमें अदावत न हो ,घृणा न हो विद्वेष न हो। भाई-चारा हो। लेकिन ऐसा देश राजनितिक दल तो बनने नहीं दे सकते। ये काम तो केवल और केवल देश का मतदाता कर सकते हैं। इस समय देश के सामने जो चुनावी मुद्दे होना चाहिए थे,वे सिरे से नदारद हैं। उन्हें गोल कर दिया गया है। अब ये वोटर को देखना है कि कौन -क्या कर रहा है ? अभी बहुत वक्त है। बस वोट डालते चलो ,वोट डालते चलो। क्या हिन्दू ,क्या मुसलमान हम सब हैं भाई-भाई। हमारे बीच जो विभाजक रेखा खींचना चाहता है ,उसे पहचानों और उसे मोक्ष प्रदान करो।

# खबर का दिखा असर, उप विकास आयुक्त ने दिया जांच का आदेश

# खबर प्रकाशित होने के बाद 2 दिनों में ही डोभा बनकर हुआ तैयार

**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**

**गिरिडीह :** वैसे तो मनरेगा योजनाओं से संबंधित लूट और गडबडझाले की बात सामने आती रहती है। विभाग द्वारा इन मामलों की जांच भी की जाती रही है बावजूद इसके मनरेगा में गडबडी व अनियमितताएं बंद लेने का नाम नहीं ले रही। ऐसा ही मामला तिसरी प्रखंड के मनसाडीह पंचायत से आया है। जहाँ बगैर डोभा निर्माण के 70 प्रतिशत राशि की निकासी कर ली जाती है और खबर प्रकाशित होने के बाद 2 दिनों में ही डोभा बनकर तैयार हो जाता है।

दरअसल मनरेगा योजना 2022-23 के तहत मनसाडीह पंचायत के टिकुलिया में सीताराम सोरेन पिता कान्हू सोरेन की जमीन पर डोभा निर्माण कार्य किया जाना था। लेकिन उक्त स्थल पर केवल आधा टुटा हुआ योजना बोर्ड लगा हुआ था और उसके आस - पास कहीं भी निर्माण कार्य नहीं किया गया था। जबकि इसमें 128520 रुपए की भारी - भरकम राशि की निकासी कर ली गई थी। इस मामले को हिंदी दैनिक अखबार उज्जवल दुनिया में 24 अप्रैल को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। जिसपर गिरिडीह के उप विकास आयुक्त ने जांच कर कार्यवाई करने की भी बात कही थी। जिसके बाद अपने आप को फंसता देख संबंधित कर्मचारियों व बिचौलियों ने ऐसी


गिरिडीह

मनरेगा में बगैर डोभा निर्माण के लगभग 70 प्रतिशत राशि की हुई निकासी

● इसे अधिकारी का संरक्षण कहें या संलिप्तता, मामला तिसरी प्रखंड के मनसाडीह पंचायत का

उज्जवल दुनिया

गिरिडीह । वैसे तो मनरेगा योजनाओं में लूट और गड़बड़झाले की बात किसी से भी छुपी हुई नहीं है। आलम यह है कि मनरेगा के तहत होने वाले विभिन्न कार्यों में भारी गड़बड़झाला तो कई कार्य धरातल से ही गायब हैं बावजूद इसके सरकारी राशि की निकासी और बंदरबाँट बदस्तूर जारी है। इसे अधिकारी का संरक्षण कहे या संलिप्तता।

ऐसा ही एक मामला तिसरी प्रखंड के मनसाडीह पंचायत से प्रकाश में आया है। जहाँ बगैर निर्माण के लगभग 70

निर्माण कार्य के नाम पर 128520 रुपए के भारी भरकम राशि की निकासी आखिर कैसे हुई?

प्रतिशत राशि की निकासी कर ली गई है। मनरेगा योजना वर्ष 2022-23 के तहत मनसाडीह पंचायत के टिकुलिया गांव में सीताराम सोरेन पिता कान्हू सोरेन की जमीन पर डोभा निर्माण किया जाना था लेकिन अब तक उक्त स्थान पर डोभा का निर्माण नहीं करवाया गया है। यहां तक कि सौ मीटर के दायरे में कहीं भी निर्माण कार्य नहीं करवाया गया है।

बावजूद इसके 128520 रुपए की निकासी कर ली गई है। इतना ही नहीं उक्त स्थल पर लगे योजना बोर्ड को भी तोड़ दिया गया है ताकि कोई उसपर ध्यान न दे।

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब निर्माण कार्य हुआ ही नहीं तो मजदूरों के नाम पर 128520 रुपए के भारी भरकम राशि की निकासी आखिर कैसे हुई? यदि निकासी हुई भी तो वो राशि कहां गई?

बगैर विभागीय कर्मियों की संलिप्तता के ऐसा होना सम्भव नहीं है।

यह सब देखकर ऐसा ही प्रतीत होता है कि मजदूरों के नाम पर बिचौलिये व सरकारी कर्मी ही मनरेगा की मलाई खा रहें हैं और सरकार को चुना लगा रहें हैं। गंभीरता से जांच हुई तो कई हैरतगेज कारनामें सामने आयेंगे।

बोर्ड तोड़ योजनाः ज्यादातर स्थल पर योजना का बोर्ड टुटा हुआ ही मिलता है

मनरेगा में जिस प्रकार से कार्य किया जाता है यह बात किसी से भी छुपी हुई नहीं है। गौर करने वाली बात यह है कि कार्यस्थल पर लगाए गए ज्यादातर बोर्ड टूटे हुए पाए जाते हैं। वैसे तो मनरेगाकर्मियों के पास इसका एक अच्छा बहाना तैयार है कि मवेशियों द्वारा बोर्ड तोड़ दिया जाता है लेकिन इसमें भी गड़बड़झाले की बू आती है। जानकारों का कहना है कि निर्माण कार्य के स्थान पर लगाए गए योजना बोर्ड से कहीं भांडा न फुट जाए इसलिए योजना बोर्ड को तोड़ दिया जाता है। अब भला इसमें कितनी सच्चाई है यह तो जांच का विषय है।

बरहाल पदाधिकारीयों के उदासीन रवैये से मजदूरों के लिए चलाई जा रही मनरेगा योजना में लूट और भ्रष्टाचार बदस्तूर जारी है। लिहाजा विभाग को भी इसपर ध्यान देने की दरकार है।

इस संबंध में मनरेगा बीपीओ और मुखिया प्रतिनिधि से फोन पर सम्पर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। इस संबंध में गिरिडीह उप विकास आयुक्त ने कहा कि मनरेगा योजनाओं में गड़बड़ी हुई तो निश्चित कार्यवाई की जाएगी।

जादू की छडी घुमाई कि उक्त स्थल से कुछ ही दुरी पर रातों - रात डोभा का निर्माण हो गया। इस मामले को हिंदी दैनिक अखबार उज्जवल दुनिया में 24 अप्रैल को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था।साथ ही पुराने बोर्ड को पूरी तरह तोडकर नया बोर्ड भी लगा दिया गया।

अब सवाल यह उठता है कि बगैर डोभा निर्माण के उतनी बडी राशि की निकासी आखिर कैसे हुई और खबर प्रकाशित होने के बाद तुरंत डोभा कैसे अवतरित हो गया।

बहरहाल इन मामलों को देखकर यही लगता है कि मनरेगा योजनाओं में भ्रष्टाचार व अनियमितताएं चरमबद्ध तरीके से काबिज है। विभाग द्वारा ठोस कार्यवाई के अभाव में यह योजना केवल चंद लोगों की जेब भरने के ही काम आ रही है।

**खबर प्रकाशन के बाद हुआ है डोभा का निर्माण = लोकपाल**

इधर इस मामले में प्रकाशित खबर पर संज्ञान लेते हुए गिरिडीह उप विकास आयुक्त के द्वारा पत्र जारी कर मनरेगा लोकपाल को जांच का जिम्मा सौंपा गया था। लिहाजा शुक्रवार को मनरेगा लोकपाल तमन्ना परवीन ने इस मामले की जांच की।

इस बाबत दूरभाष पर लोकपाल से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि उक्त योजना की जांच की गई है,जांच के क्रम में पाया गया है कि खबर प्रकाशन के बाद ही डोभा का निर्माण करवाया गया है।उप विकास आयुक्त को रिपोर्टर सौंपा जायेगा।.

## कोडरमा लोकसभा से भाजपा की प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी 2 मई को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेगी



**गिरिडीह** = शनिवार को एनडीए प्रधान कार्यालय में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह कोडरमा लोक सभा के प्रभारी विकाश प्रीतम प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किए । प्रेस कांफ्रेंस में गिरिडीह भाजपा जिलाध्यक्ष महादेव दुबे,गिरिडीह लोकसभा के संयोजक प्रकाश सेठ,भाजपा जिला कोषाध्यक्ष मुकेश जालान ,युवा मोर्चा के कार्यसमिति के सदस्य संजीव कुमार सिंह उपस्थित रहें । कोडरमा लोकसभा से भाजपा की प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी 2 मई को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेगी, अन्नपूर्णा देवी के नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य भी शामिल होंगे इसकी जानकारी शनिवार को भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह कोडरमा लोकसभा के प्रभारी विकास प्रीतम ने प्रेस कान्फ्रेंस करके दी। उन्होंने कहा कि 2 मई को अन्नपूर्णा देवी और 3 मई को गाण्डेय उपचुनाव के लिए दिलीप वर्मा पर्चा दाखिल करेंगे। उन्होंने इस दौरान गाण्डेय से झामुमो की प्रत्याशी कल्पना सोरेन पर भी हमला बोला, उन्होंने कहा कि एक आदिवासी मुख्यमंत्री को हटाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी को गाण्डेय विधानसभा उपचुनाव लड़वाया जा रहा है।

## उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय दुम्मा में रन फॉर वोट मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**

**गिरिडीह :** उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय दुम्मा, प्रखंड जमुआ की ओर से रन फॉर वोट मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस संबंध में प्रभारी प्राचार्य बिनोद कुमार ने कहा कि भारतीय चुनाव आयोग एवं जिला प्रशासन गिरिडीह की ओर से ज्यादा से ज्यादा मतदान सुनिश्चित करने हेतु रन फॉर वोट का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को विद्यालय परिसर से छात्र छात्राओं ने सारे काम छोड दो सबसे पहले वोट दो वोट डालने जाना है अपना ' निभाना है इत्यादि चुनावी स्लोगन लगाते हुए, मदनुतांड, सोनानाचन, नावाडीह, दत्तकितची, पहा?ी चौक दुम्मा होते हुए कुल चार किलोमीटर की पदयात्रा निकाली गयी। गावों,



टोलों में मिलने वाले लोगों से मतदान करने की अपील भी किया गया। विदित है कि कोडरमा लोकसभा का चुनाव आगामी बीस मई को होगा।

रन फॉर वोट को सफल बनाने में सहायक अध्यापक सुशील कुमार, सुधीर कुमार, फूलमती कुमारी, स्थानीय बी एल ओ स्मिता वर्मा के साथ साथ छात्रा सुगंती कुमारी, अनुराधा वर्मा, चांदनी कुमारी, करिश्मा, अभिलाषा, प्रीति एवं छात्र कमलेश, विवेक, चन्दन कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। रन फॉर वोट में सभी वर्ग के सैकड़ों छात्रों ने हिस्सा लिया।

## हिन्द मजदूर किसान यूनियन से जुड़े सदस्यों की बैठक रांगामाटी में संपन्न

**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**

**डुमरी**= हिन्द मजदूर किसान यूनियन से जुड़े सदस्यों की एक बैठक शनिवार को रांगामाटी में हुयी। अध्यक्षता चोलो महतो व संचालन यूनियन के अनुमंडल अध्यक्ष गंगाधर महतो ने किया जबकि मुख्य अतिथि के रूप डालोराम महतो ने उपस्थित सदस्यों को युनियन के नीति सिद्धांतों की जानकारी देते हुए डुमरी अनुमंडल के विभिन्न पंचायतों में यूनियन की कमिटी गठन करने का निर्देश दिया साथ ही उन्होंने कहा कि बेरोजगारों, मजदूरों,किसानों तथा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े शोषितों के हक व अधिकार के लिए संघर्ष करना यूनियन का उद्देश्य है।इस दौरान प्रखंड के 15 पंचायत में यूनियन के गठित कमेटी के उपस्थित पदाधिकारियों के साथ लोकसभा चुनाव में यूनियन की



भागीदारी एवं भूमिका पर चर्चा की गई।कहा गया कि क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार सृजन एवं क्षेत्र की सर्वांगीण विकास की बात करने वाले को ही यूनियन समर्थन करने का काम करेगा।अनुमंडल अध्यक्ष गंगाधर महतो ने कहा कि आज जिस तरह हरेक विभागों में भ्रष्टाचार हावी हो गया है उसपर अंकुश लगाने के लिए आमजनों को जागरूक होना होगा साथ ही निर्वाचित होने वाले क्षेत्र के प्रतिनिधियों को गंभीरता दिखानी होगी।इस दौरान प्रखंड के 15 पंचायत में यूनियन के गठित कमेटी के उपस्थित पदाधिकारियों के साथ लोकसभा चुनाव में यूनियन की भागीदारी एवं भूमिका पर चर्चा की गई।कहा गयाबैठक में महेन्द्र बिन्द,शंकर महतो,सुभाष पंडित,मदन मोहली, राजेन्द्र मोहली,रवीन्द्र कुमार महतो,तेजलाल महतो, तेजनारायण महतो,जयलाल प्रसाद दास,राजु मोहली, घनश्याम सिंह,मनीर अंसारी,नुनुचन्द महतो,राजेन्द्र यादव,अजित ठाकुर,राजु मोहली,शाहीद अंसारी,ईश्वर महतो,गुलाम मुरतजा,जाफर अंसारी,सहबाज खान, नन्दकिशोर पंडित,करमचंद महतो,रेवतलाल महतो, कपिल ठाकुर,विजय मुर्मू,महावीर महतो,मोहन महतो, मेहंदी हसन,रूपलाल तुरी,बसंत विश्वकर्मा,बैजनाथ राय,मनीर अंसारी,विजय महतो आदि उपस्थित थे।..

## दहेज मुक्त आदर्श विवाह का गवाह बना दहेज मुक्त झारखंड सेवा संघ



**गिरिडीह :** जिले के बेंगाबाद प्रखंड अंतर्गत मोतिलेदा पंचायत के केन्दुआगड़हा निवासी वासुदेव महतो ने अपने पुत्र दीपक का दहेज मुक्त विवाह कर समाज को एक संदेश देने का काम किया। वासुदेव महतो एक सामाजिक व्यक्ति है और वर्तमान मे ट्रस्ट के अध्यक्ष है। वासुदेव महतो ने एक सामाजिक व्यक्ति होने का जिम्मेवारी निभाते हुए बिहार के चकाई अंतर्गत पांडेयडीह निवासी दिनेश प्रसाद वर्मा की सुपुत्री कल्पना कुमारी को बिना दहेज अपनी बहु बनाने का फैसला लिया। वासुदेव महतो द्वारा अपने पुत्र का दहेज मुक्त विवाह करने के इस फैसले को लोगों ने खूब सराहना की। वही विवाह के दिन ही दहेज मुक्त झारखंड सेवा संघ ने इस जोड़े को प्रस्तित पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान संघ के संस्थापक जितेन्द्र यादव, अध्यक्ष मोतीलाल पंडित, कोषाध्यक्ष रामकुमार वर्मा उपस्थित थे। वही ट्रस्ट के सचिव महादेव वर्मा, उपाध्यक्ष संतोष वर्मा, प्रवक्ता सह कोषाध्यक्ष फुलदेव प्रसाद वर्मा, उप कोषाध्यक्ष प्रकाश वर्मा, फुलदेव महतो,अरुण पटेल, महेन्द्र वर्मा अन्य उपस्थित रहे ।

## अगामी 29 अप्रैल को बूथ स्तरीय बैठक का आयोजन

**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**

**डुमरी**= गिरिडीह लोकसभा अंतर्गत डुमरी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं की बुथ स्तरीय बैठक कार्यक्रम निर्धारित की गई हैं।जिसमें डुमरी,ससारखो व निमियाघाट मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।मंझलाडीह, डुमरी,प्रतापपुर क्षेत्र में बैठक होनी है।29 अप्रैल को बूथ स्तरीय एक अति महत्वपूर्ण कामकाजी बैठक में मुख्य रूप से भाजपा के लोकसभा क्लस्टर प्रभारी चतरा सांसद सुनील सिंह गिरिडीह जिला अध्यक्ष महादेव दुबे लोकसभा संयोजक प्रकाश सेठ सह संयोजक सुरेंद्र राज सह संयोजक भरत यादव डुमरी विधानसभा प्रभारी चितरंजन गुप्ता डुमरी विधानसभा संयोजक प्रदीप कुमार साहू , सह संयोजक दसरथ महतो एनडीए के गिरिडीह लोकसभा के प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित होंगे। सभी मंडल से आने वाले जिला एंव प्रदेश के पदाधिकारी पूर्व मंडल अध्यक्ष पूर्व के भाजपा पदा, मंडल के पूरी पदाधिकारी एंव कार्यसमिति सदस्य गण पंचायत के संयोजक सह संयोजक गण, सभी बूथ अध्यक्ष गण,मण्डल के सभी मोर्चा के अध्यक्ष ,पदाधिकारी शामिल होंगे। यह जानकारी डुमरी मंडल अध्यक्ष हराधन पंडित ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

## रेफरल जजों एवं मध्यस्थों के लिए एक दिवसीय मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**गिरिडीह :** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह श्री मनोज प्रसाद के मार्गदर्शन में शनिवार को सेमिनार हॉल में एकदिवसीय मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष श्री मनोज प्रसाद ने कहा कि यह कार्यक्रम गिरिडीह न्याय मंडल में पदस्थापित सभी न्यायिक पदाधिकारियों एवं विद्वान मध्यस्थों के लिए मध्यस्थता हेतु भेजे जाने वाले मामलों पर जागरूकता करने के लिए किया गया, ताकि माननीय सर्वोच्च



न्यायालय, नई दिल्ली एवं माननीय उच्च न्यायालय, रांची के द्वारा मध्यस्थता के लिए निर्धारित दिशानिर्देशों का अनुपालन सभी रेफरल जजों एवं विद्वान मध्यस्थों के द्वारा किया जा सके। साथ ही मध्यस्थता के विभिन्न प्रावधानों के ऊपर चर्चा के साथ अपराधिक मामलों, सिविल मामले, पारिवारिक मामले एवं मध्यस्थता योग्य अन्य मामलों में नियमानुकूल कार्यवाही मध्यस्थता के दौरान हो सके एवं पक्षकारों को इसका समुचित लाभ प्रदान किया जा सके। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों का स्वागत एवं विषय प्रवेश कराते हुए मध्यस्थता नियमावली के बारे में सचिव महोदया जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह श्रीमति सोनम विश्नोई के द्वारा मध्यस्थता के विभिन्न प्रावधानों के ऊपर जानकारी प्रदान किया गया। इस दौरान न्यायिक पदाधिकारियों एवं विद्वान मध्यस्थों ने भी आपस में परिचर्चा कर महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपने विचार प्रकट किया। इस कार्यक्रम में बतौर रेफरल जज जिला अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अष्टम श्री यशवंत प्रकाश समेत कई न्यायिक अधिकारी, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री प्रकाश सहाय ।

## एक-नजर

### सीसीएल डीएवी स्कूल के पांच बच्चों ने जेईई मेंस परीक्षा में सफल होकर स्कूल व जिला का नाम किया रौशन




**गिरिडीह :** डीएवी पब्लिक स्कूल, सीसीएल गिरिडीह के पांच बच्चों ने जेईई मेंस 2023-24 की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर स्कूल के साथ- साथ पूरे गिरिडीह जिला का नाम रौशन किया है। इसमें अनुपमा किस्कू ने 93.23 प्रतिशत, शिप्रा कुमारी 91.47 प्रतिशत, सत्यम कुमार 84.93 प्रतिशत, मो. मा? अकमल 81.32 प्रतिशत एवं सुगंधा प्रिया 73.46 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का मान बढ़ाया। प्राचार्य श्री ओपी गोयल ने बच्चों के जेईई मेंस में शानदार प्रदर्शन पर स्कूल परिवार की तरफ से बच्चों, उनके अभिभावकों, स्कूल के शिक्षकों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बच्चों की सफलता उनके कठिन परिश्रम, अभिभावकों, शिक्षकों के आशीर्वाद और ईश्वर की कृपा दृष्टि का प्रतिफल है।..

### बेंगाबाद प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, रानापुर में स्थानीय ग्रामीणों के साथ जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**गिरिडीह :** लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदाता भागीदारी बढाने, नैतिक मतदान एवं निर्वाचन संबंधी जागरूकता संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को बेंगाबाद प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, रानापुर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। साथ ही सभी को मतदान के महत्व, निर्वाचन प्रणाली, वोटर हेल्प लाइन ऐप, 1950, सुविधा ऐप, सी विजिल ऐप व निर्वाचन से संबंधित अन्य जानकारियां साझा की गई। जहां मतदाताओं के बीच मतदाता प्रतिज्ञा शपथ पाठ कराया गया। साथ ही सभी लोगों को कोडरमा लोकसभा व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव दिनांक 20.05.24 को चुनाव की जानकारी दी गई । आप सभी को इस महापर्व में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना है। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत लोगों को जागरूक किया गया।.

### जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा शिवम क्लिनिक में रक्तदान शिविर का आयोजन, शिविर में कुल 60 यूनिट ब्लड डोनेट




**गिरिडीह :** जिला प्रशासन व जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वाधान में शिवम क्लिनिक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लड बैंक के कर्मियों तथा रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य उपस्थित थे। शिवम क्लिनिक में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया तथा रक्तदान करने वाले कर्मियों को प्रमाण पत्र देते हुए भविष्य में रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान कुल 60 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। इसके अलावा सिविल सर्जन के द्वारा सभी से रक्तदान करने के अपील की गई। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है, इससे कई जिंदगियों को बचाया जा सकता है। इस पुनीत कार्य में सभी को जुड़ रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया गया। ..

### सदर अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया

**गिरिडीह :** लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदाता भागीदारी ब?ाने, नैतिक मतदान एवं निर्वाचन संबंधी जागरूकता संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सदर अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जहां 32-गिरिडीह विधान सभा अन्तर्गत विगत लोकसभा निर्वाचन 2019 के दौरान वैसे मतदान केन्द्रों जहाँ मतदान का प्रतिशत राष्ट्रीय औसत (67.4त्न) से कम था। उक्त मतदान केन्द्रों के मतदाताओं को क्षेत्र भ्रमण कर, नुक्कड़ नाटक, चित्र प्रदर्शनी, बीएलओ द्वारा मतदाताओं का घर-घर जाकर, को सक्रीय करते हुए मतदाताओं को संवैधानिक दायित्व और उनके मतदान के अधिकार के संबंध में अवगत कराते हुए अधिक से अधिक संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग करने एवं अन्य मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसके अलावा बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान की तिथि घोषित कर दी गई है, जिसके अनुसार कोडरमा लोकसभा व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव दिनांक 20.05.24 तथा गिरिडीह लोकसभा में मतदान तिथि 25.05.24 को चुनाव कराया जाना है। आप सभी को इस महापर्व में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना है। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत लोगों को जागरूक किया गया। ....

### युवकों ने ली शपथ, मतदान करेंगे हम, रेड बुल जिम में निगम ने किया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

गिरिडीह : शहरी क्षेत्र के सिरसिया स्थित रेड बुल जिम में शनिवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सहायक नगर आयुक्त अशोक कुमार हांसदा की अगुवाई में निगम की टीम ने शारीरिक शौष्ठव का अभ्यास कर रहे युवकों के बीच मतदान संबंधी जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित युवकों को मतदाता शपथ दिलायी।

इस दौरान श्री हांसदा ने कहा कि युवाओं के कंधे पर देश का भविष्य है और देश के निर्माण के लिए मजबुत लोकतंत्र का होना आवश्यक है। कहा कि मजबुत लोकतंत्र के लिए हम सभी को मतदान की तिथि को अवश्य मतदान करना है।

# लोकसभा चुनाव को लेकर बोरियो भाजपा मंडल ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक



उज्जवल दुनिया संवाददाता

बोरियोः शनिवार को लोकसभा चुनाव को लेकर बोरियो बरहेट रोड में समय 10 बजे पूर्वाह्न को भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर बोरियो मंडल अध्यक्ष शिवशंकर पंडित की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुआ। जिसमें आगामी चुनाव को लेकर सभी मोर्चा एवं बूथ अध्यक्ष को अपना अपना कार्यभार दिया गया की अपने बूथों पर बहुमत दिलाना है। इस बैठक में राजमहल लोकसभा के प्रभारी राकेश प्रसाद एवं राजमहल लोकसभा के प्रत्याशी ताला मरांडी, बोरियो विधानसभा संयोजक बमबम मंडल, एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष सालखु सोरेन, बोरियो विधानसभा सोशल मीडिया प्रभारी बिष्णु जयसवाल, एसटी मोर्चा जिला महामंत्री मरांग मरांडी, मंडल महामंत्री भुनेश्वर तूरी, उपाध्यक्ष मोहन रूज, मोहन रक्षित, मंडल एसटी मोर्चा अध्यक्ष विमल किस्कू, अनुज ठाकुर, राजेश बेसरा, छोटू, एलिस किस्कू एवं मंडल कार्य समिति के सदस्य, सभी मोर्चा के कार्यसमिति सदस्य, पूर्व मंडल अध्यक्ष, शक्ति केंद्र के संयोजक व सह संयोजक उपस्थित रहे।

# मिर्जापुर पंचायत भवन के पास स्थित कृषि बीज वितरण केंद्र रहता अक्सर बंद, अधिकारी मौन

उज्जवल दुनिया संवाददाता



बरहरवाः मिर्जापुर पंचायत भवन के पास स्थित कृषि बीज वितरण गोदाम वर्ष 2013 से लेकर 2024 तक सालों से जैसा का तैसा ही बंद पड़ा रहता हैं। जहां यह गोदाम कृषि सहकारिता विभाग की ओर से बनाए गए हैं। उधर जब इस संबंध में विभागीय अधिकारी को पूछा गया तो अधिकारी ने बताया कि हम तो नहीं जानते हैं कि वह हर दिन बंद क्यों पड़ा रहता हैं अगर ऐसा है तो आवश्यक जांच की जाएगी। उधर कृषि गोदाम के सचिव अख्तर हुसैन से जब इस संबंध में पूछा गया तो उसने बताया कि सरकार की ओर से कोई भी बीज सरकारी कृषि बीज एवं आवश्यक चीज उन्हें प्राप्त नहीं होते हैं इसीलिए गोदाम को बंद ही रखते हैं। वही सालों से कृषि गोदाम में किसी भी तरह का मरम्मती का काम या कोई चुना प्लास्टर नहीं किया गया है। वही बताते चले की ना तो किसान को इसका कोई लाभ मिलता है और ना ही कोई कृषि बीज इस गोदाम से ही वितरण होता है जिसका ना तो कोई कभी जांच होता है और न कभी किसी भी किसान को सहयोग ही मिलता हैं। वही सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजनाओं का दुरुपयोग करके सरकार की राजस्व पैसा का बर्बादी हो रहा है। जहां अख्तर हुसैन को कृषि वितरण प्रणाली गोदाम का सचिव रखा गया है फिर भी वह एक दिन तक लैंप्स में नहीं आता है जो खाली बैठ बैठकर सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का फ्री में लाभ ले रहा है। वही क्षेत्र के किसानों का कहना है कि खेत में कौन सा फसल का पैदावार अच्छा होगा या कौन सा कीटनाशक देने से फसल कीटों से बचे रहेंगे या कैसे उनके द्वारा लगाए गए फसल का पैदावार ज्यादा हो इस विषय पर कोई भी प्रशिक्षण नहीं दिया जा रहा है।

वही उनके खेतों में फसल की पैदावार कम होते दिख रहे हैं। जहां सरकार किसानों के ऊपर सबसे मुख्य भूमिका रखे हैं मगर इन विभागों में बैठे लोग किसान का हक मारकर अपना पेट भर रहे हैं एवं किसान को गेहूं बीज, जौ, मक्का, मटर, धान आदि आवश्यक कृषि बीज हर महीने मुहैया कराया जाता है लेकिन किसानों तक नहीं पहुंचता है। वही किसानों ने कहा कि उन्हें अपने हक से वंचित रखा जाता हैं। इस मौके पर साकिर शेख, आनंद मंगल, ताजदार आलम, इब्राहिम शेख, इस्माइल सेख आदि किसान मौजूद थे।

# नो एंट्री का का सख्ती से हो अनुपालन अन्यथा होगी कार्यवाहीः बीडीओ

- सुबह 6 बजे रात्रि के 10 बजे तक रिहाईसी इलाके में भारी वाहनों की नो एंट्री



बरहरवाः बरहरवा नगर जहां लगातार स्थानीय नगरवासी व स्थानीय ग्रामीण भारी वाहनों की मनमानी ढंग से परिचालन को लेकर लोग परेशान थे और लगातार लिखित आवेदन देकर कार्यवाही की मांग कर रहे थे। वही अब नो एंट्री नियमों के अनुपालन को लेकर प्रशासनिक रूपरेखा तैयार कर ली गई है। मिली जानकारी के अनुसार बरहरवा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी सन्नी कुमार दास ने भारी वाहनों के मनमाने ढंग से परिचालन को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए कड़ी हिदायत दी है कि रिहाईसी इलाकों में भारी वाहनों के परिचालन पर सुबह 6 बजे से लेकर रात्रि 10 बजे तक नो एंट्री नियमों का पूर्ण रुप से अनुपालन सभी वाहन संचालक करेंगे। अगर किसी भी भारी वाहन द्वारा नो एंट्री नियमों को तोड़ा गया या मनमाने ढंग से वाहनों का संचालन किया गया तो कड़ी से कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। इस मामले लेकर बीडीओ श्री दास ने कहा कि जल्द ही बरहरवा व रांगा दोनों थाना पुलिस को लिखित पत्र प्रेषित कर नियमों का अनुपालन सख्ती से कराने के लिए निर्देशित किए जाएंगे हालांकि इस निर्देश के बाद बरहरवा नगरवासियों व आसपास के ग्रामीणों में राहत के साथ साथ खुशी का माहौल है। वही लोगों को रोजाना धूल और स्कूली बच्चों के आवागमन में हो रही परेशानियों से भी अब निजात मिल सकेगी।

# मुफस्सिल थाना क्षेत्र की पुलिस ने की कुर्की जब्ती

साहिबगंजः थाना क्षेत्र के महादेवगंज निवासी बासुदेव यादव पिता शिवपूजन यादव के घर पर शनिवार को एएसआई ब्रजेश कुमार ने अपने पुलिस बल के साथ बासुदेव यादव पिता शिवपूजन यादव के घर जाकर कांड संख्या 96/23 के अभियुक्त के घर कोर्ट के आदेश के बाद कुर्की जब्ती किया गया।

# हड़वाड़ीह में एक ट्रांसफार्मर में लगी भीषण आग, मची अफरा तफरी



बरहेटः भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप का असर प्रखंड क्षेत्र के हड़वाडीह गांव में एक ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई जिससे स्थानीय लोगों में अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रांसफार्मर में लगी आग के साथ बीच बीच में चिंगारी फूट रहा था, जिससे अगल बगल के लोगों में और ज्यादा भय का माहौल हो गया क्योंकि ट्रांसफार्मर के कुछ ही दूरी पर दर्जनों फूस का मकान सहित अन्य मकान में परिवार बसा हुआ था। वहीं ट्रांसफार्मर में आग लगने की सूचना पॉवर हाउस को दी गई जिससे उस फीडर का पॉवर ऑफ कर आग पर काबू पाने में मदद हुआ। इस प्रकार बड़ी हादसा होने से टल गया और किसी भी प्रकार का जानमाल का क्षति होने से बाल बाल बच पाया।

# चेकनाका पर वाहन जांच के क्रम में पुलिस ने कार से 4 लाख 33 हजार रुपए किए बरामद, जांच जारी



उधवाः राधानगर हाई स्कूल के निकट बनाए गए चेकनाका से शनिवार दोपहर को वाहन जांच के दौरान एक कार से पुलिस ने चार लाख 33 हजार रुपए बरामद किया है। जहां चेकनाका में मारुति सुजुकी ग्रेंड वीटा कार संख्या जेएच 05 डीएच 5198 का जांच किया गया जिसमे चार लाख 33 हजार 500 रुपए बरामद हुआ है। उधर पुछताछ में हिरासत में लिया गया युवक अपना नाम अल्ताफ करीम बताया है। वही पुलिस को बताया कि केलाबाड़ी, दिग्घी, दुलमपुर मोड़, रामनगर के अलग अलग दुकान से फिरदोशी सीमेंट दुकान का कैश कलेक्शन कर राधानगर के रास्ते उधवा की ओर जा रहे थे। जहां मौके पर उक्त बरामद कैश का सम्पूर्ण विवरण नही दिखा सका जिसके बाद वरीय अधिकारियों से बात कर दंडाधिकारी अब्दुल रज्जाक ने कैश व गाड़ी को जब्त कर जिला मुख्यालय ले गए। वहाँ से आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# पोक्सो एक्ट की पीड़िता युवती का सदर अस्पताल में पुलिस ने कराया मेडिकल जांच

साहिबगंजः रांगा थाना क्षेत्र की पुलिस ने शनिवार को पोक्सो एक्ट की पीड़िता युवती को अपने साथ लेकर मेडिकल जांच करवाने के लिए सदर अस्पताल पहुंची। जहां सदर अस्पताल में कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दुष्कर्म पीड़िता युवती का महिला चिकित्सक के द्वारा मेडिकल जांच करवाने के बाद उसे अपने साथ आगे की कार्यवाही करने के लिए साथ लेकर चली गई। इसको लेकर रांगा थाना के एसआई विजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि बीते दिनों गुरुवार को थाना क्षेत्र की एक युवती के द्वारा दुष्कर्म मामले में आवेदन दिया गया था जिसमें पुलिस ने केस दर्ज करते हुए आरोपी युवक को जेल भेज चुकी है। उधर केस दर्ज होने के बाद पीड़िता युवती का मेडिकल जांच करवाने के लिए सदर अस्पताल लाया गया है।

# मिर्जाचौकी पुलिस ने दो साइबर ठगों को दबोचा, भेजा जेल

- साइबर ठगी के काम में आने वाले कई सामान को पुलिस ने किया जप्त

उज्जवल दुनिया संवाददाता



मंडरोः मिर्जाचौकी थाना परिसर में शनिवार को सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की, मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रोहित कुमार एवं एसआई पवन कुमार, एएसआई विजय कुमार दुबे के उपस्थिति में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर मीडिया को जानकारी दी गई कि दो संदिग्ध युवक को मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के भगैया चेकपोस्ट पर तैनात प्रभारी मजिस्ट्रेट बबलू टुडू, पुलिस जवान अमन कुमार एवं पुलिस जवान गंगाराम मरांडी ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए चार पहिया वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। उसी के दौरान वाहन संख्या जीजे 01 एचएन 5798 टोयोटा कोरोला को रोककर जांच किया गया। जहां तलाशी के क्रम में वाहन के पीछे वाले सीट के नीचे एक काला ब्लु रंग का थैला दिखा। उधर संदिग्ध दोनों व्यक्ति के सामने जांच कर रहे अधिकारियों ने जब बैग खोलकर देखा तो उसमें पाया गया कि कई व्यक्तियों के नाम तथा आधार कार्ड नंबर के साथ साथ डुप्लीकेट फिंगर (क्लोन) स्कैनर फिंगरप्रिंट, सीम कार्ड, कई बैंकों के खाता, बायोमेट्रिक स्कैनर, स्टांप पैड़, एमसील डब्बा, डायरी, मोबाईल समेत अन्य सामान को विधिवत जप्त किया गया। वही दोनों व्यक्ति से बरामद सामान के बारे में पूछताछ किया गया। वही कार में मौजूद विक्की मुर्तजा खान ने पुलिस को बताया कि गांव में जाकर गरीब मजदूर अनपढ़ व्यक्तियों से प्रधानमंत्री उजाला योजना का केवाईसी आवेदन के नाम पर स्टाम्प में एमसील लगाकर उनका फिंगरप्रिंट ले लेता था।

उसी प्रिंट के माध्यम से क्लोन बनाकर फिंगरप्रिंट बना लेता था और उसी के सहारे क्लोन फिंगर प्रिंट बायोमेट्रिक के माध्यम से मोबाईल में उपलब्ध एप विडकॉम एवं स्पाइस मनी के माध्यम से उनके खाता से निकासी कर लेता था। इधर एएसआई विजय कुमार दूबे के फर्द बयान पर मिर्जाचौकी थाना कांड संख्या 30/24 धारा 419/420/467/468/471/34 के तहत मामला दर्ज करते हुए बिक्की मुर्तजा खान उम्र (35) बर्ष पिता मुर्तजा खान साकिन माल मंडरो थाना ठाकुरगंगटी जिला गोड्डा एवं सुमन कुमार श्रीवास्तव उम्र (28) बर्ष पिता अखलेश श्रीवास्तव साकिन फौजदारी थाना पीरपैंती जिला भागलपुर निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## गिरफ्तार आरोपी के पास से बरामद सामग्री

कैनरा बैंक का एक एटीएम कार्ड, आईसीआईसी बैंक का दो एटीएम कार्ड, इंडसलैण्ड बैंक का दो एटीएम कार्ड, कोड़क बैंक का एक एटीएम कार्ड, फेडरल बैंक का एक एटीएम कार्ड, इंडियन बैंक का एक एटीएम कार्ड समेत बिक्की मुर्तजा खान का एक पैन कार्ड, बायोमेट्रिक डिवाइस, 33 पीस स्टाम्प पेड़, 7 पीस सीम कार्ड, टोयोटा कोरोला चार पहिया कार, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का तीन पीस सादा चेक, आईडीबीआई बैंक का तीन सादा चेक जप्त किया गया है। इस संबंध में एसडीपीओ ने जानकारी देते हुए बताया कि मामला साइबर ठगी से जुड़ा हुआ है जहां पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# इंडिया गंठबंधन के प्रत्याशी विजय हांसदा के आवासीय कार्यालय में हुई अहम बैठक

- इंडिया गठबंधन की बैठक में झारखंड प्रदेश के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम भी हुए शामिल



बरहरवाः राजमहल लोकसभा संसदीय सीट जीतने के लिए इंडिया गंठबंधन के प्रत्याशी और नेताओं ने देर शाम तक मंथन किया और रणनीति बनाई। जहां राजमहल लोकसभा से जेएमएम प्रत्याशी विजय कुमार हांसदा के बरहरवा स्थित आवासीय कार्यालय में आयोजित इंडिया गठबंधन की बैठक में झारखंड प्रदेश के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम भी शामिल हुए। इस दौरान गठबंधन के सभी दलों के नेता मौजूद रहे। उधर आयोजित बैठक में लोकसभा आम चुनाव जीतने के दावे किए गए। इस दौरान कई वरीय नेताओं ने भी कई सुझाव भी दिए जिस पर काम करने की बात कही गई। उधर राजमहल से जेएमएम प्रत्याशी विजय कुमार हांसदा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन इस बार भी राजमहल लोकसभा सीट पर जीत हासिल करने जा रही है। जहां झूठे वादे कर जिस तरह से लोगों को ठगा गया है उसके खिलाफ लोग वोट करेंगे। वही उन्होंने कहा कि अब राम के नाम पर वोट नहीं मिलेगा क्योंकि मुख्य मुद्दा बेरोजगारी और महंगाई है। आगे कहा कि महागठबंधन नेताओं की मौजूदगी बताती है कि हम पूरी ताकत और जोश के साथ चुनाव मैदान में खड़े हैं और हर वोट हमारे पक्ष में होगा। वही विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे आरोप पर उन्होंने कहा कि यही हमारी ताकत है क्योंकि मैं एक राजनीतिक परिवार से आता हूं और मैंने राजनीति को करीब से देखा हूं।

# सदर अस्पताल में भर्ती मरीजों को खून चढ़ाने के लिए नहीं मिल पा रहा बीटी सेट, बाहर मेडिकल से ऊंचे दामों पर बीटी सेट खरीदकर इलाज करा रहे परिजन

उज्जवल दुनिया संवाददाता

साहिबगंजः जिला मुख्यालय के सबसेबड़े सदर अस्पताल मेंइन दोनों लापरवाही का आलम रोजाना देखने को मिल रहा है जहां जिले के उपायुक्त हेमंत सती एवं उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा सदर अस्पताल की विधि व्यवस्था बदलने को लेकर लगातार एड़ी चोटी एक करने में लगे हुए हैं मगर यहां भर्ती



मरीजों को इसका समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है।

ताजा मामला शनिवार को उस वक्त देखने को मिला जब नगर थाना क्षेत्र के चौक बाजार निवासी एक व्यक्ति अपनी बूढ़ी मां को खून की कमी होने के बाद सदर अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक के द्वारा बूढ़ी महिला को खून चढ़ाने की सलाह दी गई।

उधर मरीज के परिजन ने किसी तरह से खून डोनेट करते हुए खून तो दे दिया मगर उस खून को चढ़ाने के लिए भर्ती मरीज के परिजन को बीटी सेट नही दिया गया। उधर भर्ती मरीज के परिजन ने सदर अस्पताल परिसर से बाहर मेडिकल स्टोर से ऊंचे दामों पर बीटी सेट खरीदकर अपनी मां को खून चढ़ाया। वही भर्ती मरीज की पहचान चौक बाजार निवासी जितनी देवी पति स्व. रामवतार के रूप में हुई है।


# रघुनाथपुर में एक हाईवा ने ट्रांसफार्मर को मारी टक्कर, ट्रांसफार्मर हुआ क्षतिग्रस्त



बरहेटः बीते रात्रि बरहेट बरहरवा मुख्य मार्ग स्थित रघुनाथपुर में सड़क किनारे लगी एक ट्रांसफार्मर को एक हाईवा द्वारा जोरदार टक्कर मारने के कारण ट्रांसफार्मर पूर्णरूप से क्षतिग्रस्त हो गया। वही गाड़ी बरहेट हाट का नो एंट्री खुलने के पश्चात शाम को बरहरवा की ओर जा रही थी जहां गाड़ी संख्या डब्ल्यू बी 57 ई 6592 है। उधर स्थानीय लोगों द्वारा विभाग तथा प्रशासन को सूचना दिया जिससे मौके पर प्रशासन पहुंच कर मामले को अपने स्तर पर लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है।

# इस तपती गर्मी में लोगों की जुबां पर चढ़ा गन्ने के रस का स्वाद

**विजय रविदास**



हिरणपुर(पाकुड़): बीते कई दिनों से जारी विषम गर्मी से आम जनजीवन पूरी तरह अस्तव्यस्त हो गया है। वही ठंडे पेय पदार्थो की बिक्री में भी काफी तेजी आ गई है। इस विषम गर्मी में गन्ने का रस लोगो का पसंदीदा पेय पदार्थ बना हुआ है। जो जितना दिल को लुभाता है, उतना ही सेहत के लिए भी फायदेमंद है। इस भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए लोग तरह-तरह के शीतल पेय का सहारा ले रहे हैं, ताकि गर्मी से तत्काल राहत मिल सके व सेहत भी ठीक रहे। पर गन्ने का रस लोगों की पहली पसंद बना हुआ है। जिले के हिरणपुर बाजार सहित ग्रामीण इलाकों में गन्ने के रस की ठेले की संख्या भी बढ़ गई है। खासकर इन दिनों बढ़ते तापमान की वजह से गन्ने की रस की बिक्री अधिक है। छोटे गिलास की कीमत 10 व बड़ा गिलास 20 रुपये तक बिक रहा है। गन्ने के स्वाद को और बेहतर बनाने के लिए दुकानदार इसमें नींबू, पुदीना, काला नमक, ग्लूकॉन डी आदि भी मिलाकर और स्वादिष्ट बनाने लगा है। ठेले में गन्ने की रस बेचने वालों ने बताया कि इस विषम गर्मी में लोग गन्ने की रस ही पसंद कर रहे है। जिसकारण बिक्री में भी काफी तेजी आई है।

# प्राण प्रतिष्ठा सह श्रीमद् भागवत कथा सप्त प्रायण विराट ज्ञान यज्ञ का पूणार्हुति के साथ आज होगा समापन

उज्जवल दुनिया संवाददाता

पाकुड़ः जिले के अमड़ापाड़ा अंतर्गत बासमती गांव के राधा गोविंद मंदिर में राधा गोविंद प्राण प्रतिष्ठा सह श्रीमद् भागवत कथा सप्त प्रायण विराट ज्ञान यज्ञ का पूणार्हुति के साथ रविवार को समापन होगा।

सात दिवसीय भागवत कथा और यज्ञ का शुभारंभ बीते शनिवार को कलश यात्रा के साथ किया गया था। इस कलश यात्रा में श्री वृंदावन धाम से आराध्या दीदी के द्वारा 7 दिन तक श्रीमद् भागवत कथा सुनाई गई एवं आचार्य डॉक्टर गोविंद मुरारी के द्वारा यज्ञ आपने राधा गोविंद मंदिर में भगवान श्री राधा कृष्ण की प्रतिमा पर संपन्न कराई गई। आचार्य डॉक्टर गोविंद मुरारी के द्वारा पूरा निष्ठा के साथ राधा गोविंद मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कराई गई एवं यज्ञ को भी पूरे विधि विधान के साथ शनिवार को संपन्न हुआ। इस महायज्ञ में या 11 जजमान के द्वारा यज्ञ को कराया गया यज्ञ के दौरान नगर वासियों ने यज्ञ की परिक्रमा भी की और अपने-अपने इष्ट देवता को भोग भी चढ़ाया। श्रीमद् भागवत कथा 21 अप्रैल से 27 अप्रैल तक संध्या 5:00 से 11:00 बजे रात्रि तक प्रतिदिन आराध्या दीदी के द्वारा भक्ति में माहौल में सुनाई जाती है कथा के दौरान नगर वासियों झूम झूम कर कथा का आनंद लेते हैं। इस दौरान रात्रि में भक्त जनों के लिए राधा गोविंद समिति के द्वारा भंडारा का भी व्यवस्था की जाती हैं। इस भंडारा में सैकड़ों महिला पुरुष,वृद्ध, बच्चे, युवा युवती शामिल होकर भंडारा का आनंद उठाते हैं। यह भंडारा प्रत्येक दिन दोपहर और संध्या को की जाती है। कथावाचक के द्वारा आज शनिवार को भगवान कृष्ण और उनके मित्र सुदामा का मिलन पर कथा सुनाई जाएगी। सचिव और अध्यक्ष ने बताया कि रविवार को यज्ञ और भागवत कथा का पूणार्हुति के साथ समापन किया जाएगा। जिसमें सैकड़ो महिला पुरुषों के द्वारा पूर्ण आई में शामिल हो सकते हैं।अध्यक्ष सुबोल पाल, सचिव शिवशंकर पंडित, कोषाध्यक्ष मुकेश पंडित साधन मुखर्जी, माधव आदि थे।

# बिना हेलमेट के 46 मोटरसाइकिल चालको पर लगाया जुमार्ना

उज्जवल दुनिया संवाददाता



हिरणपुर(पाकुड़): आसन्न चुनाव को देखते हुए उपयुक्त पाकुड़ और पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिला सड़क सुरक्षा प्रवर्तन एवं हिरणपुर पुलिस द्वारा वाहनों की जांच निरन्तर जा रही है। शनिवार को थाना प्रभारी नवीन कुमार और सड़क सुरक्षा प्रवर्तन के नेतृत्व में एएसआई शुभजित कुमार व पुलिसबल द्वारा थाना प्रांगण के सामने मुख्य पथ में सघन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें बिना हेलमेट के 46 और 3 बिना नंबर प्लेट के बाइक सवारों को 46750 रुपये का जुमार्ना लगाया गया। पुलिस की जांच प्रारम्भ होते ही बाइक सवारों में खलबली मच गई। पुलिस ने 59 बाइक की जांच किया। इसमे पुलिस ने बिना हेलमेट के बाइक को थाना प्रांगण में रख कर बाइक सवारों पर जुमार्ना लगाया गया। इस सम्बंध में थाना प्रभारी नवीन कुमार ने बताया कि वाहनों की जांच अभियान निरन्तर जारी रहेगी। बिना हेलमेट के बाइक चलाने पर कार्रवाई की जाएगी। वही वाहन से सम्बंधित कागजातों की भी जांच की जा रही है।

# दो अलग-अलग कांड फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया



पाकुड़ः दो अलग अलग कांड के फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल। थाना काण्ड संख्या 29/2024, धारा 147/148/149/341/323/307/504/ 506/ 34 भादवि एवं 3/4 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के प्रा अभि अंजामुल शेख, उम्र 25 वर्ष, पिता बनारूद्दीन शेख, ग्राम काकड़बोना जामतल्ला, थाना पाकुड़ (मु0), जिला पाकुड़ को गिरफ्तार कर थाना लाया गया है। ये पाकुड़ (मु0) थाना काण्ड संख्या 155/2023, दिनांक 22.07.2023, धारा 147/148/ 149/ 341/ 323/307/504/506 भा0द0वि0 एवं 3/4 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम में भी फरार चल रहे थे।

स्वामी वी. आई. इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक विद्या लक्ष्मी द्वारा शिव साई पब्लिकेशन प्रा. लि. , काठी टांड, नियर टेंडर बगीचा, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित एवं एसटी- 663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित , संपादकः मानवेंद्र कुमार सिंह (खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), प्रबंध निदेशक मानवेन्द्र कुमार सिंहः 8709022665, RNI No.-JHAHIN/ 2014/ 59794

# नैनीताल में सैन्य प्रतिष्ठान के पास तक पहुंची आग, हेलिकॉप्टर से पाया गया काबू

**नैनीताल, (एजेंसी)**। उत्तराखंड में वनाग्नि की घटनाएं अप्रैल माह में ही भयावह स्वरूप में नजर आ रही हैं। खासकर नैनीताल में जहां खास तौर पाइंस क्षेत्र के जंगलों में लगी आग ने शुक्रवार को एक पुराने घर को अपनी चपेट में ले लिया था और उच्च न्यायालय की आवासीय कॉलोनी के पास सड़क तक पहुंच गयी थी। इससे भारतीय सेना के लड़ियाकांठा पहाड़ी पर स्थित संवेदनशील क्षेत्र तक पहुंचने की आशंका भी पैदा हो गयी थी। इसके बाद यहां भारतीय सेना के हेलीकॉप्टर को आग बुझाने के कार्य में लगा दिया गया है।

शनिवार सुबह से सेना का एक एमआई-17 हेलीकॉप्टर भीमताल झील से करीब 5000 लीटर क्षमता की बतायी जाने वाली बॉम्बी बकेट से पानी लेकर करीब 20 चक्कर लगाकर यहां पानी की बौछारें छोड़ीं गयीं। तब जाकर आग पूरी तरह बुझी। एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि इसके बाद सेना, वन विभाग एवं जिला प्रशासन इस तरह आग बुझाने के प्रयोग की प्रभावशीलता का आंकलन कर रहे हैं। यहां आग बुझाने के बाद वन विभाग की जरूरत के आधार पर अन्य स्थानों पर भी हेलीकॉप्टर के उपयोग पर निर्णय लिया जाएगा।

**सैन्य क्षेत्र में आग बुझी–**

नैना रेंज के वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद तिवारी ने बताया कि हेलीकॉप्टर के 5 प्रयासों यानी 5 बार पानी



डालने के बाद लड़ियाकांठा स्थित सैन्य प्रतिष्ठान के आसपास के क्षेत्रों में लगी आग को बुझा लिया गया है। बताया जा रहा है इसके बाद हेलीकॉप्टर भवाली के सेनिटोनियम क्षेत्र में आग बुझाने में लगाया गया है। उधर भीमताल झील से हेलीकॉप्टर द्वारा पानी लिये जाने की वजह से झील में नौकायन सहित पर्यटन गतिविधियां रोक दी गयी हैं। बताया गया है कि शनिवार को अब तक नैनीताल जनपद में केवल 3 नई वनाग्नि की घटनाएं हल्द्वानी वन क्षेत्र के जौलासाल क्षेत्र के भरगोट के कंपार्टमेंट नंबर 20 व 21 और लबार के कंपार्टमेंट नंबर 37 में होने की बात सामने आयी है।

**पिछले पांच वर्षों में उत्तराखंड में वर्षवार हुई वनाग्नि की घटनाएं–**

वर्ष 2019 में उत्तराखंड में वनाग्नि की 2158 घटनाएं हुईं। इनमें कुल 2981.55 हेक्टेयर वन प्रभावित हुआ, 6 पशुओं की मौत हुई और 55.93 लाख रुपये की संपदा का नुकसान हुआ। वहीं 2020 में जंगलों में आग लगने की केवल 135 घटनाएं रिकॉर्ड हुईं और इनमें 172.69 हेक्टेयर वन भूमि पर आग लगी। इस दौरान 44.41 लाख रुपये की संपदा का नुकसान हुआ।

इसी तरह 2021 में 3943.89 हेक्टेयर वन भूमि में आग लगने की 2813 घटनाएं हुईं। इन घटनाओं में 29 पशुओं की मौत हुई और 1.06 करोड़ रुपये की वन संपदा का नुकसान हुआ। जबकि 2022 में 3425.05 हेक्टेयर वन भूमि पर वनाग्नि की 2186 घटनाएं हुईं और 89.26 लाख रुपये की संपदा वनाग्नि की भेंट चढ़ीं। जबकि 2023 में 933.55 हेक्टेयर वन भूमि पर वनाग्नि की 773 घटनाएं हुईं और इनमें 23.97 लाख रुपये की संपदा का नुकसान हुआ।

इस प्रकार साफ है कि प्रदेश में बीच में कई बार एक वर्ष छोड़कर वनाग्नि की अधिक घटनाएं होती हैं। ऐसा संभवतया इसलिये कि दो वर्षों में जंगलों में पत्तों की काफी ज्वलनशील सामग्री एकत्र हो जाती होगी। इसके लिये वर्ष में पड़ने वाली गर्मी या होने वाली बारिश व हवाओं के तेज या धीरे चलने जैसे कारण भी वनाग्नि की घटनाओं को प्रभावित करते हैं। इससे पहले 2020 व 2023 में वनाग्नि की कम घटनाएं हुई थीं जबकि 2019, 2021 व 2022 में अधिक घटनाएं हुईं। ऐसे में इस वर्ष वनाग्नि की अधिक घटनाएं हो सकती हैं। 2021 में भी नैनीताल में वनों की आग बुझाने के लिये सेना के हेलीकॉप्टरों की मदद लेनी पड़ी थी।

## उत्तराखंड : पर्यटकों को भा रही गरतांग गली, तीन हफ्ते में मिला चार लाख तीस हजार का राजस्व



**उत्तरकाशी, (एजेंसी)**। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले का गंगोत्री नेशनल पार्क समुद्र तल से 11 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित है। इस पार्क की गरतांग गली इन दिनों पयर्टकों से गुलजार है। यह गली गंगोत्री नेशनल पार्क के लिए कमाई का जरिया भी बन गई है। बीते 23 दिनों में 2099 पयर्टकों ने इस गरतांग गली के दीदार किए। इससे पार्क प्रशासन को चार लाख तीस हजार रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है।

उक्त जानकारी देते हुए गंगोत्री नेशनल पार्क के उपनिदेशक रंगनाथ पांडेय ने बताया कि इस बार पार्क के गेट पर्यटकों के लिए एक अप्रैल को खोल दिए गए थे। हालांकि, गोमुख तपोवन ट्रैक क्षतिग्रस्त होने, मार्ग में बड़े-बड़े हिमखंड होने और खराब मौसम के चलते फिलहाल इस ट्रैक पर पर्यटकों व पर्वतारोहियों की आवाजाही शुरू नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि 23 अप्रैल तक कुल 2099 पर्यटकों ने यहां के दीदार किए। इन में 17 विदेशी भी शामिल हैं।

गौरतलब है कि भारत-चीन सीमा के निकट स्थित गरतांग गली लगभग 150 साल पुरानी है। यह गली भारत-तिब्बत के बीच व्यापारिक रिश्तों की गवाह है। खड़ी चट्टान को काटकर तैयार की गई यह गली एक प्रकार से लड़की का पुल है। 1962 के भारत-चीन युद्ध बाद इसे बंद कर दिया गया था। वर्ष 2021 में ही 64 लाख रुपये की लागत से इसका जीर्णोद्धार कर इसे खोला गया था। रोमांचक पर्यटन के शौकीनों के लिए ये पसंदीदा स्थल है।

करीब 2390 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला गंगोत्री नेशनल पार्क दुर्लभ वन्य जीवों स्नो लेपर्ड, भरल, काला भालू ,भूरा भालू , हिमालय थार, कस्तूरी मृग आदि दुर्लभ वन्यजीव भी निवास करते हैं।

गंगोत्री नेशनल पार्क का ताला खुलने से अब पर्यटक भारत तिब्बत के बीच व्यापारिक रिश्तों की गवाह गरतांग गली में जा सकेंगे। भैरवघाटी के समीप खड़ी चट्टान को काटकर तैयार यह रास्ता स्काई वॉक जैसा अनुभव प्रदान करता है।

## कोरबा: निहारिका के समीप गुमटी में मिली महिला की लाश, पुलिस जांच में जुटी

**कोरबा,(एजेंसी)**। निहारिका के समीप गुमटी में एक महिला की लाश फांसी के फंदे पर मिली है ।मृतका अपने पति और परिजनों के साथ थोड़ी ही दूर स्थित अस्पताल में ठहरी थी, जहां उसका दस दिन का बेटा भर्ती है। पुलिस मौके पर पहुंच वैधानिक कारवाई में जुट गई है। मामला शनिवार की तड़के सामने आया। प्रतिदिन की तरह लोग सैर -सपाटे पर निकले हुए थे ।इसी दौरान उनकी नजर निहारिका के बाजू में स्थित गुमटी में चलने वाली बिरयानी सेंटर पर पड़ी ।यहां एक महिला की लाश फांसी के फंदे पर लटक रही थी। यह खबर मिलते ही लोग एकत्रित हो गए।

सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाने में तैनात एएसआई दुर्गेश राठौर भी मौके पर जा पहुंचे।



घटनास्थल से थोड़ी ही दूर एक परिवार बैठा हुआ था। जिनसे बात करने पर महिला की पहचान उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम भैंसामुड़ा निवासी प्रियंका बिंझवार के रूप में हुई। मौके पर मौजूद उसके पति अनुज कुमार बिंझवार ने बताया कि उसकी शादी प्रियंका से करीब 4 साल पहले हुई थी। पहले संतान की मौत के बाद दूसरी बार 16 अप्रैल को प्रियंका का प्रसव हुआ था। उसके 10 दिन के बच्चे की तबीयत बीते कुछ दिनों से ठीक नहीं थी। उन्होंने दो दिन पहले ही अपने बच्चे को शिशु रोग विशेषज्ञ के निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया है। जिसका उपचार चल रहा है। प्रियंका देर रात बच्चे को दूध पिलाने के नाम पर वार्ड से निकली थी। इसके बाद नहीं लौटी। वे काफी देर तक इंतजार करने के बाद प्रियंका की तलाश में निकले। इसी दौरान रात करीब 3 बजे उसे फांसी के फंदे पर लटकी प्रियंका की लाश दिखी। जिसकी जानकारी उसने कोरबा में ही रोजी मजदूरी करने वाले मृतिका के भाई को दी है।

## प्रदेश के 38 विधायक गैरसैंण विरोधी, आप नेता रविंद्र ने फोड़ा लेटर बम

**देहरादून, (एजेंसी)**। आम आदमी पार्टी नेता एवं मंडी समिति देहरादून के पूर्व अध्यक्ष रविंद्र सिंह आनंद ने प्रदेश के 38 विधायक गैरसैंण विरोधी हैं।

पूर्व अध्यक्ष रविंद्र सिंह आनंद ने शनिवार को प्रेस क्लब में एक लेटर बम फोड़ा। उन्होंने कहा कि 26 फरवरी 2024 को देहरादून में हुए विधानसभा सत्र जो गैरसैंण में प्रस्तावित था। इसको गैरसेंण में न कराए जाने के लिए 38 विधायकों का समर्थन था। इसमें कांग्रेस, निर्दली और भाजपा के विधायक भी शामिल थे। रविंद्र के अनुसार 14 विधायकों के नाम इस सूची से छिपाए जा रहे हैं। उनका मानना है कि इन नामों में वरिष्ठ मंत्री और मुख्यमंत्री भी हो सकते हैं। जिन 24 नामों का उन्होंने खुलासा किया है, उनमें कांग्रेस के सुमित हृदयेश, तिलकराज बेहड़, निर्दलीय उमेश कुमार का नाम भी शामिल हैं। इसी कड़ी में भोपाल राम टम्टा, अरविंद पांडे, बिशन सिंह चुफाल, प्रदीप बत्रा, सविता कपूर, दिलीप रावत, सरदार त्रिलोक सिंह, उमेश शर्मा काऊ जैसे नाम भी शामिल है जो गैरसैंण में सत्र के पक्ष में नहीं थे।

आप नेता रविंद्र के अनुसार 26 फरवरी 2024 को विधानसभा देहरादून के बाहर किए गए प्रदर्शन के उपरांत उन्होंने गैरसैंण में सत्र न कराए जाने वाले विधायकों और माननीयों के नाम के खुलासे के लिए विधानसभा कार्यालय में आरटीआई लगाकर जानकारी मांगी, लेकिन प्रथम आरटीआई में जानकारी न देते हुए तथ्यों को छुपाने का प्रयास किया गया। उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय सचिवालय में आरटीआई लगाकर उक्त नामों को सार्वजनिक किए जाने को लेकर एक पत्र प्रेषित किया है

## कोरबा जिले में होम वोटिंग 27 व 28 अप्रैल को

**कोरबा,(एजेंसी)**। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के मार्गदर्शन तथा अपर कलेक्टर दिनेश नाग के निर्देशन में आज (शनिवार) लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत जिले में दिव्यांग मतदाताओं और 85 साल से ऊपर के मतदाताओं के होम वोटिंग हेतु गठित मतदान अधिकारियों का दल रवाना हुआ। इस दौरान, सहायक आयुक्त श्रीकांत कसेर,एसडीएम कोरबा श्रीकांत वर्मा, डिप्टी कलेक्टर गौतम सिंह, डीपीएसओ मोहन कंवर आदि उपस्थित थे।

अपर कलेक्टर श्री नाग ने बताया कि होम वोटिंग हेतु प्रारूप 12 (घ) में आवेदन करने वाले अनुपस्थित श्रेणी के अंतर्गत कोरबा जिले में कुल 127 मतदाताओं के आवेदन प्राप्त हुए है। जिनके मतदान कराने के लिए कुल 14 मतदान दलों की नियुक्ति की गई है एवं 3 दल रिजर्व रखे



गए है। उन्होंने बताया कि जिले में होम वोटिंग की प्रकिया 27 व 28 अप्रैल को की जाएगी। जिसके अंतर्गत 27 अप्रैल को विधानसभा कोरबा एवं रामपुर में मतदान अधिकारियों द्वारा होम वोटिंग कराई जाएगी एवं 28 अप्रैल को विधानसभा कटघोरा एवं पाली तानाखार में अनुपस्थित श्रेणी के मतदाताओं को होम वोटिंग कराई जाएगी।

एसडीएम श्री वर्मा ने उपस्थित सभी मतदान अधिकारियों को विभिन्न प्रपत्रों की उपयोगिता समझाकर होम वोटिंग प्रक्रिया की पूरी जानकारी देते हुए कुशलतापूर्वक मतदान संपन्न कराने की बात कही। उन्होंने बताया कि मतदान दल, चिन्हांकित मतदाताओं के घर जाकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराएंगे। मतदाता का परिचय पत्र एपिक कार्ड या अन्य वैकल्पिक दस्तावेज के द्वारा पहचान सुनिश्चित कर मतदाता को मतदान प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी जाएगी। मतदाता अपने पसंद के अभ्यर्थी के सामने निशान लगाकर मतदान करेगा।

आज से जिले में प्रारंभ हो रही होम वोटिंग-विधानसभा कोरबा एवं रामपुर में 27 अप्रैल 2024 को होम वोटिंग कार्य 9 टीम द्वारा पूर्ण किया जाएगा। जिसमें कोरबा हेतु 4 दल एवं रामपुर हेतु 5 दल का गठन किया गया है। प्रत्येक दल में एक-एक पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 1, माइक्रो ऑब्जर्वर, पुलिसकर्मी एवं वीडियोग्राफर होंगे। कोरबा एवं रामपुर विधानसभाओं हेतु मतदान दलों को आज सुबह जिला कार्यालय से मतदान सामग्री वितरण कर होम वोटिंग हेतु रवाना किया गया।

## धर्मांतरित ईसाई समुदाय के युवक की मौत के बाद, गांव में नही दिया गया शव दफनाने

**जगदलपुर,(एजेंसी)**। जिले के कोड़ेनार थाना क्षेत्र के छिंदबहार गांव में धर्मांतरित ईसाई समुदाय के एक युवक की मौत के बाद शव दफनाने को लेकर गांव में विवाद हो गया है। गांव में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए शव को जगदलपुर के मेडिकल कॉलेज के मचुर्री में रखा गया है। गांव वालों का कहना है कि जब तक धर्मांतरित मृतक के परिजन मूल धर्म में नहीं लौटेंगे तब तक शव दफनाने गांव में जमीन नहीं दी जाएगी। धर्मांतरित मृतक के शव दफनाने को लेकर यह बस्तर का कोई पहला मामला नहीं है। समय-समय पर इससे पहले भी इस तरह के मामले आते रहते हैं। बस्तर संभाग में धर्मांतरण का मामला अब संवेदनशील हो चुका है। विदित हो कि बस्तर संभाग के



ग्राम पचायतों में धर्मांतरितों के परिजनों के मृत्यु पर जब तक धर्मांतरित परिवार के मूल धर्म में वापसी नही करता है तो गांव में अंतिम संस्कार करने के लिए तब तक अनुमति नही देने का प्रस्ताव ग्राम सभा में पारित कर नियम बना दिया गया है।

बस्तर जिले के कोड़ेनार थाना क्षेत्र के छिंदबहार गांव के निवासी युवक ईश्वर की दो दिन पहले अचानक तबियत बिगड़ने से परिजन मेडिकल कॉलेज लेकर गए। जहां इलाज के दौरान उसकी आज शनिवार को मौत हो गई। फिर परिजन शव लेकर गांव जा रहे थे। इसी बीच उन्हें खबर मिली की गांव में शव दफनाने नहीं दिया जाएगा, इसे लेकर गांव में विवाद चल रहा है। जिसके बाद परिजन शव लेकर फिर से मेडिकल कॉलेज आ गए, जहां मचुर्री में शव रखा गया है। वहीं गांव में विवाद और तनाव की स्थिति देखते हुए पुलिस फोर्स भी मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों को समझाइश दी जा रही है, विवाद को शांत करवाने की कोशिश की जा रही है। लेकिन गांव वालों की सिर्फ एक ही मांग है कि मृतक ईश्वर का परिवार पहले मूलधर्म में लौटे, फिर शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## नक्सलियों ने पूर्व जनपद सदस्य की परिजनों के सामने हत्या कर दी

**दंतेवाड़ा, (एजेंसी)**। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पोटाली में सीएएफ कैंप से करीब 500 मीटर की दूरी पर नक्सलियों ने कांग्रेस नेता और पूर्व जनपद सदस्य जोगा पोड़ियामी की धारदार हथियार से परिजनों के सामने हत्या कर दी है। विदित हो कि इससे पूर्व मुखबिरी के शक में जोगा के पुत्र हरीश पोड़ियामी को नक्सलियों ने जनदालत में माता-पिता के सामने ही हत्या कर दी गई थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जोगा पोड़ियामी अपने गांव पोटाली में अपने घर में परिवार के साथ थे ।इसी दौरान शुक्रवार देर रात सादे कपड़ों में लगभग 10 नक्सली इनके घर पंहुचकर जोगा को जबरन उठाकर घर से बाहर लाए और परिवार वालों के सामने ही धारदार हथियार से हमला कर हत्या की वारदात को अंजाम दिया। वारदात के बाद नक्सली जंगल की तरफ फरार हो गए।

विदित हो कि नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी के शक में जोगा के पुत्र हरीश पोड़ियामी की छह वर्ष पूर्व नक्सलियों ने जनदालत लगाकर माता-पिता के सामने हत्या दिया था। अब पिता जोगा पोडियामी की हत्या कर दी गई। यह भी विदित हो कि वर्तमान में मृतक जोगा पोड़ियामी की पत्नी जनपद सदस्य है। मृतक जोगा पोड़ियामी को नक्सलियों ने वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव के समय भाजपा नेता नंदलाल मुडामी पर हमला किया था, उसी समय इन्हें भी चेतावनी दी गई थी।

दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय ने बताया कि हमें रात में इसकी सूचना मिली थी कि पूर्व जनपद सदस्य की हत्या की गई है। रात में ही जवानों को मौके के लिए रवाना किया गया था।

## संक्षिप्त खबरें

### सोमवार को दर्री, सर्वमंगला व बांकीमोंगरा क्षेत्र के 25 वार्डो में नहीं हो सकेगी जल आपूर्ति

**कोरबा (एजेंसी)**। नगर निगम कोरबा द्वारा क्लीयर वाटर पम्पिंग मेन लाईन में हुए लिकेज की मरम्मत किए जाने के परिणाम स्वरूप 29 अप्रैल सोमवार को एक दिन के लिए दर्री सर्वमंगला व बांकीमोंगरा क्षेत्र के 25 वार्डो में जलापूर्ति नहीं की जा सकेगी। निगम द्वारा उक्त क्षेत्र के नागरिकबंधुओं से अनुरोध किया गया है कि वे अपने घरों में पानी का उचित भण्डारण कर लेवे ताकि असुविधा से बचा जा सके।

यहॉ उल्लेखनीय है कि अमृत मिशन अंतर्गत जल उपचार संयंत्र से पटेलनगर जमनीपाली एम.बी.आर. की ओर जाने वाली 700 एम.एम.व्यास की बिछाई गई क्लीयर वाटर पम्पिंग मेन लाईन में भवानी मंदिर मोड़ के पास लिकेज हो गया है, उक्त लिकेज का मरम्मत कराया जाना अनिवार्य है, जिसके मद्देनजर दर्री, सर्वमंगला एवं बांकीमोंगरा जोन के 25 वार्डो में 29 अप्रैल सोमवार को जल की आपूर्ति बाधित रहेगी तथा उक्त क्षेत्रों में पानी की सप्लाई नहीं की जा सकेगी, चूंकि वर्तमान में ग्रीष्म ऋतु चल रही है, पानी की आवश्यकता ज्यादा रहती है अतः निगम द्वारा उक्त क्षेत्र के नागरिकबंधुओं से अपील की गई है कि वे घरों में पर्याप्त रूप से पानी का भण्डारण कर ले ताकि सोमवार को जलापूर्ति बाधित होने से असुविधा का सामना न करना पडे ।

### सीबीआई जांच के निर्णय से लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में भ्रष्टाचार का होगा खुलासा - ओपी चौधरी

**रायगढ़ ,(एजेंसी)** ।वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने भर्ती परीक्षा मे सीबीआई जांच के निर्णय को मोदी सरकार द्वारा नोटी फाइड किए जाने के निर्णय की सराहना की है ।सीबीआई जांच के निर्णय से लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में भ्रष्टाचार का होगा खुलासा होगा।

सोशल मंच में शुक्रवार को साझा किए गए संदेश में चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल ने कांग्रेस की सरकार रहते छत्तीसगढ़ के युवा भाइयों-बहनों के लिए जो नौकरियां निकाली, उनकी भर्ती के लिए मंडियां सजाकर बोली लगाई गई ।भर्ती परीक्षाओं में घोटाले की जांच हेतु भाजपा ने सड़क में उतर कर लड़ाई लड़ी। सरकार आने पर सीबीआई जांच की मांग के साथ प्रदेश भर के युवा भाई बहन भाजपा के साथ उठ खड़े हुए। भाजपा की सरकार आते ही विष्णु देव साय सरकार ने परीक्षाओं में हुए घोटाले की जांच हेतु सीबीआई जांच के आदेश देते हुए भाजपा ने अपना वादा पूरा किया।

मंत्री श्री चौधरी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा केंद्र की मोदी सरकार ने सीबीआई जांच के इस निर्णय को नोटिफाई कर दिया। विधायक रायगढ़ ओपी ने भरोसा जताते हुए कहा इस निर्णय से दूध का दूध और पानी का पानी होगा ।साथ ही छत्तीसगढ़ के युवा भाईयो बहनों के हक के लिए लड़ी गई लड़ाई से अब उन्हें न्याय मिल सकेगा।

### चारधाम यात्रा : ट्रांजिट कैंप और आईएसबीटी परिसर का नगर आयुक्त और एसडीएम ने किया निरीक्षण

**ऋषिकेश(एजेंसी)**। चारधाम यात्रा 2024 के दृष्टिगत नगर आयुक्त नगर निगम, ऋषिकेश शैलेंद्र सिंह नेगी और उपजिलाधिकारी, ऋषिकेश कुमकुम जोशी ने संयुक्त रूप से ट्रांजिट कैंप और आईएसबीटी परिसर का निरीक्षण किया।

दोनों अधिकारियों ने शनिवार को निरीक्षण के दौरान शौचालय, पार्किंग, पेयजल, अतिक्रमण, रेन बसेरा आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण में सुलभ इंटरनेशनल द्वारा संचालित शौचालयों का भी निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही आईएसबीटी स्थित रैन बसेरा की व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की निर्देश दिए गए। आईएसबीटी और ट्रांजिट कैंप में चार धाम यात्रियों की सुविधा के लिए नगर निगम ऋषिकेश की ओर से मोबाइल टॉयलेट की सुविधा उपलब्ध कराने और नगर में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान चार धाम यात्रा मार्ग में अवैध अतिक्रमण को चिह्नित करने और हटाने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान तरुण लखेड़ा अवर अभियंता, अभिषेक मल्होत्रा सफाई निरीक्षक, शोभाराम जोशी लेखपाल आदि उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री धामी ने खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन, देश-प्रदेश का नाम रोशन करने का आह्वान

**देहरादून,(एजेंसी)**। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को परेड ग्राउंड के बहुउद्देशीय हॉल में रोल बाल फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित 16वीं सब जूनियर (अंडर-14) ब्वायज एंड गर्ल्स नेशनल रोल बाल चैंपियनशिप में प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड और हिमाचल के बीच आयोजित मैच का आनंद लिया। इससे पहले सभी खिलाड़ियों का परिचय लिया और खेल के क्षेत्र में देश-प्रदेश का नाम रौशन करने का आह्वान किया।

**देशभर की 28 टीमें ले रहीं भाग–**

उल्लेखनीय है कि 25 से 28 अप्रैल तक आयोजित राष्ट्रीय स्तर की इस सब जूनियर (अंडर-14) ब्वायज एंड गर्ल्स नेशनल रोल बाल चैंपियनशिप में देशभर की 28 टीमें भाग ले रही हैं। इस अवसर पर नेशनल रोल बाल चैंपियनशिप के प्रेसिडेंट पंकज भारद्वाज, सेकेट्री चिरतानजी नेगी, अमित भाटिया, आशीष नेगी, डॉ. वरुण प्रताप सिंह, प्रियांक शर्मा, प्रमोद कुमार आदि खेल प्रेमी थे।

### अचानक बदला मौसम का मिजाज, बौछार से भीगा देहरादून

**देहरादून, (एजेंसी)**। इन दिनों सूरज के तल्ख तेवर से धूप की तपिश झेल रहे देहरादून को शनिवार को बारिश की बौछारें भीगा गईं। सुबह अचानक मौसम का मिजाज बदला और राजधानी देहरादून सहित कई इलाकों में झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश थमने के बाद



लगातार बादलों के बीच लुका-छिपी जारी है। कई दिनों से सता रही गर्मी से बारिश ने लोगों को राहत पहुंचाई। मौसम विभाग ने पहले ही पर्वतीय इलाकों में बारिश की चेतावनी दी थी।

मौसम विज्ञान केंद्र निदेशक बिक्रम सिंह ने पर्वतीय इलाकों में तेज गर्जन के साथ हल्की बारिश और झोंकेदार हवाएं चलने के आसार बताए थे। पर्वतीय जिलों के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश और 30-40 किलोमीटर की रफ्तार से झोंकेदार हवा चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। शनिवार को सुबह आसमान में गर्जन के साथ रिमझिम बारिश शुरू हुई। मौसम के बदलते मिजाज से लोगों को गर्मी से राहत महसूस हुई। वहीं गर्मी अप्रैल महीने के आखिरी सप्ताह में अपने तेवर दिखाने लगी थी। शनिवार दोपहर देहरादून में अधिकतम तापमान 34 तो न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिक की मानें तो अप्रैल के आखिरी दिनों में तापमान में सामान्य से चार से पांच डिग्री तक की बढ़ोत्तरी देखी जा सकती है।

**नौकरीपेशा वालों को हुई परेशानी, दफ्तर पहुंचने में हुई देर–**

सुबह बारिश होने से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं नौकरीपेशा वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश की वजह से कार्यालय समय से नहीं पहुंच पाए। बारिश थमने पर जब दफ्तर के लिए घर से निकले तो सड़क पर जाम से जूझना पड़ा। कुल मिलाकर नौकरीपेशा वालों को कुछ परेशानी जरूर हुई, लेकिन बढ़ती गर्मी से काफी राहत मिली।